भोपाल
रविवार, 14 दिसंबर 2025
पौष मास कृष्ण पक्ष-10
वर्ष : 12, अंक : 254
पृष्ठ : 16 मूल्य : 4.00 **

**मौसम**
अधि. 26
न्यून. 12

# हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

**विक्रमादित्य द्वार निर्माण के भूमिपूजन समारोह में सीएम ने कहा-मृत्यु भोज व शादी में पैसा फालतू खर्च न करें**

## सीएम का ऐलान फंदा का नाम अब हरिहर नगर होगा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शनिवार को क्षेत्रीय मांग पर ग्राम फंदा का नाम बदलकर हरिहर नगर करने की घोषणा की। वे प्रदेश के विकास और सेवा के दो वर्ष पूरे होने पर भोपाल-सीहोर मार्ग पर हुजूर विधानसभा क्षेत्र के फंदा स्थित महाराणा प्रताप शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री का लाड़ली बहनों एवं विभिन्न योजना के हितग्राहियों ने स्वागत किया। उल्लेखनीय है कि इस्लाम नगर का जगदीशपुर, हबीबगंज रेलवे ▶▶ शेष पेज 6 पर ▶▶ पढ़ें पेज 05 भी

■ दिखावे से बचें और संकल्प लें कि पैसा बच्चों को पढ़ाने लिखाने में खर्च करेंगे

आईएएस अवार्ड पाने के लिए फर्जी दस्तावेज लगाए थे, हाल में विवादित बयान भी दिए थे

# राज्य सरकार संतोष वर्मा से वापस ले सकती है आईएएस अवार्ड...डीओपीटी को लिखा पत्र

### मंत्रालय सेवा अधिकारी कर्मचारी संघ ने 10 दिन के लिए आंदोलन वापस लिया

### अजाक्स ने वर्मा के खिलाफ कार्रवाई होने पर प्रदेश व्यापी आंदोलन की चेतावनी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

फर्जी दस्तावेजों के जरिए राज्य प्रशासनिक सेवा (एसएएस) से आईएएस बने संतोष वर्मा (अजाक्स अध्यक्ष) से आईएएस अवार्ड वापस लेने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। राज्य शासन ने विभागीय जांच के लिए फर्जी दस्तावेज लगाने को काफी गंभीरता से लिया है। सामान्य प्रशासन विभाग (कार्मिक) ने केंद्रीय कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) को पत्र लिखकर आईएएस अवार्ड वापस लेने को कहा है। मप्र सरकार के पत्र पर जल्दी ही निर्णय लिए जाने के आसार हैं। मंत्रालय में उप सचिव कृषि के पद पर पदस्थ आईएएस वर्मा पिछले दिनों ▶▶ शेष पेज 6 पर



संतोष वर्मा



**जज के फर्जी दस्तखत कर दस्तावेज जमा कराया था**

पिछले वर्ष ही आईएएस अवार्ड के लिए वर्मा ने विभागीय जांच समाप्त करने के लिए संबंधित जज के फर्जी दस्तखत कर दस्तावेज जमा कराया था। इस आधार पर उनकी विभागीय जांच समाप्त कर उनको आईएएस अवार्ड के लिए नामित किया गया था। किंतु बाद में कोर्ट ने दस्तावेज को फर्जी साइन के आधार पर बनाने पर एक्शन लिया था। उनके खिलाफ विभागीय जांच फिर से शुरू की जाएगी। मंत्रालय सेवा अधिकारी कर्मचारी संघ के अध्यक्ष सुधीर नायक ने अपने आंदोलन को सफल बताते हुए प्रसन्नता जाहिर की थी। इसके बाद संघ ने 10 दिनों के लिए अपना आंदोलन वापस ले लिया। उधर, अजाक्स ने वर्मा के खिलाफ कार्रवाई होने की स्थिति में प्रदेश व्यापी आंदोलन की चेतावनी दी है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

**खबर संक्षेप**

### विदेशी मुद्रा भंडार 1.03 अरब डॉलर बढ़ा



**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 5 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में 1.03 अरब डॉलर बढ़कर 687.26 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इस दौरान सोने का भंडार भी 1.188 अरब डॉलर बढ़कर 106.984 अरब डॉलर हो गया। एसडीआर में भी 93 मिलियन डॉलर की बढ़ोतरी दर्ज की गई।

### मासूम को लगेगा 9 करोड़ का इंजेक्शन



**इंदौर।** इंदौर की एक मासूम बच्ची ऐसी बीमारी से पीड़ित है, जिसके इलाज का इंजेक्शन ही 9 करोड़ रुपए का आ रहा है। ये इंजेक्शन भी अमेरिका से आएगा। इसके लिए परिवार के लोग पैसा जमा करने के लिए हर संभव कोशिश कर रहे हैं। जगह-जगह पोस्टर लगा रहे हैं, ताकि उनकी मदद कर सके और उनकी बच्ची का इलाज हो सके।

### बिना टिकट आरक्षक ने टीटीई को पीटा



**नर्मदापुरम।** बिना टिकट यात्रा कर रहे एक आरक्षक ने डिप्टी टीटीई को पीट पीटकर लहुलुहान कर दिया। बलिया से मुंबई जा रही 11072 कामायनी एक्सप्रेस के स्लीपर कोच में विवाद मारपीट तक पहुंच गया। घायल डिप्टी टीटीई और आरक्षक को नर्मदापुरम स्टेशन पर उतारकर टीटीई को अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनके चेहरे पर चोटें आईं।

**केरल निकाय चुनाव: तिरुवनंतपुरम में भाजपा की ऐतिहासिक जीत, पीएम बोले-यह वाटरशेड मोमेंट**

# केरल में खिला 'कमल'

### चार दशक पुराना वाम लोकतांत्रिक मोर्चा का किला ढहा

**तिरुवनंतपुरम नगर निगम के 101 वार्ड में से भाजपा को 50 वार्ड में बंपर जीत**

**एलडीएफ को 29 और यूडीएफ को 19 वार्ड में जीत मिली**

*तिरुवनंतपुरम न सिर्फ केरल की प्रशासनिक राजधानी है, बल्कि राजनीतिक दृष्टि से भी बेहद अहम क्षेत्र माना जाता है। इसी लोकसभा सीट से कांग्रेस के दिग्गज नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री शशि थरूर लगातार चार बार सांसद चुने जा चुके हैं।*



एजेंसी ▶▶ तिरुवनंतपुरम/नई दिल्ली

केरल की राजनीति में बड़ा राजनीतिक भूचाल देखने को मिला है। स्थानीय निकाय चुनावों के नतीजों में भारतीय जनता पार्टी ने तिरुवनंतपुरम नगर निगम में ऐतिहासिक जीत दर्ज करते हुए वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) से सत्ता छीन ली है। यह वही निगम है, जिस पर एलडीएफ पिछले चार दशकों से अधिक समय तक लगातार काबिज रहा था। तिरुवनंतपुरम नगर निगम के 101 वार्ड में से भाजपा को 50 वॉर्ड में बंपर जीत हासिल हुई है। भाजपा निगम में निर्णायक बहुमत से महज एक सीट पीछे है। 45 साल से इस नगर निगम में काबिज एलडीएफ को 29 और यूडीएफ को 19 वॉर्ड में जीत मिली है। दो वार्डों में निर्दलीय उम्मीदवारों ने जीत दर्ज की है।

**भाजपा ने कांग्रेस सांसद शशि थरूर के गढ़ में सेंध मार दी**



जीत पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने खुशी जताई

*भाजपा की जीत ने राज्य की राजनीति में नए समीकरणों को जन्म दिया*

राजधानी में यह सत्ता परिवर्तन वाम मोर्चे के लिए बड़ा राजनीतिक झटका माना जा रहा है। साथ ही, इसे केरल में भाजपा के लिए भविष्य की राजनीति का मजबूत आधार माना जा रहा है। तिरुवनंतपुरम न सिर्फ केरल की प्रशासनिक राजधानी है, बल्कि राजनीतिक दृष्टि से भी बेहद अहम क्षेत्र माना जाता है। इसी लोकसभा सीट से कांग्रेस के दिग्गज नेता और पूर्व ▶▶ शेष पेज 6 पर

**पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा**

### थैक्यू तिरुवनंतपुरम



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शहर की जनता और पार्टी कार्यकर्ताओं को बधाई दी। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा-थैक्यू तिरुवनंतपुरम। पीएम मोदी ने इस जनादेश को केरल की राजनीति में एक वाटरशेड मोमेंट करार देते ▶▶ शेष पेज 6 पर

**14 जिलों में दो चरणों में निकाय चुनाव के लिए हुआ था मतदान**

केरल के 14 जिलों में दो चरणों में निकाय चुनाव के लिए मतदान हुआ था। पहले चरण में तिरुवनंतपुरम समेत छह जिलों में मतदान हुआ था। अन्य जिलों में कोल्लम, पथानमथिट्टा, अलप्पुझा, कोट्टयम, इडुक्की और एर्नाकुलम शामिल थे। इसमें कुल मतदान प्रतिशत 70.90 रहा। सबसे अधिक मतदान एर्नाकुलम जिले में 73.96 फीसदी हुआ। वहीं सबस कम मतदान पथानमथिट्टा जिले में 66.35 फीसदी हुआ। वहीं, दूसरे और अंतिम चरण में सात अन्य जिलों त्रिशूर, पलक्कड़, कोझिकोड, मलप्पुरम, कन्नूर, वायनाड और कासरगोड में 11 दिसंबर को मतदान हुआ था। दूसरे चरण में 1.53 करोड़ से अधिक मतदाताओं 604 स्थानीय निकायों के 12,931 प्रतिनिधियों के लिए मतदान किया। इनमें ग्राम पंचायत, जिला पंचायत, नगरपालिका और नगर निगम शामिल हैं। इस चरण में कुल 38,994 उम्मीदवार चुनावी मैदान में थे। दूसरे चरण के मतदान के लिए 18,274 मतदान केंद्र बनाए गए थे। इनमें से 2,055 केंद्रों को संवेदनशील घोषित किया गया था।

इंटेलीजेंस से मिला इनपुट, वे आईएसआई के निशाने पर

## कृषि मंत्री शिवराज सिंह की सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई

▶▶ पहले से ही जेड प्लस सुरक्षा घेरा

▶▶ अब थाना पुलिस कर रही फॉलो



सुरक्षा घेरे में मामा का घर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इंटेलीजेंस से मिले इनपुट के बाद केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की सुरक्षा व्यवस्था में इजाफा किया गया है। वैसे, केंद्रीय मंत्री को जेड प्लस पहले से ही सुरक्षा मिली हुई है। इंटेलीजेंस से मिले इनपुट के बाद उनके भोपाल स्थित बंगले (मामा के घर) बैरिकेडिंग लगाकर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई। उनके बंगले पर पांच पुलिसकर्मी बैरिकेडिंग लगाकर आसपास नजर रखे हुए हैं। इसके अलावा टीटी नगर और हबीबगंज पुलिस भी ▶▶ शेष पेज 6 पर

**सीसीटीवी में कैद हुए नकाबपोश 3 बदमाश**

## बरखेड़ा में एटीएम उखाड़ा... उसे नहीं ले जा पाए तो सड़क पर पटका




» सफेद रंग की कार से आए थे बदमाश

» घटना शनिवार तड़के तीन बजे के आसपास की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गोविंदपुरा थाना क्षेत्र स्थित बरखेड़ा पठानी में 3 नकाबपोश बदमाशों ने एसबीआई का एटीएम उखाड़ डाला। एटीएम उखाड़ने के बाद आरोपी उसे उठाकर सड़क पर खड़ी कार तक ले जाने का प्रयास कर रहे थे, लेकिन एटीएम का वजन अधिक होने के कारण आरोपी एटीएम ले जा नहीं सके तो वहीं सड़क पर छोड़कर भाग खड़े हुए। घटना शनिवार तड़के तीन बजे के आसपास की है। पुलिस ने एटीएम का रखरखाव करने वाली जीडी प्राइवेट लिमिटेड के टेक्निशियन किशोर सिंह की शिकायत पर चोरी के प्रयास का मामला ▶▶ शेष पेज 6 पर

**कैश बॉक्स सुरक्षित, 3 लाख रुपए थे**

पुलिस ने कंपनी से एटीएम के सीसीटीवी फुटेज मांगे। फुटेज में तीन बदमाश एटीएम के अंदर घुसते हुए नजर आए। करीब 20 मिनट तक वह एटीएम में तोड़फोड़ कर लेकर जाने का प्रयास करते रहे। एटीएम में तीनों बदमाशों ने हथौड़े और रॉड से तोड़फोड़ की है। बदमाशों ने एटीएम का ऊपर का हिस्सा पूरी तरह से तोड़ दिया था। ऊपर का हिस्सा तोड़ने के बाद वह कैश बॉक्स तक नहीं पहुंच सके। फुटेज में एटीएम के बाहर सफेद रंग की कार भी नजर आई है। एटीएम ▶▶ शेष पेज 6 पर



मेसी को देखने उमड़ी भीड़ बेकाबू

**साल्ट लेक स्टेडियम में युद्ध जैसे हालात**

## फुटबॉलर मेसी की झलक नहीं मिली तो कुर्सियां-बोतलें फेंकी

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

कोलकाता में पॉपुलर फुटबॉलर लियोनल मेसी की एक झलक पाने को बेताब भारी संख्या में मौजूद फैंस ने साल्टलेक स्टेडियम में तोड़फोड़ मचा दी। ऐसे में कार्यक्रम के मुख्य ▶▶ शेष पेज 6 पर

■ आयोजक गिरफ्तार टिकट के पैसे लौटाएगा

सीएम योगी बने उनके प्रस्तावक

## सात बार के सांसद पंकज चौधरी होंगे यूपी के अध्यक्ष



**आज पंकज चौधरी के नाम का हो जाएगा ऐलान**

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने शनिवार को भाजपा कार्यालय में अपना नामांकन दाखिल किया। सीएम आदित्यनाथ योगी, डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक समेत 10 नेताओं ने चौधरी के नाम का प्रस्ताव रखा। इस दौरान मंत्री सूर्यप्रताप शाही, मंत्री स्वतंत्रदेव, मंत्री दारा सिंह चौहान, ▶▶ शेष पेज 6 पर

भाजपा दफ्तर तलब की गईं मंत्री बागरी

## दी सफाई-भाई के कृत्य से कोई लेना-देना नहीं



**जामवाल हितानंद ने की बंद कमरे में चर्चा लगाई फटकार**

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

प्रदेश भाजपा नेतृत्व ने अंततः प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी को पार्टी कार्यालय तलब कर लिया। भाई अनिल बागरी के गांजा तस्करी के आरोप में गिरफ्तार होने के बाद से वे मुश्किल में हैं। प्रदेश भाजपा के क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल और प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने उनसे बंद कमरे में लंबी ▶▶ शेष पेज 6 पर

रांची में इंडिगो विमान की इमरजेंसी लैंडिंग

## रनवे से टकराया विमान का पिछला हिस्सा, बाल-बाल बचे सभी यात्री

**विमान में उस समय करीब 70 यात्री सवार थे**

एजेंसी ▶▶ रांची



एयरपोर्ट

रांची एयरपोर्ट पर शुक्रवार शाम इंडिगो एयरलाइंस के एक विमान के साथ लैंडिंग के दौरान हादसा हो गया। अधिकारियों के अनुसार विमान का पिछली हिस्सा (टेल) रनवे से टकरा गया।

हालांकि, विमान में सवार सभी यात्री सुरक्षित हैं और किसी को चोट नहीं आई है। यह घटना शुक्रवार शाम करीब 7:30 बजे हुई, जब भुवनेश्वर से रांची आ रही इंडिगो की फ्लाइट लैंड कर रही थी। विमान में उस समय करीब 70 यात्री सवार थे। रांची एयरपोर्ट के निदेशक विनोद कुमार ने बताया कि लैंडिंग के दौरान विमान का पिछला हिस्सा रनवे से छू गया, जिससे यात्रियों को एक तेज झटका महसूस हुआ। इसके बाद विमान को तुरंत रोक दिया गया। हादसे के बाद जांच में पाया गया कि विमान उड़ान के लिए तकनीकी रूप से सुरक्षित नहीं है। इसके चलते विमान को ग्राउंडेड कर दिया गया और रांची से भुवनेश्वर जाने वाली अगली फ्लाइट रद्द कर दी गई। एयरपोर्ट प्रशासन के अनुसार कुछ यात्रियों ने अपनी यात्रा रद्द कर दी, जबकि कुछ ने अपनी टिकट दूसरी फ्लाइट के लिए रीशेड्यूल ▶▶ शेष पेज 6 पर

**इंदौर और हिल स्टेशन पचमढ़ी में भी पारा 6 डिग्री के नीचे रहा**

शहडोल का कल्याणपुर प्रदेश में सबसे ठंडा रहा यहां पारा 4.7 डिग्री रहा

# भोपाल में लगातार 7वें दिन शीतलहर, तीन दिन तक कंपकंपाएगी ठंड, 22 जिलों में पारा 10 डिग्री के नीचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में शनिवार को लगातार सातवें दिन कोल्ड वेव रही। इंदौर और हिल स्टेशन पचमढ़ी में भी पारा 6 डिग्री के नीचे रहा। उत्तरी हवाओं के असर से अभी 22 जिलों में रात का पारा 10 डिग्री से नीचे रहा।

इससे आधे प्रदेश में कड़ाके की सर्दी का दौर अभी जारी है। शेष प्रदेश में रात का पारा 10 डिग्री अथवा आसपास रहेगा। मौसम केंद्र के अनुसार अगले दो से तीन दिन मौसम में ज्यादा बदलाव की उम्मीद नहीं है। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला ▶▶ शेष पेज 6 पर

» *लगातार आ रहे पश्चिमी विक्षोभ लेकिन बारिश अभी दूर*



पचमढ़ी के धूपगढ़ का दृश्य, खिली हुई धूप और बादलों का पहरा

» *भोपाल में रात का पारा 6.4 डिग्री रहा*

**यहां 10 डिग्री से कम पारा**

बैतूल, दतिया, धार, ग्वालियर, रायसेन, राजगढ़, शिवपुरी, उज्जैन, छिंदवाड़ा, दमोह, खजुराहो, मंडला, जबलपुर, नरसिंहपुर, नौगांव, रीवा, सतना, टीकमगढ़, उमरिया, मलाजखंड में पारा 10 डिग्री से कम रहा है। भोपाल में रात का पारा 6.4 डिग्री रहा, जो नॉर्मल से 4.5 डिग्री कम है। दिन में पारा 27.5 डिग्री रहा, जो अब नॉर्मल से एक डिग्री अधिक है।

**पांच जिले 7 डिग्री तक**

शनिवार को शहडोल का कल्याणपुर प्रदेश में सबसे ठंडा रहा। यहां पारा 4.7 डिग्री रहा, जबकि पांच जिलों में न्यूनतम पारा 6 डिग्री के करीब रहा। इनमें राजगढ़, पचमढ़ी 5.4, इंदौर 5.9, मंदसौर 6 और शाजापुर के गिरवर में रात का पारा 6.4 डिग्री दर्ज किया गया है। इन जिलों में तेज सर्दी महसूस की जा रही है। विशेषज्ञ शुक्ला के अनुसार भोपाल और इंदौर के साथ ही प्रदेश के मध्य हिस्से के ▶▶ शेष पेज 6 पर



# समृद्ध भविष्य की ओर अग्रसर

## विकास और सेवा के 2 वर्ष

## आत्मनिर्भर और आधुनिक शहर

### मेट्रोपॉलिटन क्षेत्रों से विकास को गति

- 10 लाख से अधिक जनसंख्या वाले शहरों के विकास, औद्योगिक निवेश और रोज़गार वृद्धि तथा बेहतर अधोसंरचना के लिए इंदौर-उज्जैन-देवास-धार को मिलाकर तथा भोपाल-सीहोर-रायसेन-विदिशा-ब्यावरा (राजगढ़) से मिलकर बन रहे 2 मेट्रोपॉलिटन शहर
- भविष्य में और क्षेत्र भी बनेंगे मेट्रोपॉलिटन

### स्वच्छ हरित शहरों की ओर

- ई-वाहनों को बढ़ावा देने के लिये इलेक्ट्रिक व्हीकल पॉलिसी एवं इंफ्रास्ट्रक्चर विकास
- इंटीग्रेटेड टाउनशिप पॉलिसी में स्मार्ट शहरों और आधुनिक आवासीय परियोजनाओं को स्वीकृति

### आधुनिक और सुविधाजनक परिवहन

- इंदौर में मेट्रो सेवा शुरु, भोपाल में जल्द शुरु होगा संचालन
- पीएम ई-बस सेवा अंतर्गत 6 शहरों में 550 से अधिक बस परिवहन
- शीघ्र शुरू होगी आधुनिक और सुलभ मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा

### हर शहरी गरीब को आवास की गारंटी

- पीएम आवास योजना (शहरी) अंतर्गत 8.61 लाख से अधिक परिवारों को पक्का आवास। PMAY-U2.0 के लिये 10 लाख नये आवास का लक्ष्य
- इस योजना में बेस्ट परफॉर्मिंग स्टेट में दूसरे स्थान पर मध्यप्रदेश

### स्वच्छ भारत मिशन में सबसे आगे

- इंदौर लगातार 8वीं बार देश के सबसे स्वच्छ शहर के सम्मान से पुरस्कृत, अपशिष्ट प्रबंधन के नवाचार में भी सबसे आगे 550 टन प्रतिदिन बायो CNG प्लांट से प्रतिवर्ष 1.30 लाख टन कार्बन डाई-ऑक्साइड उत्सर्जन में कमी
- 361 निकाय ओडीएफ++ प्रमाणित, उपयोगित जल के उपचार की हाईब्रिड कंस्ट्रक्टेड वेटलैंड, डी-वॉट्स आदि तकनीकों से बदला स्वच्छता का परिदृश्य

### हर घर में शुद्ध पेयजल

- अमृत योजना 2.0 अंतर्गत सभी नगरीय निकायों में 224 परियोजनाओं से जल आपूर्ति
- जल जीवन मिशन में 80 लाख+परिवारों को मिला नल कनेक्शन

### आजीविका से खुशहाली

- पीएम स्वनिधि योजना में 13.46 लाख शहरी स्ट्रीट वेंडर्स को ₹2078 करोड़ का ब्याज मुक्त ऋण, योजना में देश में प्रथम स्थान पर मध्यप्रदेश
- राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन में 65 हजार स्व-सहायता समूहों के माध्यम से 6 लाख परिवार एवं 1.50 लाख से अधिक युवा कौशल प्रशिक्षण और रोज़गार से जुड़े

### जल गंगा संवर्धन अभियान, अनूठी पहल

- जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत 2.30 लाख से अधिक जल दूत पंजीकृत। 83 हजार से अधिक खेत तालाब, 1 लाख से अधिक कुएं रीचार्ज एवं 1 हजार से अधिक अमृत सरोवर बनाए

## डॉ. मोहन यादव का अभ्युदय मध्यप्रदेश

*हम अपने शहरों को आत्मनिर्भर निकाय के रूप में विकसित करने और नागरिकों को बेहतर और आधुनिक सेवाएं प्रदान करने वाले शहरों के निर्माण की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं।*
*-डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री*

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

D-11160/25

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025

हरिभूमि
# भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 14 दिसंबर 2025



### एयर इंडिया की 6 दिन के लिए बेंगलुरु उड़ान आज से

इंडिगो एयरवेज पर आए संकट के टलने के बाद एयर इंडिया भी बेंगलुरु के लिए आज रविवार से एक नई उड़ान शुरू करने जा रही है। यह उड़ान 14-19 दिसंबर तक चलेगी। यह उड़ान दोपहर 2.30 बजे भोपाल आएगी फिर 3.05 बजे बेंगलुरु के लिए उड़ान भरेगी।

### भोपाल एयरपोर्ट देश का तीसरा एएआई एयरपोर्ट बना

## अब राजाभोज एयरपोर्ट पर घने कोहरे में भी आवाजाही कर सकेंगी फ्लाइट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

राजा भोज इंटरनेशनल एयरपोर्ट, भोपाल ने शनिवार को एक बड़ा फॉग मैनेजमेंट ड्राई रन किया, जिसमें एयरपोर्ट के सभी खास स्टेक होल्डर्स शामिल थे, ताकि मौजूदा सर्दियों के मौसम में कम विजिबिलिटी की स्थिति के लिए तैयारी को बेहतर बनाया जा सके।

इस एक्सरसाइज का मकसद कोहरे की वजह से फ्लाइट्स में देरी, कैंसलेशन या डायवर्जन होने पर फ्लाइट्स के ऑपरेशन और पैसेंजर की सुविधा को सुरक्षित, कुशल और कोऑर्डिनेटेड तरीके से हैंडल करना पक्का करना था। ड्राई रन में एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी), कम्युनिकेशन, नेविगेशन और सर्विलांस (सीएनएस), एयरपोर्ट ऑपरेशंस, इंजीनियरिंग, एयरपोर्ट रेस्क्यू और फायर फाइटिंग (एआरएफएफ) सर्विस, सीआईएसएफ, एयरलाइंस, ग्राउंड हैंडलिंग एजेंसियां, इंडिया मेटियोरोलॉजिकल डिपार्टमेंट (आईएमडी), रिफ्यूलिंग एजेंसियां, टर्मिनल मैनेजमेंट टीम और एयरपोर्ट कंसेशनेयर्स ने एक्टिव हिस्सा लिया।एक्सरसाइज के दौरान, कोहरे से जुड़े मौजूदा स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर का रिव्यू किया गया और इंटर-एजेंसी कोऑर्डिनेशन मैकेनिज्म को टेस्ट किया गया।

पैसेंजर कम्युनिकेशन और टर्मिनल की तैयारी से जुड़ी कुछ छोटी-मोटी कमियों की पहचान की गई और उन्हें तुरंत ठीक करने के उपायों के जरिए ठीक किया गया, जिसमें बेहतर कोऑर्डिनेशन और एक्स्ट्रा पैसेंजर होल्डिंग अरेंजमेंट की पहचान शामिल है। पैसेंजर की सुविधा बढ़ाने के हिस्से के तौर पर, सिक्योरिटी होल्ड एरिया ) के अंदर बोर्डिंग गेट नंबर 5 के पास एक खास जगह तय की गई है, ताकि ज़्यादा देर होने पर पैसेंजर की जरूरतों को पूरा करने के लिए खाने-पीने की चीज़ों का एक्स्ट्रा स्टॉक रखा जा सके। इसके अलावा, लोकल टैक्सी ऑपरेटर और कैब एग्रीगेटर के साथ कोऑर्डिनेशन किया गया है ताकि रुकावट के समय ग्राउंड ट्रांसपोर्ट की उपलब्धता पक्की हो सके।यह ध्यान देने वाली बात है कि भोपाल एयरपोर्ट अब सीएटी-II कैपेबिलिटी के साथ पूरी तरह से चालू है, जिससे रनवे विज़ुअल रेंज (आरवीआर) की 350 मीटर जितनी कम ऊंचाई पर भी फ्लाइट ऑपरेशन मुमकिन हो पाता है। इस कामयाबी के साथ, भोपाल एयरपोर्ट देश का तीसरा एएआई एयरपोर्ट बन गया है जो सीएटी-II सुविधाओं से लैस है। इस बढ़ी हुई कैपेबिलिटी से सर्दियों के मौसम में ज़्यादा संख्या में डायवर्जन फ्लाइट को हैंडल करने में आसानी होने की उम्मीद है, जिससे कम विज़िबिलिटी वाली स्थितियों के दौरान भोपाल एयरपोर्ट एक भरोसेमंद अल्टरनेट एयरपोर्ट के तौर पर अपनी भूमिका को और मज़बूत करेगा।

### चौबीस घंटे में नाम कटने वाले 15 सौ वोटर्स बढ़े

## पांच सौ अफसरों की फौज करेगी दो दिन में डेढ़ लाख वोटर्स की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एक हफ्ते पहले भोपाल के सात विधानसभा क्षेत्रों में कराए गए स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) में एक हफ्ते के दौरान नाम काटने वालों की तादाद तेजी से बढ़ी है, जिससे इन मतदाताओं को नोटिस दिए बिना डायरेक्ट वोटर लिस्ट से नाम काट दिए जाएंगे। वर्तमान में इन मतदाताओं की तादाद 4 लाख 45 हजार 32 हो गई है। जिसको देखते हुए कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने शनिवार को आदेश जारी कर खुद के नाम सहित नगर निगम कमिश्नर संस्कृति जैन और सभी विभागों के जिम्मेदारों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। आदेश में 525 अफसरों को एक-एक पोलिंग बूथ पर जाकर वहां के मृत, शिफ्टेड, एबसेंट, डबल और अन्य केटगरी के मतदाताओं की जांच करना पड़ेगी।

अफसर दो दिन इन मतदाताओं की जांच करेंगे, जिससे नाम कटने वाले मतदाताओं का दोबारा से वेरिफिकेशन किया जा सके। जिले में बढ़ी तादाद में मतदाताओं की संख्या बढ़ने से इन मतदाताओं के डेटा ऑनलाइन किया गया है। जिसके लिए भोपाल डॉट एनआईसी डॉट कॉम पर जाकर देखा जा सकता है। शुक्रवार को भोपाल में इतनी बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम कटने को लेकर भारत निर्वाचन आयोग ने पर्यवेक्षक को भेजा था। जिसको लेकर राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को इसके बारे में जानकारी दी गई है। जिले की वेबसाइट पर नो मैपिंग, मृतक, एबसेंट, शिफ्टेड और अन्य केटगरी के मतदाताओं की लिस्ट डाली गई है। जिसे मतदाता आसानी से देख सकते हैं।

**खास बातें**

- नाम कटने वाले साढ़े चार लाख वोटर्स का डेटा ऑनलाइन, एक लाख 30 हजार को नोटिस
- चार लाख 45 हजार 32 मतदाताओं के कटेंगे नाम, तेजी से बढ़ रहा आंकड़ा



वल्लभ नगर में एसआईआर का कार्य।

### पोलिंग बूथ के हिसाब से मिलेगी लिस्ट

राजधानी के मतदाता इस लिस्ट में विधानसभा और पोलिंग बूथ नंबर के हिसाब से देख सकते हैं। जिससे पता चल जाएगा कि उनके द्वारा भरे गए गणना पत्रक को किस केटगरी में दर्ज किया गया है। बीएलओ को भी इन मतदाताओं का दोबारा से वेरिफिकेशन करने की नसीहत दी गई है, जिससे किसी मतदाता का बिना वजह के नाम न काटा जा सके।

### 85 वार्डों में होगी मतदाताओं की सुनवाई

एसआईआर के ड्राफ्ट रोल को जारी करने के लिए 23 दिसंबर की तारीख तय की गई है, जबकि 18 दिसंबर तक गणना पत्रक जमा किए जा सकेंगे। ऐसे में जिले में अब तक सातों विस में करीब एक लाख 30 हजार मतदाताओं की सुनवाई की जानी है। जिसके तहत इन मतदाताओं को दस्तावेज पेश करना पड़ेंगे। इधर पिछले एक हफ्ते के दौरान इस केटगरी के मतदाताओं को आंकड़ा तेजी से कम हो रहा है। हालांकि शेष बचने वाले मतदाताओं की सुनवाई वार्ड स्तर पर की जाएगी। इधर बैरसिया की सुनवाई तहसील में ही होगी।

### पांच हजार मतदाताओं की हुई मैपिंग

राजधानी में बीएलओ को नो मैपिंग वाले मतदाताओं की जांच करने का काम सौंपा गया है। जिसके तहत नौ मैपिंग वाले मतदाताओं की जांच का काम जारी है। जिसके तहत पांच हजार मतदाताओं को नो मैपिंग से मैपिंग में दर्ज किया गया है।

### वेबसाइट पर देख सकेंगे एसडीआर की लिस्ट

ऐसे मतदाता जिनको मृत, एबसेंट, शिफ्टेड, डबल और अन्य केटगरी में दर्ज किया गया है। उनकी लिस्ट जिले की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। मतदाता यहां पर ऐसे मतदाताओं की लिस्ट देख सकते हैं।

भुवन गुप्ता, उपजिला निर्वाचन अधिकारी

### सीसीटीवी कैमरा सहित पैसेंजर इंफॉरमेशन सिस्टम रहेगा

## शहर के पांच रूटों पर होगा ई-बसों का संचालन, दिव्यांग यात्रियों के लिए व्हीलचेयर, चढ़ने होगी ऑटोमेटिक लिफ्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



प्रतीकात्मक फोटो।

शहर में मार्च-अप्रैल-26 में संचालित होने वाली ई-बसें पांच रूटों पर चलेंगी। इन रूटों पर चलने वाली 100 बसों में 80 हजार से ज्यादा यात्रियों को लाभ मिलेगा। इन बसों के संचालन एवं चार्जिंग के लिए कस्तूरबा नगर व संत हिरदाराम नगर में अत्याधुनिक डिपो के निर्माण, विद्युत सहित अन्य कामों पर करीब 25 करोड़ 44 लाख रूपए खर्च किए जा रहे हैं।

यह जानकारी शनिवार को फंदा में विक्रमादित्य स्वागत द्वार और ई-बस सेवा के लिए डिपो के निर्माण कार्यों के भूमिपूजन कार्यक्रम में महापौर मालती राय ने दी। उन्होंने कहा इलेक्ट्रिक बसों में केन्द्र शासन के दिशा निर्देशों के अनुसार दिव्यांग यात्रियों के लिए विशेष रूप से व्हीलचेयर सहित चढ़ने के लिए ऑटोमेटिक लिफ्ट प्रावधानित है। इलेक्ट्रिक बसों में यात्रियों की सुविधा एवं विशेषकर महिला यात्रियों की सुरक्षा के लिए बसों में आधुनिकतम आईटीएमएस व्यवस्था अंतर्गत बसों की रीयल टाइम ट्रेकिंग, सीसीटीवी कैमरा का लाइव फील्ड, जीपीएस डिवाइस, पेनिक बटन, पैसेंजर काउंटर एवं पैसेंजर इंफॉरमेशन सिस्टम संस्थापित किए जाएंगे। लोगों को बेहतर आवागमन की सुविधा को देखते हुए सीमावर्ती क्षेत्रों को शामिल करेंगे और जनसंख्या घनत्व के मान से 5 रूटों पर इलेक्ट्रिक बसों का संचालन प्रस्तावित है।

## एमपी ट्रांसको ने आयोजित की पहली साइबर क्विज

**भोपाल।** मप्र पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) की ओर से कार्मिकों के साथ उनके परिवारजनों को जोड़ते हुए पहली बार साइबर क्विज आयोजित की। इस क्विज के माध्यम से साइबर सुरक्षा, ऑनलाइन फ्रॉड, सुरक्षित डिजिटल व्यवहार आदि विषयों से संबंधित प्रश्न पूछे गए। प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न ट्रांसको कार्यालय के 85 कार्मिकों और उनके पारिवारिक सदस्यों सहित कुल 198 प्रतिभागियों ने सहभागिता की। प्रथम स्थान जबलपुर स्काडा सेंटर के सैयद आज़म अली ने , द्वितीय स्थान मुख्य वित्त अधिकारी जबलपुर के योगेश जैन और तृतीय स्थान सिवनी के कार्यपालन अभियंता विकास भरिया को हासिल हुआ। आयोजन में प्रोग्रामर प्रवीण शुक्ला का विशेष योगदान रहा।

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण** - 741.ऋतू ठाकुर पिता\पति विजय सिंग ठाकुर पता- ब्रम्हदेव कॉलोनी भाठा गाँव, 742. ओमप्रकाश देवांगन पिता\पति शरद कुमार देवांगन पता- दुबे कॉलोनी मोवा रायपुर, 743. पूरण दास टंडन पिता\पति स्व. शिव दास टंडन पता- रामेश्वर नगर भनपुरी वार्ड न.-04 रायपुर, 744. हेमंत वर्मा पिता\पति बी.आर.वर्मा पता– रायपुर, 745. नूतनलता पिता\पति स्व. लखन लाल पता- सिद्धार्थ चौक टिकरापारा, 746. संतोष धीवर पिता\पति श्री पालू राम धीवर पता- ग्राम व पोस्ट सारागांव, 747. अंजना यादव पिता\पति जगत राम यादव पता- संजय नगर रायपुर, 748. आरती धीवर पिता\पति नारायण धीवर पता- मठपारा रायपुर, 749. मुकेश कुमार बैस पिता\पति राजेंद्र कुमार बैस पता- भाटागांव रिंग रोड रायपुर, 750. डी.डी. मेश्राम पिता\पति किशन मेश्राम पता- डॉ. राजेंद्र नगर रायपुर, 751. गौतम लाल साहू पिता\पति दरबारी राम साहू पता- परसवानी मगरलोड, 752. भोजेंद्र कुमार साहू पिता\पति स्व. जयसिंह साहू पता- नयापारा गोपुलपुर वार्ड धमतरी, 753. तोषण कुमार साहू पिता\पति चुम्मन लाल साहू पता- कातलबोड कोकड़ी, 754. यशोदा पाल पिता\पति पूरण पाल पता- करेली बड़ी, 755. हेमपुष्पा साहू पिता\पति गोपीचंद साहू पता- मुड़ पार सुरगी राजनादगांव, 756. रमेश रामटेके पिता\पति स्व. रामा रामटेके पता- डोंगरगढ़ गाँव, 757. लखन लाल अहीर पिता\पति स्व. अमरसिंह अहीर पता- डोंगरगढ़ गाँव, 758. शम्भू नाग पिता\पति सुखदेव नाग पता- जगदलपुर, 759. हुमैरा कुरैशी पिता\पति जाकिर कुरैशी पता- पिथौरा, 760. दिलशान खान पिता\पति असगर खान पता- गुप्ता पारा वार्ड न.14, 761. वासुदेव वर्मा पिता\पति विश्राम वर्मा पता- धाराशिव लवन, 762. ईशांत देवांगन पिता\पति स्व. रघु राम देवांगन पता-सरगीपाल कोंडागांव, 763. अंजू पाण्डेय पिता\पति अश्वनी पाण्डेय पता- गणेश नगर रावण भाठा जामुल भिलाई, 764. N.K. दुबे पिता\पति श्री G.L दुबे पता-ईतवारी MP (BHILAI), शोभना यादव पिता\पति एम.पी. यादव पता-न्यू बोरसी दुर्ग, 765. महेंद्र देशमुख पिता\पति पवन कुमार देशमुख पता- गंज पारा दुर्ग, 766. पूर्णिमा चौहान पिता\पति घनश्याम चौहान पता- सुपेला भिलाई दुर्ग, 767. ख़ुशी साहू पिता\पति उपेन्द्र कुमार साहू पता- कुरूद, 768. भोज कुमार पिता\पति श्री आत्माराम पता- EWS -700 आदित्य नगर, 769. जय शोभा शोंड़े पिता\पति स्व. श्री श्रवण कुमार पता- भिलाई नगर सेक्टर-06, 770. सोनल निर्मलकर पिता\पति धन्नू लाल निर्मलकर पता- मैथिल पारा वार्ड न.-32 दुर्ग, 771. सुमन यादव पिता\पति कृष्णा यादव पता-नेहरु नगर उतई वार्ड क्र.09, 772. प्रिया सोनी पिता\पति नीलेश सोनी पता- वार्ड न.-19 बेमेतरा, **बिलासपुर संस्करण**– 773. राजेश शर्मा पिता /पति ईश्वर प्रसाद शर्मा पता- भटगांव बालको, 774. मनीष कुमार साहू पिता/पति गोपाल साहू पता- डोड़की बालको, 775. अनूप प्रकाश पिता/पति स्व. मसीह प्रकाश पता- कोरबा, 776. पूर्वा श्रीवास पिता/पति ईश्वर कुमार श्रीवास पता- भैरव ताल कोरबा, 777. रीतिका सोनी पिता /पति विक्की सोनी पता- मिशन रोड कोरबा, 778. बजरंग अग्रवाल पिता/पति आर.एन. अग्रवाल पता- टी.पी. नगर कोरबा, 779. नम्रता गान साहू पिता/पति घनश्याम साहू पता- पुलिस लाइन बालकों, 780. भुवन सिंह बिझवार पिता/पति स्व. मनहरण सिंह पता- मड़वारानी, 781. मनीषा वैष्णव पिता/पति मनहरण वैष्णव पता - सियाही मुड़ी, 782. अंकिता वैष्णव पिता/पति प्रमोद वैष्णव पता- सियाही मुड़ी, 783. रामायण सिंह पिता/पति उखाजी पता- मिशन रोड रामसागर पारा, 784. राहुल साहू पिता/पति राजेश्वर कुमार साहू पता- रामपुर कोरबा, 785. राजेन्द्र विश्वकर्मा पिता/पति परदेसी विश्वकर्मा पता- मानस नगर, 786. श्रुति पटेल पिता/पति श्री शिव कुमार पटेल पता- दरी कैलास नगर, 787. तरुण पिता /पति रेशम लाल पता- गेवरा घाट कोरबा, 788. दिलीप यादव पिता/पति पुनराम यादव पता- कोरबा, 789. सुनील दास कुलदीप पिता/ पति सुकृत दास कुलदीप पता- सियाही मुडी दर्रि कोरबा, 790. दशरथ शर्मा पिता/पति आर.एस. शर्मा पता- शांति नगर बालको, 791. संजय गजभईये पिता/पति टी.डी.गजभईये पता – बालको, 792. संतोषी श्रीवास पिता/पति सनत श्रीवास पता- रामशान रोड नेहरू नगर बालको, 793. सिधारार्थ डहरे पिता/पति धीरज डहरे पता- परसाभाठा बालको, 794. खयाती कुमारी निषाद पिता/पति राकेश कुमार निषाद पता- मुड़ पारा कोरबा, 795. बलराम सारथी पिता/पति देव प्रसाद सारथी पता- नेहरू नगर बालको, **भोपाल संस्करण** – 796. ललित शर्मा पिता\पति जगदीश प्रसाद शर्मा पता- वार्ड नं 15 रविन्द्र नाथ टैगोर विदिशा रोड, 797. हीतांशु पिता\पति प्रेम नारायण साहु पता- मकान न.-73 वार्ड नं.-73 नियर दुर्गा मंदिर, 798. मानवी पिता\पति संतोष बौरासी पता- जनता नगर करोद, 799. अनिता सिंह पिता\पति लाल बहादुर सिंह पता- 108 त्रिवेणी नगर करोद, 800. सुमित कुशवाह पिता\पति नारायण सिंह कुशवाह पता- विदिशा, 801. राजकुमार जैन पिता\पति नरेन्द्र कुमार जैन पता- दुर्गा नगर विदिशा, 802. ध्रुव दांगी पिता\पति ब्रजेश दांगी पता- बंटी नगर विदिशा, 803. हरिराम विश्वकर्मा पिता\पति चिरोंजी लाल पता- शंकर नगर विदिशा, **जबलपुर संस्करण** – 804. अभिषेक पिता\पति अजय पता- सिंगौड़ी, 805. वेदिका पिता\पति संदीप पता-सिंगौड़ी, 806. अर्पण साहू पिता\पति प्रतीक साहू पता- सिंगौड़ी, 807. पलक साहू पिता\पति कृष्ण लाल साहू पता- सिंगौड़ी, 808. नमामि राय पिता\पति विवेक राय पता- सिंगौड़ी, 809. अर्थव साहू पिता\पति प्रतीक साहू पता- सिंगौड़ी, 810. पूजा राय पिता\पति पुरुषोत्तम राय पता- सिंगौड़ी, 811. ललित हरिजन पिता\पति सुशील हरिजन पता- वार्ड नंबर 1 बिरसिंहपुर पाली उमरिया।

नियम एवं शर्तें लागू* शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

### शहर की आबो-हवा सुधारने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने चेताया

## दो हजार होटल रेस्टॉरेंट से नहीं हटाए कोयला और लकड़ी वाले तंदूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर की आबो-हवा को सुधारने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और नगर निगम शहर के दो हजार होटल और रेस्टॉरेंट से कोयला-लकड़ी वाले तंदूर हटाने का काम शुरू किया था, लेकिन इन्हें अब तक नहीं हटाया जा सका है। निगम की टीम ने करोंद में होटल संचालकों को तंदूर हटाने की हिदायत दी। इसके लिए तीन दिन की मोहलत दी गई, लेकिन तंदूर नहीं हटाए गए। इधर होटल संचालकों का कहना है कि कोयला-लकड़ी के तंदूर हटाने से खाना बे-स्वाद हो जाएगा। हालांकि कोयला और लकड़ी वाला तंदूर चार से पांच हजार का आता है। जबकि इलेक्ट्रॉनिक तंदूर 35 से 50 हजार रुपए का। ऊपर से कमर्शियल रेट में बिजली बिल भी महंगा पड़ेगा। निगम ने एयर क्वालिटी इंडेक्स को प्रभावित करने वाले ऐसे संस्थान, होटल, रेस्टोरेंट जहां तंदूर में कोयले और लकड़ी का उपयोग किया जा रहा है, से कहा गया है कि वह इलेक्ट्रॉनिक तंदूर की जगह एलपीजी तंदूर भी ले सकते है। जिला आपूर्ति नियंत्रक मीना मालाकार का कहना है कि दोबारा से होटलों की जांच कराई जाएगी।

## पमरे ने 8 माह में गंदगी फैलाने वालों से 24 लाख 82 हजार से अधिक का जुर्माना वसूला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पश्चिम मध्य रेलवे भोपाल सहित जबलपुर एवं कोटा तीनों मण्डलों के सभी स्टेशनों पर स्टेशन परिसर एवं गाड़ियों में स्वच्छ, सुखद एवं पर्यावरण अनुकूल वातावरण मुहैया कराने के प्रति लगातार प्रयासरत है। पश्चिम मध्य रेलवे द्वारा चालू वित्तीय वर्ष के अप्रैल से नवम्बर कुल आठ माह में गन्दगी फैलाने वालों के विरुद्ध चलाये गए अभियान में कुल 12,550 व्यक्तियों के मामले पकडे गए, जिनसे कुल 24 लाख 82 हजार 940 रूपये जुर्माना वसूला गया। अकेले नवम्बर माह में गन्दगी फैलाने वालों के विरुद्ध चलाये गए अभियान में कुल 1331 व्यक्तियों के मामले पकडे गए, जिनसे कुल 02 लाख 70 हजार 850 रूपये जुर्माना वसूला गया।

### 9 साल से बंद है निगम की घर पहुंच सेवा देने वाली सुविधा

## सुविधाओं के विस्तार के साथ दोबारा शुरू होगी महापौर एक्सप्रेस, मिलेंगी 12 तरह की सुविधाएं

### इलेक्ट्रिशियन, कारपेंटर, प्लंबर, टर्नर, मैकेनिक, पेंटर और ड्राइवर भी मिलेंगे

खबर का असर

### अब शुल्क 200 से बढ़कर 500 रुपए होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगर निगम 9 साल से बंद सुविधा अब दोबारा शुरू करने की योजना बना रहा है। महापौर परिषद इस योजना पर विचार-विमर्श कर आम लोगों से भी सुझाव लेगी ताकि उसके अनुसार इन अनूठी योजना का संचालन बेहतर तरीके से किया जा सके।

पहले महापौर एक्सप्रेस में पांच से छह सुविधाएं मिलती थीं, लेकिन नई योजना अब इलेक्ट्रिशियन, कारपेंटर, प्लंबर, टर्नर, मैकेनिक, पेंटर और ड्राइवर भी मिलेंगे। महापौर परिषद के सदस्य मनोज राठौर ने बताया कि महापौर एक्सप्रेस दोबारा शुरू करने योजना बनाई जा रही है। इस योजना को शुरू करने से पहले आम लोगों से भी सुझाव लिए जाएंगे।

निगम ने नौ साल पहले आम लोगों को सामान्य तौर पर इलेक्ट्रिशियन, कारपेंटर, प्लंबर और ड्राइवर की सुविधा मुहैया करवाने के लिए महापौर एक्सप्रेस शुरू की थी। इन सेवाओं के लिए 200 रुपए शुल्क तय किया गया था, लेकिन नई योजना में शुल्क 500 रुपए तक होगा।

### इसलिए बंद हो गई थी

2016 में जब यह सेवा शुरू की थी तब निगम के कॉल सेंटर पर एक माह में 8 से दस काल ही आए। प्रचार-प्रसार नहीं हुआ, लिहाजा सेवा ही बंद करना पडी। जबकि निगम ने दो वाहनों में 6 टेक्नीशियन सहित 12 कर्मचारी तैनात किए थे। शुरुआत में लोगों ने इस सेवा का लाभ लिया, लेकिन जब आमदनी कम और संसाधनों पर खर्च अधिक नजर आया तो इसे बंद कर दिया।

# स्पोर्ट्स बाइक से गिरने से युवक की मौत, अस्पताल में लोगों का हंगामा

## पोस्टमार्टम नहीं कराने पर अड़े, जबरन ले गए शव, पुलिस देखती रह गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोलार थाना क्षेत्र स्थित अस्सी फीट रोड पर 610 झुग्गीबस्ती में रहने वाले एक युवक की स्पोर्ट्स बाइक से गिरने से मौत हो गई। निजी अस्पताल में डॉक्टर के मृत घोषित करते ही युवक के परिजनों समेत बस्ती के करीब ढाई सौ लोगों ने हंगामा शुरू कर दिया। दरअसल अस्पताल की ओर से हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजना चाहती थी, लेकिन परिजन व बस्ती के लोग पोस्टमार्टम नहीं कराने पर अड़ गए और अस्पताल में जमकर हंगामा मचा दिया। हंगामे के बीच ही बस्ती के लोग बिना पोस्टमार्टम कराए युवक का शव अपने साथ ले गए और शनिवार को अंतिम संस्कार भी कर दिया। पुलिस का कहना है कि अस्पताल में हंगामा करने वाले लोगों की संख्या अधिक थी। यदि लाठीचार्ज करते तो अस्पताल और वहां भर्ती अन्य मरीजों को नुकसान हो सकता था।

पुलिस के मुताबिक 610 झुग्गीबस्ती कोलार निवासी नितिन यादव पुत्र ग्यारसीराम यादव (21) प्राइवेट काम करता था। पिता सब्जी का ठेला लगाते हैं। शुक्रवार शाम करीब पौने 6 बजे अस्सी फीट रोड़ पर स्पोर्ट्स बाइक से गिरकर नितिन गंभीर घायल हो गया था। बेहोशी की हालत में उसे निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत की जानकारी मिलते ही दो-ढाई सौ की संख्या में बस्ती के लोग अस्पताल पहुंच गए और पोस्टमार्टम नहीं कराने को लेकर हंगामा करने लगे। एसआई कमल सिंह ने बताया कि मृतक नितिन यादव की दो बड़ी बहनें हैं। कुछ दिन पहले पिता ने स्पोर्ट्स बाइक दिलाई थी।

# फर्जी एनओसी लगाकर पौने दो लाख में बेच दी फाइनेंस की गई बुलेट बाइक

कंपनी ने सीज की गाड़ी, दो लाख 52 हजार राशि है बकाया

फरियादी की शिकायत पर पिपलानी पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ दर्ज किया मामला

## रजिस्ट्रेशन अनुराग कहार के नाम से आरटीओ कार्यालय में पंजीबद्ध है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दो लोगों ने फाइनेंस की हुई बुलेट बाइक फोर क्लोज की फर्जी एनओसी लगाकर एक युवक को एक लाख 70 हजार रुपए में बेच दी। फरियादी जब सर्विसिंग कराने गाड़ी लेकर सर्विस सेंटर पहुंचा तो फाइनेंस कंपनी ने गाड़ी सीज कर ली। कंपनी का कहना है कि उस पर दो लाख 52 हजार रुपए फाइनेंस राशि बकाया है। फरियादी की शिकायत पर पिपलानी पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार औकाफ कॉलोनी बाग फरहत अफ्जा निवासी मोहम्मद आसिम (30) ने शिकायती आवेदन देते हुए बताया कि उसने संपदा कॉलोनी खजूरी कलां में रहने वाले अनुराग कहार से 26 जुलाई 2025 को रायल इनफील्ड बुलेट बाइक क्रमांक एमपी 04 वायए 5218 एक लाख 70 हजार रुपए में खरीदी थी। इसका रजिस्ट्रेशन अनुराग कहार के नाम से आरटीओ कार्यालय में पंजीबद्ध है और विक्रय अनुंबध पत्र मधु लॉ चेंबर पिपलानी पेट्रोप पंप में तैयार कराया गया। पैमेंट के रूप में एक लाख रुपए नगद अनुराग कहार को दिए गए, जबकि शेष 70 हजार रुपए अनुराग के कहे अनुसार देवेन्द्र पटेल निवासी अर्जुन नगर अयोध्या बायपास को ऑनलाइन अदा किए गए। अनुबंध के समय अनुराग और देवेन्द्र ने व्हाट्सएप पर रजिस्ट्रेशन कार्ड और फोर क्लोज एनओसी आसिम को दिया। फरियादी आसिम गाड़ी लेकर सर्विस सेंटर पहुंचा तो फाइनेंस कंपनी से वाहन सीज कर लिया। उन्हें बताया कि गाड़ी पर दो लाख 52 हजार रुपए बकाया है। वहां पता चला कि अनुराग कहार और देवेन्द्र पटेल ने फर्जी दस्तावेज से वाहन का विक्रय कर धोखाधड़ी की है।

### रकम मांगने पर धमकी देने लगे आरोपी

फरियादी ने इस मामले में विगत तीन अगस्त को शिकायती आवेदन पिपलानी पुलिस को दिया था। आसिम का कहना है कि अनुराग व देवेन्द्र ने फोन पर उसके साथ गाली-गलौज की और गाड़ी विक्रय के नाम पर ठगी रकम एक लाख 70 हजार रुपए देने से इनकार कर दिया। आरोपियों ने धमकी देते हुए कहा कि तुमसे जो करते बनता है कर लो। हमारा कोई कुछ नहीं कर सकता। पुलिस ने अनुराग कहार व देवेन्द्र पटेल के खिलाफ धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

## खबर संक्षेप

### श्री महारूद्र महायज्ञ की ध्वजारोहण यात्रा कल

**मंडीदीप।** सतलापुर में निरंतर 11वें वर्ष आयोजित होने वाले श्री महारूद्र महायज्ञ की तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। यज्ञ के लिए ध्वजारोहण यात्रा सोमवार, 15 दिसंबर को निकाली जाएगी। यह यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए खेड़ापति मंदिर पहुंचेगी और वापस पिपलेश्वर मंदिर पर इसका समापन होगा। यज्ञ स्थल पर बने ध्वज स्थल पर ध्वज का रोपण किया जाएगा। गौरतलब है कि वार्ड 14 स्थित श्री पिपलेश्वर महादेव मंदिर परिसर में श्री श्री 1008 श्री लाल बाबा जी के सानिध्य में 18 से 23 जनवरी 2026 तक श्री महारूद्र महायज्ञ का आयोजन होगा। आचार्य पंडित दीपक पचौरी के आचार्यत्व में 15 ब्राह्मणों द्वारा यज्ञ संपन्न किया जाएगा, जबकि कथा व्यास पंडित जितेंद्र पाठक श्री राम कथा का वाचन करेंगे। प्रतिदिन शाम 6 बजे से नगर भंडारे का आयोजन भी होगा।

### विस में चंदन चोरी करने वाले तीन गिरफ्तार

**भोपाल।** विधानसभा परिसर से चंदन के पेड़ चुराने वाले तीन आरोपियों को अरेरा हिल्स पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार 4 दिसंबर को कैलाश गिन्नौरे सहायक सुरक्षा अधिकारी मध्य प्रदेश विधानसभा द्वारा शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया कि पश्चिमी द्वार के पास अंबेडकर मूर्ति एवं मंदिर परिसर के बीच लगे चंदन के पेड़ 3-4 दिसंबर की रात किसी अज्ञात व्यक्ति ने काट लिया है। पुलिस ने शिकायत दर्ज कर जांच की। आरोपियों की धरपकड़ के लिए अरेरा हिल्स और एमपी नगर पुलिस की संयुक्त टीम गठित की गई। सीसीटीवी कैमरे और सीडीआर संकलन के आधार पर पुलिस ने अनीस खान पिता बाबू खान (23) ग्राम बर्रई थाना कटारा हिल्स, सादिक खां पिता छोटे खां (23) ग्राम हकीमपुर, थाना जावर, जिला सीहोर और मोहम्मद असलम (52) हाउसिंग बोर्ड कालोनी, निशातपुरा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ कर जानकारी जुटाने में जुटी है कि और कौन-कौन इसमें जुड़ा है।

### शुभांक

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 1736 | | |
| दिन: | 490 | 30 | 235 |
| रात: | 138 | 27 | 269 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 779 | 31 | 137 |
| रात: | 136 | 02 | 110 |

## कमला नगर थाना क्षेत्र स्थित हिल्स व्यूह मैरिज गार्डन में हुई वारदात

# मैरिज गार्डन में शराब पीकर हंगामा कर रहे टेंट हाउस कर्मचारी की हत्या

साथी कर्मचारी समझाइश देने पहुंचा तो हो गया विवाद

चार-पांच डंडे लगने से अंदरूनी चोट आने से गई जान


हिल्स व्यूह मैरिज गार्डन का फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कमला नगर थाना क्षेत्र स्थित हिल्स व्यूह मैरिज गार्डन में टेंट हाउस के कर्मचारियों में हुआ मामूली विवाद एक कर्मचारी की मौत की वजह बन गया। दरअसल, टेंट हाउस का कर्मचारी शराब पीकर हिल्स व्यूह मैरिज गार्डन में हंगामा कर रहा था। मालिक ने एक अन्य कर्मचारी को भेजकर उसे मैरिज गार्डन से बाहर करने का कह दिया। कर्मचारी उसे मैरिज गार्डन से बाहर ले जाने लगा। इसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद में उसने चार पांच डंडे मार दिए। डंडे लगने से अंदरूनी चोट आई और उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग जांच और पीएम रिपोर्ट के आधार पर आरोपी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के अनुसार कैलाश यादव (36) नई बस्ती सबरी नगर, नया बसेरा में रहता था और गोपी दादा के टेंट हाउस में काम करता था। इसी टेंट हाउस में राहुल वाडेकर (26) भी काम करता है। गत 9 दिसंबर को गोपी दादा के हिल्स व्यूह मैरिज गार्डन में शादी का कार्यक्रम था। इस दौरान रात करीब साढ़े 9 बजे मैरिज गार्डन में कैलाश यादव शराब के नशे में हंगामा करने लगा। गोपी दादा को मैरिज गार्डन से कैलाश के हंगामा करने की जानकारी मिली। उन्होंने राहुल को मैरिज गार्डन भेजा और कहा कि कैलाश को मैरिज गार्डन से बाहर निकाल दो। राहुल मैरिज गार्डन पहुंचा उसने कैलाश को बाहर चलने का कहा इस पर कैलाश भड़क गया। गाली-गलौज करते हुए उसने टेंट हाउस की रस्सी से राहुल से मारपीट शुरू कर दी। राहुल ने जवाब में चार-पांच डंडे कैलाश यादव को मारे थे। विवाद बढ़ने पर राहुल वहां से निकल गया। कैलाश भी कुछ देर बाद मैरिज गार्डन से कुछ दूरी पर स्थित कंट्रोल की दुकान पर चला गया था।

### देर रात मिली पुलिस को सूचना

नेहरू नगर में रहने वाले आयूष मिश्रा ने रात करीब दो बजे कंट्रोल के पास कैलाश यादव को घायल अवस्था में पड़े देखा। वह तड़प रहा था। उसने कंट्रोल रूम में कॉल किया। कंट्रोल रूम से सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने एंबुलेंस को कॉल किया। ठंड अधिक थी और एंबुलेंस को आने में देरी हो रही थी। पुलिस ने आग जलाकर कैलाश यादव के शरीर को गर्म किया गया। कुछ देर बाद एंबुलेंस पहुंची। उसमें पहुंचे स्वास्थ्यकर्मी ने कैलाश को चेक करने के बाद मृत घोषित कर दिया।

### कैलाश दिन से ही पी रहा था शराब

पुलिस की जांच में यह बात सामने आई कि कैलाश यादव 9 दिसंबर की सुबह अपने साथी राजेंद्र के साथ मंडीदीप जाने के लिए निकला था। राजेंद्र की भतीजी का जन्मदिन था, लेकिन कैलाश को नशे इतने हो गए थे कि वह मंडीदीप जा नहीं सका। इसी दिन टेंट हाउस के संचालक गोपी दादा का बर्थ-डे था। टेंट हाउस के कर्मचारियों के साथ उसने फिर शराब पी ली। शारीरिक रूप से कमजोर होने और नशा अधिक होने के कारण डंडे की चोट से उसकी जान चली गई।

## ईंटखेड़ी स्थित भैरोपुरा रोड पर कलारी के सामने 3 बाइक सवारों ने की वारदात

# जुआ बंद कराने की बात पर विवाद कार सवार युवक पर चलाई गोली

◆ *बीच बचाव में पत्नी के हाथ में लगा चाकू, दो गोली लगने से युवक गंभीर, ऑपरेशन कर निकाली गोली*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ईंटखेड़ी थाना क्षेत्र भैरोपुरा सड़क पर वाइन शॉप के सामने शुक्रवार देर रात उस समय अफरा तफरी मच गई, जब कार सवार दंपती पर तीन बाइक से आए आधा दर्जन बदमाशों ने एक युवक पर फायर कर दिया। फायर होने के बाद दो गोली युवक को लगी थी, जबकि बीच बचाव में उसकी पत्नी को हाथ में चाकू लगा है। प्राथमिक जांच में यह बात सामने आई कि जिसे गोली लगी है उस पर 45 अपराध दर्ज है। इसके विपरित जिसने गोली चलाई है वह भी रजिस्टर्ड बदमाश हैं। उस पर स्टेशन बजरिया थाने में 20 अपराध दर्ज है।

पुलिस के अनुसार रिमषा पति दानिश अली रायबरेली में रहती हैं। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि शुक्रवार को वह अपने पति दानिश अली के साथ कार से भोपाल आ रही थी। ईंटखेड़ी में मिरेकल गार्डन में उन्हें शादी में शामिल होना था। रात करीब साढ़े दस बजे वह रास्ता भटकते हुए भैरोपुरा सड़क पर पहुंच गए। वाइन शॉप के पास रुकते ही तीन अलग अलग बाइक से छह लोग आए और उन्होंने मारपीट शुरू कर दी। इस बीच एक बदमाश ने कट्टा निकाला और फायर कर दिया। फायर होने से दानिश को दो गोलियां जांघ में लगी थी। बीच बचाव में दानिश की पत्नी रिमशा के हाथ में चाकू लगा है। वारदात के बाद बदमाश बाइक से फरार हो गए। रिमशा पति दानिश को लेकर निजी अस्पताल पहुंची थी। वहां देर रात ही ऑपरेशन कर गोली निकाल ली गई।


दानिश अली, घायल

### जुआ खिलाने को लेकर शिकायत की थी

दानिश अली ने बताया कि रूसी खान का इलाके में जुए का काम है। उसे कहा था कि जुए का काम बंद कर दें। उसने काम बंद नहीं किया। दानिश ने उसकी पुलिस से शिकायत की थी। शिकायत होने के कारण रूसी खान नाराज था। इसी बात को लेकर दो दिन पहले दानिश और रूसी खान का विवाद हुआ था। इसके बाद से ही रूसी खान उससे बदला लेना चाहता था। बदला लेने उसके साथी सकलेन, शाहवाज और आदिल ने अन्य तीन साथियों के साथ मिलकर हमला कराया है। पुलिस ने बताया कि रूसी खान स्टेशन बजरिया का निगरानी बदमाश है। उस पर बीस अपराध दर्ज है।

## निजि स्कूल की मान्यता के लिए 31 तक कर सकेंगे आवेदन

**भोपाल।** प्रदेश के निजी स्कूलों की कक्षा पहली से आठवीं तक की नवीन मान्यता एवं मान्यता नवीनीकरण के लिए 31 दिसंबर तक ऑनलाइन आवेदन किए जाएंगे। मान्यता नवीनीकरण प्रक्रिया में हुए बदलाव का निजी स्कूलों को लाभ भी मिलेगी। मान्यता की पूरी प्रक्रिया भी ऑनलाइन रहेगी। अब आवेदन करने के पंद्रह दिन के अंदर बीआरसीसी द्वारा अप्रूवल नहीं देने की स्थिति में आवेदन आटो मैटिक फारवर्ड हो जाएगा। राज्य शिक्षा केंद्र के वर्ष 2026-27 की मान्यता नवीनीकरण के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। डीपीसी द्वारा मापदंडों की पूर्ति करने वाले स्कूलों को बीआरसीसी के स्पष्ट अभिमत सहित आवेदन करने के 30 दिन के अंदर मान्यता जारी करना होगी।

## आबकारी विभाग ने कार्रवाई कर जब्त की शराब

# रिहायशी मकान से 41 लाख 96 हजार रुपए की शराब जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

आबकारी विभाग ने शुक्रवार को जिला रायसेन, भोपाल, विदिशा एवं थाना सुल्तानगंज की पुलिस ने ग्राम चान्दौड़ा जिला रायसेन में की गई।

सहायक जिला आबकारी अधिकारी बबीता भट्ट के नेतृत्व में आबकारी उपनिरीक्षक वृत बेगमगंज रविन्द्र अहिरवार ने ग्राम चान्दौड़ा रुद्र प्रताप सिंह चंदेला पिता बहादुर सिंह उर्फ मुन्ना राजा, देवराज बुंदेला पिता रघुराज सिंह के रिहायशी मकान से 472 पेटी पॉवर व्हिस्की, 150 लीटर स्प्रिंट, एक स्कॉर्पियो क्रमांक एमपी 04 जेडएच 6031, खाली बारदाना, कैरेमल रंग (मदिरा बनाने के लिए रंग), खाली गत्ते 150 पैकेट एवं गत्तों पर मदिरा कंपनी के नाम छापने की नकली स्लिप जब्त की गई। मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1), 34(2) एवं 49 के तहत 04 आरोपियों को मौके पर गिरफ्तार कर प्रकरण विवेचना में लिया गया। उक्त मदिरा एवं वाहन का अनुमानित मूल्य लगभग 41,96,000 रुपए बताई जा रही है।


स्कॉर्पियों में भरी बड़ी मात्रा में शराब की पेटियां, पुलिस ने किया जब्त।

## विधायक प्रतिनिधि और पार्षद ने किया सीसी रोड का भूमिपूजन

**औबेदुल्लागंज।** विधायक सुरेन्द्र पटवा नगर परिषद अध्यक्ष लक्ष्मी सोनू चौकसे के प्रयास से वार्ड 12 अर्जुन नगर में सिंचाई विभाग के सामने शनिवार को सीसी रोड का भूमि पूजन विधायक प्रतिनिधि सोनू चौकसे और पार्षद सुनील सेरिया ने वार्ड वासियों की उपस्थिति में किया। यह रोड कायाकल्प 02 योजना के तहत बनाई जा रही है। पार्षद सुनील सेरिया ने समस्त वार्डवासियों की ओर से विधायक पटवा एवं नगर परिषद अध्यक्ष लक्ष्मी सोनू चौकसे, सीएमओ किरण राहंगडाले को धन्यवाद दिया।


वार्ड 12 अर्जुन नगर में सीसी रोड का भूमि पूजन करते विधायक प्रतिनिधि सोनू चौकसे और पार्षद सुनील सेरिया व अन्य।

## भाजयुमा जिला अध्यक्ष के लिए शुभम खटीक का नाम चर्चा में

**मंडीदीप।** रायसेन जिले में भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष के लिए नगर से पूर्व मंडल अध्यक्ष शुभम खटीक के नाम की चर्चा जोरों पर है। सोशल मीडिया में शुभम खटीक के नाम को लेकर कई अटकलें चल रही है। नगर में लगातार राजनीतिक और सामाजिक सक्रियता के कारण लोगों ने अपनी प्रतिक्रिया शुभम खटीक के लिए जाहिर की। प्रदेश अध्यक्ष युवा मोर्चा श्याम टेलर के पदभार ग्रहण में भी युवाओं को टोली लेकर शुभम खटीक ने अपना दम भरा।


प्रदेश अध्यक्ष युवा मोर्चा श्याम टेलर के पदभार ग्रहण समारोह में युवाओं को टोली के साथ भोपाल स्थित भाजपा कार्यालय पहुंचे शुभम खटीक।

## ग्लोबल स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में स्टार गेज़िंग नाइट


टेलीस्कोप से ग्रह और तारों को देखते हुए ग्लोबल स्कूल के बच्चे और जानकारी देते शिक्षक

# विद्यार्थियों, अभिभावकों ने रात में टेलीस्कोप से देखे ग्रह और तारे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

ग्लोबल स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में बुधवार रात स्टार गेज़िंग नाइट का आयोजन किया। भोजपुर क्षेत्र के विद्यार्थियों, अभिभावकों और स्थानीय नागरिकों ने बड़ी संख्या में सहभागिता की। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने टेलीस्कोप की सहायता से रात में आकाश में दिखाई देने वाले तारे, ग्रह और नक्षत्रों को देखा।

रात में जेमिनिड उल्का वर्षा की गतिविधि, बृहस्पति और शनि की चमक, शनि की रिंग तथा ओरायन, टॉरस, जेमिनी, पर्सियस और एंड्रोमिडा जैसे प्रमुख नक्षत्र स्पष्ट दिखाई दिए। चंद्रमा देर से उदित होने के कारण शुरुआती रात का आकाश अधिक अंधेरा रहा, जिससे देखन में और भी आसान हो गया। अभिभावकों और विद्यार्थियों ने इस मौके को विज्ञान से सीधे जुड़ने का अनूठा पहल माना।

## सप्लाई करने के लिए ग्राहक का इंतजार कर रहा था युवक, क्राइम ब्रांच ने दबोचा

# पैडलर से समुद्र में पैदा होने वाला 10.28 ग्राम ओसीन ग्रोन गांजा बरामद, साथी हुआ फरार

गांजा, मोबाइल व बाइक समेत दो लाख 15 हजार का माल जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

क्राइम ब्रांच पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले एक पैडलर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 10.28 ग्राम ओजी (ओसीन ग्रोन) गांजा बरामद किया है। ओसीन ग्रोन उच्च क्वालिटी का गांजा माना जाता है और यह सिर्फ समुंद्र के भीतर पानी में पैदा होता है। इसे हाइड्रोफोनिक गांजा के नाम से भी जाना जाता है। आरोपी का एक साथी पुलिस को चकमा देकर भागने में कामयाब हो गया। उसकी तलाश की जा रही है। पुलिस ने नारकोटिक्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। बरामद ओजी गांजा और आरोपी के पास मिले मोबाइल व बाइक की कुल कीमत दो लाख 15 हजार रुपए बताई गई है।

पुलिस के मुताबिक मुखबिर से सूचना मिली कि मीनाक्षी प्लानेट सिटी कॉलोनी कटारा हिल्स के पास एक युवक अवैध मादक पदार्थ ओजी गांजा बेचने के इरादे से ग्राहक का इंतजार कर रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और संदिग्ध को हिरासत में लेकर पूछताछ की। उसने अपना नाम सुभाष परमार (21) निवासी ग्राम रतनपुर मिसरोद का होना बताया। तलाशी के दौरान उसकी जेब में रखी पॉलीथिन में 11 छोटी-छोटी एयरपैक पन्नियों में रखा कुल 10.28 ग्राम ओजी गांजा बरामद हुआ। आरोपी के कब्जे से एक मोबाइल व परिवहन में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल भी जब्त की गई।

पूछताछ में आरोपी ने अवैध मादक पदार्थ की खरीद-फरोख्त के बारे में अहम जानकारी दी। मौके से फरार हुआ दूसरा आरोपी भी भोपाल का रहने वाला है। गिरफ्त में आए आरोपी से पूछताछ कर पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि आरोपी उक्त ओजी गांजा कहां से लाया है और किन लोगों को सप्लाई देने वाला था। आरोपी का नेटवर्क खंगालने का प्रयास किया जा रहा है।



पुलिस की गिरफ्त में गांजा तस्कर और जब्त किया गांजा और बाइक।

# देर रात पान की दुकान में घुसे बदमाश धारदार हथियारों से युवक की हत्या


सतलापुर थाना क्षेत्र में शुक्रवार बाजार चौराहे पर हुई वारदात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

औद्योगिक शहर के सतलापुर थाना क्षेत्र में शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात शुक्रवार बाजार चौराहे पर स्थित एक पान मसाले की दुकान में घुसकर अज्ञात हमलावरों ने एक युवक पर धारदार हथियारों से ताबड़तोड़ हमला कर उसकी हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि घटना के समय दुकान देर रात तक खुली थी और वहां कुछ युवक बैठे नशा कर रहे थे। हमलावर दुकान में घुसकर वारदात को अंजाम देने के बाद मौके से फरार हो गए।

मृतक की पहचान 30 वर्षीय संजय उर्फ टिल्लू तोमर, निवासी वार्ड 16 सतलापुर के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, घटना रात करीब 1 बजे की है, लेकिन पुलिस को इसकी सूचना सुबह करीब 5 बजे मिली। पुलिस मौके पर पहुंचा और घायल संजय को सरकारी अस्पताल ले गई, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है और संदिग्धों की धरपकड़ के लिए टीमें गठित की हैं। औबेदुल्लागंज एसडीओपी शीला सुराणा ने बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में पुलिस घटना के सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है। पहली प्राथमिकता आरोपियों की धरपकड़ है।


संजय उर्फ टिल्लू तोमर, मृतक



# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भोपाल-इंदौर मार्ग पर विक्रमादित्य स्वागत द्वार का किया भूमिपूजन

*फंदा स्थित महाराणा प्रताप शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कार्यक्रम*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल क्षेत्र विरासत और विकास की मिसाल बनेगा। प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत को आधुनिक शहरी विकास से जोड़ा गया है। राजधानी में 9 स्वागत द्वार बनाए जा रहे हैं। भोपाल में परमार वंश के कुलदीपक राजा भोज, सम्राट विक्रमादित्य, श्रीराम, श्रीकृष्ण के नाम पर भी भव्य स्वागत द्वार बनेंगे। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शनिवार को भोपाल-सीहोर मार्ग पर हुजूर विधानसभा क्षेत्र के फंदा स्थित महाराणा प्रताप शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विक्रमादित्य स्वागत द्वार के भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। इसके पूर्व उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की और सम्राट विक्रमादित्य स्वागत द्वार एवं भोपाल में पीएम ई-बस सेवा योजना के अंतर्गत अत्याधुनिक ई-बस डिपो का भूमिपूजन किया।

उन्होंने कहा कि शहर को स्वच्छ, सुलभ और प्रदूषण रहित परिवहन सेवा देने के लिए पीएम ई-बस सेवा योजनांतर्गत अत्याधुनिक ई-बस डिपो का भूमिपूजन सम्पन्न हो रहा है। राज्य सरकर के इन प्रयासों से भोपाल क्षेत्र विरासत और विकास के श्रेष्ठ उदाहरण के रूप में विकसित होगा। उन्होंने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत मिट्टी निकालकर बड़े तालाब को गहरा किया जाएगा, इससे खेतों में पानी भरने की समस्या का समाधान होगा। उन्होंने हुजूर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम तूमड़ा में शाला भवन के लिए 5 करोड़ रुपए देने और ग्राम फंदा में कॉलेज भवन निर्माण की भी घोषणा की।

## पीएम ई-बस सेवा योजनांतर्गत अत्याधुनिक ई-बस डिपो का मुख्यमंत्री ने किया भूमिपूजन



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राजा भोज के शासनकाल में निर्मित भोपाल का बड़ा तालाब आज भी आदर्श तकनीक का उदाहरण बना हुआ है। समारोह को भोपाल जिले के प्रभारी मंत्री चैतन्य कुमार काश्यप, विधायक रामेश्वर शर्मा, विधायक भगवानदास सबनानी, महापौर मालती राय ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी, आयुक्त नगर निगम संस्कृति जैन, भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष ऊषा अग्रवाल सहित जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में आम लोग उपस्थित थे।

## सीएम डॉ. मोहन ने कार्यक्रम स्थल पर महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार बहनों के सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। राज्य सरकार ने धर्म-समाज से ऊपर उठकर सभी को लाड़ली बहन माना है।

## निगम ने एक बार फिर बनाया विक्रमादित्य द्वार निर्माण भूमिपूजन कार्यक्रम को जीरो वेस्ट इवेंट

नगर निगम ने एक बार फिर फंदा में हुए विक्रमादित्य द्वार निर्माण भूमिपूजन कार्यक्रम को जीरो वेस्ट इवेंट बनाया। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद कार्यक्रम स्थल एवं भोजन स्थल पर तत्काल साफ-सफाई की और गीला-सूखा कचरा व अन्य प्रकार का कचरा निष्पादन स्थलों पर पहुंचाया। निगम अमले ने 220 किलोग्राम गीला कचरा, 50 किलोग्राम सूखा कचरा व प्लास्टिक बॉटल, पैकेजिंग मटेरियल, दोने, प्लास्टिक के चमचे आदि एकत्र किए और निष्पादन स्थल भेजे। निगम अमले ने खाद्य पदार्थों को गोशाला पहुंचाने का काम भी किया।






## मुख्यमंत्री का मंत्री काश्यप ने किया अभिवादन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चैतन्य कुमार काश्यप शनिवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के श्यामला हिल्स स्थित निवास पहुंचे। उन्होंने सरकार के सफल दो वर्ष पूर्ण होने पर मुख्यमंत्री को बधाई दी। मंत्री काश्यप ने सपत्नीक तिलक कर तथा पुष्प गुच्छ भेंट कर डॉ. यादव का अभिवादन किया। मुख्यमंत्री ने सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग की दो वर्ष की प्रगति तथा आगामी कार्ययोजना पर चर्चा की।

## सीएम डॉ. यादव ने संसद भवन पर आतंकी हमले में शहीद जवानों को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने संसद भवन पर आतंकी हमले में शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे पराक्रमी जवानों ने आतंकी हमले का मुंह तोड़ जवाब देते हुए आतंकियों को मौके पर ही ढेर कर दिया था। अपने प्राण न्यौछावर कर देश के स्वाभिमान की रक्षा करने वाले जवानों पर देश सदैव गौरवान्वित रहेगा। आज पूरा देश उन सुरक्षाकर्मियों और शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है, जिन्होंने 13 दिसंबर 2001 को हुए आतंकी हमले में संसद की रक्षा करते हुए प्राण न्यौछावर कर दिए थे।

## केंद्रीय खाद्य मंत्री से उपार्जित गेहूं का उठाव शीघ्र कराने के साथ ही 7511 करोड़ लंबित राशि देने की मांग



*केंद्र-राज्य समन्वय से खाद्यान्न प्रबंधन को मिलेगा नया आयाम*

*केंद्रीय मंत्री जोशी से नई दिल्ली में प्रदेश के खाद्य मंत्री राजपूत ने की महत्वपूर्ण मुद्दा पर चर्चा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

केंद्रीय खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रह्लाद जोशी से नई दिल्ली में प्रदेश के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने शिष्टाचार भेंट कर प्रदेश की खाद्यान्न प्रबंधन व्यवस्था को अधिक सुदृढ़, पारदर्शी एवं तकनीक-संचालित बनाने से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने उपार्जित गेहूं का उठाव शीघ्र कराने के साथ ही 7511 करोड़ रुपए की लंबित राशि देने की मांग की।

इस दौरान मंत्री राजपूत ने प्रदेश में खाद्यान्न उपार्जन, भंडारण, वितरण तथा गुणवत्ता सुधार से संबंधित नीतिगत एवं वित्तीय पहलुओं से केंद्रीय मंत्री को अवगत कराया और केंद्र सरकार के स्तर पर शीघ्र निर्णय की आवश्यकता वाले प्रमुख प्रस्ताव प्रस्तुत किए। इस मौके पर उनके साथ इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव खाद्य रश्मि अरुण शमी, आयुक्त खाद्य कर्मवीर शर्मा एवं प्रबंध संचालक मप्र राज्य नागरिक आपूर्ति निगम अनुराग वर्मा भी मौजूद थे। मंत्री राजपूत ने प्रदेश में वर्तमान विकेन्द्रीकृत उपार्जन व्यवस्था के स्थान पर केन्द्रीयकृत प्रणाली लागू करने अथवा अनुमानित उपार्जन मात्रा के अनुरूप समर्थन मूल्य की एकमुश्त अग्रिम राशि उपलब्ध कराने का अनुरोध किया, जिससे किसानों को समय पर भुगतान सुनिश्चित हो सके और राज्य पर वित्तीय दबाव कम हो। खाद्य मंत्री राजपूत ने राज्य में उपार्जित अतिशेष गेहूं का एफसीआई की ओर से शीघ्र उठाव सुनिश्चित करने अथवा गोदामों में भंडारित गेहूं को यथास्थिति अधिग्रहित कर भुगतान प्रक्रिया तत्काल शुरू करने की आवश्यकता रेखांकित की। उन्होंने मप्र के लिए स्वीकृत खाद्यान्न साख सीमा को 20 वर्ष के दीर्घकालीन ऋण में परिवर्तित करने तथा मप्र नागरिक आपूर्ति निगम की ओर से प्रस्तुत लेखों के विरुद्ध लंबित लगभग 7511 करोड़ रुपए की राशि के शीघ्र भुगतान का अनुरोध किया। खाद्य मंत्री राजपूत ने वर्ष 2020-21 एवं 2022-23 में वितरित खाद्यान्न से संबंधित डेटा को सेंट्रल रिपोजिटरी में अपलोड करने की लंबित कार्रवाई को प्राथमिकता से पूर्ण कराने का आग्रह किया, जिससे राष्ट्रीय स्तर पर डेटा की एकरूपता और पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके।

## दिल्ली में मप्र के उद्यानिकी उत्पादों की धूम ओडीओपी, जीआई उत्पादों ने बनाई पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶. भोपाल

मप्र के उद्यानिकी उत्पादों ने राष्ट्रीय पहचान बना ली है। नई दिल्ली स्थित मध्यप्रदेश भवन में 12 से 14 दिसंबर तक आयोजित मध्यप्रदेश उत्सव-2025 के तहत उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, मप्र की ओर से लगाई गई राष्ट्रीय स्तर की प्रदर्शनी के दूसरे दिन भी बड़ी संख्या में आगंतुक पहुंचे। प्रदर्शनी में प्रदेश के ओडीओपी, जीआई एवं विशिष्ट उद्यानिकी उत्पादों को प्रदर्शित किया जा रहा है।

अपर संचालक उद्यानिकी, भोपाल डॉ. केएस किराड़ ने कहा कि मप्र उद्यानिकी उत्पादों की विविधता और गुणवत्ता के लिए देशभर में अपनी पहचान बना रहा है। ओडीओपी एवं जीआई उत्पादों की यह प्रदर्शनी किसानों और उद्यमियों को विपणन, ब्रांडिंग और राष्ट्रीय बाजार से जोड़ने का प्रभावी माध्यम बन रही है। प्रदर्शनी में प्रदेश के विभिन्न जिलों के उत्कृष्ट उत्पाद जैसे आगर मालवा का संतरा, नरसिंहपुर का गुड़, धार की ब्लूबेरी, रियावन लहसुन, इंदौर का मालवी गराडू, खरगोन की लाल मिर्च तथा सिवनी का सीताफल आगंतुकों के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं।




# एक जनवरी से पहले निपटा लें ये चार जरूरी काम

- टैक्स और कानूनी झंझट से बचने के लिए भर दे आईटीआर
- करदाताओं के लिए अपने पैन को आधार से लिंक करना जरूरी

बिजनेस डेस्क

अगर आप भी कानूनी झंझटों से मुक्ति चाहते हैं तो एक जनवरी से पहले कुछ जरूरी काम निपटा लें, वरना बाद में दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। इस रिपोर्ट में हम आपको बता रहे हैं वे जरूरी काम जिन्हें इसी महीने में निपटाना बेहद जरूरी है। दिसंबर 2025 में करदाताओं के लिए चार जरूरी वित्तीय डेडलाइन, जिन्हें समय पर पूरा करना बचाएगा जुर्माने और कानूनी परेशानियों से। वित्त वर्ष 2025 अपने आखिरी चरण में है और करदाताओं के लिए दिसंबर कई अहम डेडलाइन लेकर आया है। अगर ये काम समय पर पूरे नहीं किए गए, तो आपको आर्थिक नुकसान और दस्तावेजों की समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

### बिलेटेड आईटीआर फाइलिंग का अंतिम मौका

अगर आप वित्त वर्ष 2024-25 का आईटीआर समय पर नहीं जमा कर पाए हैं, तो 31 दिसंबर 2025 तक विलंब शुल्क के साथ इसे फाइल किया जा सकता है। 5 लाख रुपये तक की आय पर 1,000 रुपये और 5 लाख रुपये या उससे अधिक आय पर 5,000 रुपये का जुर्माना लगेगा। 31 दिसंबर के बाद यह अवसर खत्म हो जाएगा। इसलिए इस पर ध्यान दें और अपनी आईटीआर जमा करवा दें।

### पैन -आधार लिंकिंग

सभी करदाताओं के लिए अपने पैन को भी आधार से लिंक करना बेहद अनिवार्य है। इसके लिए अंतिम तारीख 31 दिसंबर 2025 ही है। अगर इस दौरान आप लिंकिंग नहीं करवा पाए तो आपके लिए परेशानी खड़ी हो सकती है। इससे आपका पैन कार्ड निष्क्रिय हो जाएगा और बैंक खाता या निवेश से जुड़े सभी काम प्रभावित हो सकते हैं। इसे इनकम टैक्स ई-फाइलिंग पोर्टल पर जल्द पूरा करें। वरना आपको पछतान पड़ेगा और काम प्रभावित होंगे। इसलिए समय रहते अपने पैन को आधार के लिंक जरूर करवा लें।

### एडवांस टैक्स की अंतिम किस्त

जिन करदाताओं की अनुमानित कर देनदारी 10,000 रुपये से अधिक है, उन्हें 15 दिसंबर 2025 तक चौथी और अंतिम एडवांस टैक्स किस्त जमा करनी होगी। समय पर भुगतान न करने पर ब्याज और जुर्माना लग सकता है। अगर आप भी इस श्रेणी में आते हैं तो आपको भी यह काम समय रहते पूरा कर लेना चाहिए, ताकि किसी भी परेशानी से बचा जा सके। इसलिए अपनी किस्त समय से जमा करवा दें और परेशानी से मुक्ति पा लें।

### ऑडिटेड आईटीआर की फाइलिंग

टैक्स ऑडिट के दायरे में आने वाले करदाताओं के लिए आईटीआर दाखिल करने की अंतिम तारीख 10 दिसंबर 2025 है। इसे समय पर जमा करना जरूरी है, ताकि रिटर्न लेट न माना जाए और कानूनी परेशानियों से बचा जा सके। इसलिए 31 दिसंबर की तारिख आप सभी के लिए काफी है। इससे पहले की अपने जरूरी काम पूरे कर लें और परिशानियों का बाय बाय कर दे। अगर समय रहते ये काम पूरे नहीं कर पाएंगे तो आपको कानूनी परेशानियों का भी सामना करना पड़ सकता है और आर्थिक रूप से जो नुकसान होगा वह अलग। समय रहते ये चार काम निपटा लेंगे तो जुर्माने से भी बच जाएंगे और आप खुद को तनाव मुक्त भी महसूस करेंगे।

# अगले साल भी बरकरार रह सकती है गोल्ड की चमक

**इस साल 67% से अधिक रिटर्न दे निवेशकों को किया मालामाल**

**निवेश का सबसे सुरक्षित विकल्प लेकिन रणनीति बनाना जरूरी**

**सोने की कीमतें रिकॉर्ड हाई के करीब हैं, ऐसे में सोच-समझकर करें निवेश**

**चालू वर्ष में असाधारण रूप से रिटर्न दिया**

*10 साल के सरकारी बॉन्ड का प्रतिफल दिसंबर 2025 की शुरुआत में लगभग 6.53 प्रतिशत रहा। सोने की कीमत में आई तेजी के कारण 'वैश्विक आर्थिक और भू-राजनीतिक अनिश्चितता, डॉलर सूचकांक में कमजोर रुख, मुद्रास्फीति की चिंता और इसके खिलाफ सुरक्षा की आवश्यकता ने निवेशकों के लिए सोने में निवेश को आकर्षक विकल्प बनाया है।*

बिजनेस डेस्क

सुरक्षित निवेश विकल्प के रूप में सोने की चमक बरकरार है और इस साल घरेलू बाजार में इसने अबतक लगभग 67% का रिटर्न दिया है। जानाकारों का मानना है कि यदि वैश्विक परिस्थितियां और रुपये–डॉलर की दर लगभग समान बनी रहती है या रुपया कमजोर होता है, तो 2026 में सोने की कीमत प्रति दस ग्राम 5 से 16% 0 और चढ़ सकती हैं। उनका यह भी कहना है कि चूंकि सोने की कीमतें रिकॉर्ड हाई के करीब हैं, ऐसे में सोच-समझकर निवेश करना जरूरी है। दिल्ली सर्राफा संघ के आंकड़ों अनुसार, इस साल एक जनवरी को राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमत 79,390 रुपये प्रति 10 ग्राम थी जो बीते शुक्रवार पांच दिसंबर को 1,32,900 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। 'चालू वर्ष में सोने ने असाधारण रूप से मजबूत रिटर्न दिए हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने की कीमतें इस साल अब तक लगभग 60 प्रतिशत (लंदन बुलियन मार्केट एसोसिएशन) तक चढ़ चुकी हैं। इसका मुख्य कारण सुरक्षित निवेश की मांग, भू-राजनीतिक तनाव और दुनिया के बड़े केंद्रीय बैंकों के ब्याज दर घटाने की उम्मीद है।

### काफी बेहतर प्रदर्शन

भारत में रिटर्न इससे भी ज्यादा है। घरेलू बाजार में सोने की कीमत इस साल अब तक करीब 67 प्रतिशत चढ़ चुकी है। इसका अन्य कारण डॉलर के मुकाबले रुपये का कमजोर होना और मजबूत वैश्विक संकेत है।' 'कुल मिलाकर, 2025 में सोने ने अधिकांश निवेश उत्पादों (इक्विटी शेयर और बॉन्ड) की तुलना में काफी बेहतर प्रदर्शन किया है और साबित किया है कि अनिश्चितता और अस्थिर समय में यह सबसे भरोसेमंद साधन है। अगर इक्विटी शेयर पर रिटर्न देखा जाए तो निफ्टी 50 टीआरआई (कुल रिटर्न सूचकांक) और निफ्टी 500 टीआरआई ने तीन दिसंबर तक क्रमशः 6.7 प्रतिशत और 5.1 प्रतिशत का रिटर्न दिया है।



**ब्याज दरों में कटौती की संभावना ने निवेशकों को सोने की ओर आकर्षित किया**

### यह भी कारक

वैश्विक केंद्रीय बैंकों और संस्थागत निवेशकों द्वारा बड़े पैमाने पर खरीद के अलावा अमेरिका में ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद और अनुकूल मौद्रिक नीति की संभावनाएं भी सोने की बढ़ती कीमतों का एक महत्वपूर्ण कारक रही हैं। इसके साथ ही, डॉलर के मुकाबले रुपये की कमजोरी ने भारत में सोने की कीमतों में और इजाफा किया है। 'वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता, मुद्रास्फीति की लगातार चिंताएं और ब्याज दरों में कटौती की संभावना ने निवेशकों को सोने जैसी सुरक्षित निवेश वाली संपत्तियों की ओर आकर्षित किया है। इसके अलावा, दुनिया भर में केंद्रीय बैंकों की मजबूत खरीदारी और त्योहारों की मांग ने सोने की कीमतों में तेजी को और बढ़ावा दिया है।' अगले साल के परिदृश्य के बारे में कहा जा रहा है कि 'यदि वैश्विक परिस्थितियां और रुपये–डॉलर दर लगभग समान बनी रहती है या रुपया कमजोर होता है, तो भारत में सोने की कीमत 1.45 लाख से 1.55 लाख रुपये को पार कर सकती हैं।

### क्या कहते हैं जानकार

जानकारों का कहना है कि 'हमारा अनुमान है कि आने वाले वर्ष में सोने की कीमत पांच प्रतिशत से 15 प्रतिशत तक बढ़ जाएगी, क्योंकि जिन कारणों ने इस साल कीमतों को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है, उनके अगले वर्ष भी जारी रहने की संभावना है।' मौजूदा हालात सोने में निवेश के लिए अनुकूल हैं। खासकर उन लोगों के लिए जो अपने निवेश में विविधता और मुद्रास्फीति तथा वैश्विक अनिश्चितताओं से बचाव चाहते हैं। उन्होंने कहा, 'हालांकि, सोने में निवेश को जोखिम के बचाव के रूप में देखा जाना चाहिए, न कि एकमात्र निवेश विकल्प के रूप में। निवेश का लगभग पांच प्रतिशत से 10 प्रतिशत कीमती धातुओं (सोना और चांदी) में निवेश होना चाहिए। सोने और चांदी में निवेश जोखिम के आधार पर होना चाहिए। 'चूंकि सोने की कीमतें रिकॉर्ड ऊंचाई के करीब हैं (वर्तमान में लगभग 4,200 डॉलर प्रति औंस), इसलिए अनुशासित और सोच-विचार कर निवेश महत्वपूर्ण है। आगे की वृद्धि भू-राजनीतिक जोखिमों और मुद्रास्फीति की चिंताओं पर निर्भर है। सुरक्षित निवेशकों के लिए पोर्टफोलियो में आठ से 12 प्रतिशत का हिस्सा सोने में होना उपयुक्त है।

### ऐसे कर सकते हैं निवेश

वर्तमान समय में सबसे अच्छा तरीका यह है कि गोल्ड ईटीएफ में एसआईपी के माध्यम से निवेश करें या कीमतों में चार से पांच प्रतिशत की गिरावट पर अतिरिक्त हिस्सेदारी जोड़ें। अब तक हुई तेज बढ़ोतरी को देखते हुए एकमुश्त निवेश के बजाय एसआईपी (व्यवस्थित निवेश योजना)/ एसटीपी (व्यवस्थित हस्तांतरण योजना) के जरिए निवेश करना बेहतर होगा। 'वर्तमान परिवेश में, गोल्ड ईटीएफ निवेश का पसंदीदा तरीका है, क्योंकि ये खरीद-बिक्री के लिहाज से सुगम हैं। साथ ही भौतिक रूप से सोना रखने के उलट, इसके रख-रखाव या सुरक्षा को लेकर कोई चिंता नहीं है। पारंपरिक जरूरतों के लिए, खासकर भारत में, जहां शादी, त्योहारों और पारिवारिक अवसरों में सोने की महत्वपूर्ण भूमिका होती है, भौतिक सोने में थोड़ा सा हिस्सा रखना पूरी तरह से उचित है। 'हालांकि, पूंजी सृजन के मकसद से सोने के आवंटन का अधिकांश हिस्सा ईटीएफ के माध्यम से बनाए रखना सबसे अच्छा है।

# पहली-पहली लगी है नौकरी तो निवेश को दें पहली प्राथमिकता

**कई जगह निवेश कर बनाएं भविष्य सुरक्षित, युवा थोड़ा थोड़ा निवेश कर काफी अच्छा फंड कर सकते हैं तैयार**

अगर आपकी भी पहली नौकरी लगी है और सैलरी आ गई है तो ध्यान दें। पूरी सैलरी को महज मौज मस्ती के लिए खर्च न करें। इसमें से कुछ हिस्सा बचत करें यानी निवेश करें। इससे आपको भविष्य में आर्थिक रूप से मजबूती मिलेगी। अपनी सैलरी का कुछ हिस्सा कई जगह निवेश करें। युवा थोड़ा थोड़ा निवेश कर काफी अच्छा फंड तैयार कर सकते हैं। पैसों का निवेश करना हर व्यक्ति के लिए बहुत ही जरूरी होता है। निवेश के लिए बेस्ट ऑप्शन की तलाश करें और पैसा बचाएं। इससे आपको कभी भी पैसों की तंगी नहीं होगी। रिपोर्ट में हम आपको बताने जा रहे हैं ऐसे ही कुछ निवेश के ऑप्शन के बारे में जो आपको आर्थिक रूप से मजबूत बनाएंगे। यह मजबूती आपके परिवार और बच्चों के लिए बेहद अहम होगी। जिन लोगों की पहली नौकरी लगी है, उन लोगों को यहां जरूर निवेश करना चाहिए।

### निवेश के लिए सुरक्षित ऑप्शन

पैसों का निवेश करना हर व्यक्ति के लिए बहुत ही जरूरी होता है। ऐसे में हर व्यक्ति को निवेश जरूर करना चाहिए। खासकर युवा लोगों को निवेश को जरूर प्राथमिकता देनी चाहिए और अपनी मंथली इनकम का कुछ हिस्सा बचाकर एक अच्छी स्कीम में जरूर निवेश करना चाहिए। अगर आप एक युवा हैं और आपकी पहली नौकरी लगी है और आप निवेश के लिए बेस्ट ऑप्शन चुने और रणनीति बनाकर निवेश करें। अपने लक्ष्य को पहचानें और आगे बढ़ते जाएं। युवा थोड़ा थोड़ा निवेश कर अपने भविष्य के लिए काफी अच्छा फंड बना सकते हैं।

### म्यूचुअल फंड एसआईपी

अगर आप एक युवा हैं तो आपको अपने पोर्टफोलियो में म्यूचुअल फंड एसआईपी को जरूर शामिल करना चाहिए। यहां आप हर महीने केवल 500 रुपये एसआईपी शुरू कर सकते हैं और इसे लंबे समय तक जारी रख सकते हैं। लंबे समय में म्यूचुअल फंड एसआईपी में आपको काफी अच्छा रिटर्न मिल सकता है, जो आपके भविष्य को सुरक्षित बनाएगा।

### पब्लिक प्रोविडेंट फंड (पीपीएफ)

पब्लिक प्रोविडेंट फंड यानी पीपीएफ स्कीम भी काफी लोकप्रिय सरकारी स्कीम है, जहां निवेशक थोड़े थोड़े निवेश के साथ अच्छा फंड बना सकते हैं। पीपीएफ में आपको सालाना 15 सालों तक निवेश करना होगा। यहां आपको 7.1 प्रतिशत की दर से रिटर्न मिलता है। यह भी निवेश का बेहतर विकल्प है। यह युवाओं के बीच काफी लोप्रिय है। इसलिए पीपीएफ में निवेश का विकल्प भी युवा चुन सकते हैं।

### एफडी और आरडी

सुरक्षित निवेश के लिए आपको अपनी कुछ सेविंग्स को बैंक एफडी में भी जरूर निवेश करना चाहिएद्ध इसके अलाना रिकरिंग डिपॉजिट यानी आरडी भी एक बेस्ट ऑप्शन है, जहां आप हर महीने थोड़ा थोड़ा निवेश कर सकते हैं, और एक फिक्स्ड ब्याज दर से रिटर्न पा सकते हैं। हालांकि इसमें रिटर्न बेहद कम मिलता है, लेकिन निवेश का सबसे सुरक्षित विकल्प है। अपने निवेश के पोर्टफोलियो में गोल्ड को भी थोड़ी जगह दें और यहां पर भी अपने पैसों को जरूर निवेश करें। गोल्ड में निवेश करने के लिए आप डिजिटल गोल्ड और गोल्ड ईटीएफ में निवेश कर सकते हैं।



# सिल्वर ईटीएफ ने कराई जबरदस्त कमाई, 11 माह में दिया 100% से ज्यादा रिटर्न

**सिल्वर ईटीएफ एक म्यूचुअल फंड है जो चांदी की कीमत को ट्रैक करता है**

निवेश मंत्रा

बिजनेस डेस्क

इस साल सिर्फ फिजिकल चांदी ही नहीं, बल्कि सिल्वर ईटीएफ ने भी निवेशकों की जबरदस्त कमाई करवाई है। सिल्वर ईटीएफ ने इस साल अब तक यानी करीब 11 महीने में ही 100% से ज्यादा रिटर्न दिया है। ऐसे में निवेशक सोच रहे हैं कि क्या उन्हें अपना मुनाफा बुक कर लेना चाहिए या निवेश जारी रखना चाहिए। सिल्वर ईटीएफ एक म्यूचुअल फंड है जो चांदी की कीमत को ट्रैक करता है और स्टॉक एक्सचेंजों पर शेयरों की तरह कारोबार करता है। इसमें फिजिकल चांदी खरीदने की जरूरत नहीं होती। निवेशक ट्रेडिंग अकाउंट के जरिए इसकी यूनिट खरीद और बेच सकते हैं। यह भौतिक चांदी की कीमतों को ट्रैक करता है, जिससे निवेशक बिना चांदी खरीदे, उसके दाम बढ़ने का फायदा उठा सकते हैं। यह 99.9% शुद्ध चांदी में निवेश करता है और डीमैट खाते के ज़रिए शेयरों की तरह खरीदा-बेचा जा सकता है, जो सुरक्षा और स्टोरेज की झंझट से बचाता है।

**स्टॉक एक्सचेंजों पर शेयरों की तरह कारोबार भी करता है**

### इस समय चांदी आधारित 21 ईटीएफ और एफओएफ

इस समय चांदी आधारित 21 ईटीएफ और एफओएफ हैं, जिन्होंने इस अवधि में औसतन 98.51% का रिटर्न दिया है। इन 21 फंडों में से 10 ने साल 2025 में अब तक 100% से ज्यादा रिटर्न दिया है। यूटीआई सिल्वर ईटीएफ ने 2025 में अब तक सबसे ज्यादा 100.89% का रिटर्न दिया है। इसके बाद आईसीआईसीआई प्रू सिल्वर ईटीएफ का नंबर आता है, जिसने 100.72% का रिटर्न दिया है। एचडीएफसी सिल्वर ईटीएफ और एसबीआई सिल्वर ईटीएफ ने 2025 में अब तक क्रमशः 100.29% और 100.04% का रिटर्न दिया है। निप्पॉन इंडिया सिल्वर ईटीएफ ने इस अवधि में 99.98% का रिटर्न दिया है। एक्सिस सिल्वर एफओएफ और टाटा सिल्वर ईटीएफ एफओएफ ने इसी अवधि में क्रमशः 94.38% और 92.52% का रिटर्न दिया है।

### क्यों आई तेजी

वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता के माहौल में चांदी में सुरक्षित निवेश के साथ-साथ मजबूत औद्योगिक मांग (इलेक्ट्रॉनिक्स, ईवी, सोलर पैनल आदि के लिए) भी है। इसके साथ ही, दुनिया भर के केंद्रीय बैंकों की ठोस खरीदारी और त्योहारी मांग ने कीमतों में और तेजी ला दी। एक्सपर्ट के अनुसार इस साल की शुरुआत में ईवी, सोलर पैनल, ग्रीन ट्रांजिशन और वैश्विक विद्युतीकरण को लेकर आशावाद ने लगातार औद्योगिक मांग की उम्मीदों को बढ़ाया। वैश्विक निवेशकों ने ब्याज दरों में कटौती, कम वास्तविक यील्ड और कमजोर डॉलर की उम्मीदों के बीच चांदी ईटीएफ में पैसा लगाया, जिससे यह तेजी और बढ़ गई।

### क्या कहते हैं जानकार

बाजार के जानकारों का कहना है कि अगर चांदी में आपका निवेश आपकी तय सीमा से ज्यादा हो गया है, तो कुछ मुनाफा बुक करना ठीक रहेगा, लेकिन अगर आप 5 साल या उससे ज्यादा समय के लिए निवेशित रहना चाहते हैं, तो यह अभी भी फायदेमंद है। अगर चांदी में आपका निवेश आपके पोर्टफोलियो में तय सीमा से ज्यादा हो गया है, तो कुछ मुनाफा बुक करना सही है। वहीं 5 साल या उससे ज्यादा समय के लिए निवेशित रहना अभी भी फायदेमंद है। सिल्वर ईटीएफ फंड कुल संपत्ति का कम से कम 95% हिस्सा 99.9% या उससे ज़्यादा शुद्ध चांदी या चांदी से जुड़े डेरिवेटिव्स में निवेश करता है।

## बीमा की अनदेखी और वित्तीय समीक्षा न करना बना देगी आर्थिक रूप से कमजोर

**क्रेडिट कार्ड का गलत इस्तेमाल, बचत में देरी भी बढ़ाती है परेशानी**

# छोटे-छोटे खर्चों को नजरअंदाज न करें, वरना बढ़ सकता है आर्थिक संकट रोजमर्रा की आदतें अक्सर अन-नोटिस तरीके से पैसा कर देती हैं कम

सुझाव

बिजनेस डेस्क

अगर आप भी अपना आर्थिक संकट नहीं बढ़ाना चाहते हैं तो अपने छोटे छोटे खर्चों को नजरअंदाज न करें। वरना ये आपकी बड़ी परेशानी बढ़ा सकते हैं। मसलन बाजार में ऑफर और सस्ती चीजों को देखकर ललचाएं नहीं। जो आपके जरूरत की चीजें हैं सिर्फ उन्हें ही खरीदें और मस्ती से जीवन व्यतीत करें। कई बार देखने में आता है कि छोटी-छोटी रोजमर्रा की आदतें अक्सर अन-नोटिस तरीके से आपका पैसा कम कर देती हैं। रोजाना के खर्च, क्रेडिट कार्ड का गलत इस्तेमाल, बचत में देरी, बीमा की अनदेखी और वित्तीय समीक्षा न करना आपके भविष्य को कमजोर कर सकते हैं। जागरूकता और सही कदम आपकी वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं। अक्सर लोग सोचते हैं कि पैसों की समस्या बड़ी गलती, अचानक खर्च, नौकरी छूटना या गलत निवेश की वजह से होती है, लेकिन सच यह है कि छोटी-छोटी रोजमर्रा की आदतें आपके पैसे को धीरे-धीरे कम कर देती हैं। ये आदतें छोटी लगती हैं, कभी-कभी अनजाने में होती हैं और समय के साथ बचत को कमजोर कर देती हैं। इस रिपोर्ट में हम आपको बताने जा रहे हैं ऐसे ही कुछ आदतें जो आपको नुकसान पहुंचा सकती हैं और उन्हें कैसे सुधारा जा सकता है। इनको सुधारकर आप अपनी आर्थिक स्थिति में सुधार सकते हैं और अनावश्यक खर्चे से भी बच सकते हैं।



### छोटे खर्चों को नजरअंदाज करना

छोटे-छोटे खर्च, जैसे हर दिन की कॉफी, नाश्ता या मोबाइल ऐप सब्सक्रिप्शन, अक्सर नजरअंदाज कर दिए जाते हैं, लेकिन अगर इन्हें जोड़ा जाए तो यह महीने के अंत में एक बड़ी रकम बन जाती है। इसलिए अपने खर्चों को एक हफ्ते तक नोट करें और देखें कि आपका पैसा कहां जा रहा है। इसका मतलब यह नहीं कि आपको अपनी पसंदीदा चीजें छोड़नी हैं, बल्कि आप जागरूक होकर सोच-समझकर खर्च करें। इसके बाद जब आप माह के अंत में देखेंगे तो आपको बड़ी राहत मिलेगी।

### बचत बाद में करना

कई लोग सोचते हैं कि महीने के आखिर में बचत करेंगे, जो बचेगा वही बचत होगा। अक्सर आखिरी में कुछ भी नहीं बचता। सही तरीका यह है कि पहले बचत करें और फिर खर्च करें। अपने अकाउंट से वेतन मिलने के तुरंत बाद ही बचत या इन्वेस्टमेंट अकाउंट में कुछ पैसा डाल दें। यदि आप अपनी इनकम का 10%-15% नियमित रूप से बचाते हैं, तो समय के साथ यह एक बड़ा फंड बन जाएगा। जितनी जल्दी आप शुरू करेंगे, उतना ही आसान आपका भविष्य होगा। इसलिए शुरुआत से ही बचत पर ध्यान दें।

### बीमा व आपातकालीन योजना

कई लोग सोचते हैं कि जीवन बीमा या स्वास्थ्य बीमा लेना बाद में भी किया जा सकता है, लेकिन एक छोटा अस्पताल का बिल या अचानक हादसा आपकी सारी बचत मिटा सकता है। जीवन बीमा आपके परिवार की सुरक्षा करता है और स्वास्थ्य बीमा अस्पताल के खर्चों से बचाता है। यह छोटे-छोटे मंथली प्रीमियम आपके भविष्य की सुरक्षा में बहुत मदद करते हैं।

### अपनी वित्तीय स्थिति की समीक्षा जरूर करें

पैसे की आदतों को केवल सही तरीके से खर्च और बचत करने की जरूरत नहीं होती, बल्कि इन्हें समय-समय पर देखना भी जरूरी है। हर महीने कुछ घंटे अपने बैंक स्टेटमेंट, बीमा और निवेश की समीक्षा में बिताएं। इससे आप फालतू खर्च पकड़ पाएंगे, अपने लक्ष्यों को सही दिशा में रख पाएंगे और अपने वित्तीय भविष्य पर भरोसा कर पाएंगे। आपके रोजमर्रा के फैसले आपके पैसे और भविष्य को प्रभावित करते हैं। कुछ छोटी-छोटी गलत आदतें धीरे-धीरे आपकी जेब खाली कर देती हैं, जबकि सही आदतें आपके भविष्य को मजबूत और सुरक्षित बनाती हैं। इससे आपको पैसे संबंधी परकशानी होगी और आपका निवेश भी बढ़ता जाएगा। इसलिए निवेश पर जरूर फोकस करें। क्रेडिट कार्ड से खरीदारी करना आसान होता है, इसलिए हम छोटे खर्च भी कार्ड से कर लेते हैं।

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया भारत सरकार का उपक्रम | Union Bank of India A Government of India Undertaking

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, क्षेत्रीय कार्यालयः नर्मदापुरम, अशोक भवन, खसरा नं. 59/28, वार्ड नं. 12, जलालाबाद नर्मदापुरम - 451001 (म.प्र.)

परिशिष्ट - IV क [ नियम 8(6) का परन्तुक देखें ]

**अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस**

**प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूतिहित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस**

आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है, का कब्जा यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (प्रतिभूत लेनदार) के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को ''जहां है, जैसा है और जो कुछ भी है'' के आधार पर निम्नवर्णित ऋणियों से यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (प्रतिभूत लेनदार) की निम्नवर्णित बकाया राशि की वसूली हेतु दिनांक **30 दिसम्बर 2025** को बेचा जाएगा।

| ऋणी (यो)/ बंधककर्ता (ओ)/ जमानतदार (रो) का नाम | अनुसूची (संपत्ति का विवरण) | आरक्षित मूल्य / ईएमडी | मांग सूचना अनुसार बकाया राशि |
|---|---|---|---|
| **यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (पूर्ववर्ती कार्पोरेशन बैंक) मंडीदीप शाखाः इन्द्रा नगर, एनएच-12, मंडीदीप फोन : 07480-231088** | | | |
| ऋणी- **मेसर्स अग्रता स्पाइसेस** द्वारा- प्रोपराइटर-श्री अमित कुमार श्रीवास्तव जमानतदार- श्री ओमप्रकाश श्रीवास्तव पुत्र भैयालाल | संपत्ति का समस्त भू भाग क्षेत्रफल- 4305.56 वर्गफिट में स्थित खुली डायवर्टेड भूमि स्थित खसरा नं. 129, प.ह.नं. 25/8, वार्ड नं. 3, ग्राम- खिल्लीखेड़ा, विकासखण्ड, औबेदुल्लागंज, तहसील- गौहरगंज, उपजिला एवं जिला- रायसेन में पंजीकृत संपत्ति मालिक- श्री ओमप्रकाश श्रीवास्तव पुत्र श्री भैयालाल चर्तुसीमाएं- उत्तर - श्री हरिनारायण यादव का मकान, दक्षिण- श्री मोहन सिंह यादव का मकान, पूर्व- नाला, पश्चिम- सरकारी रोड | ₹ 11,34,000/- / ₹ 1,13,400/- | ₹ 1886230.65 + ब्याज एवं खर्चे / मांग सूचना दिनांक 01/07/2019 |

**ई-नीलामी की दिनांक एवं समय : 30-12-2025, दोपहर 12.00 से सायं 5.00 बजे तक (10 मिनिट के असीमित विस्तार पर)**

विक्रय के निबंधन और शर्तों के ब्यौरे के लिए कृपया नीचे दिए यूनियन बैंक ऑफ इंडिया प्रतिभूत लेनदार की वेबसाइट देखें।
www.unionbankofindia.co.in & https://baanknet.com
पंजीयन, लॉगइन एवं नीलामी के नियम हेतु अवलोकन करें- https://baanknet.com
तारीख : 12.12.2025, स्थानः मंडीदीप (म.प्र.) — प्राधिकृत अधिकारी, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया

**भारतवर्ष अपने राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम्' के 150 वर्ष पूरे होने का जश्न मना रहा है। बंकिम चंद्र चटर्जी (चट्टोपाध्याय) द्वारा रचित इस गीत की पंक्तियों में भारतीयता का ओज और राष्ट्रप्रेम के प्रति अटूट जज्बा है। आज़ादी की लड़ाई के दौरान करोड़ों भारतीयों के लिए यह गीत संघर्ष, चेतना और आत्मबल का प्रतीक रहा, लेकिन इतने दशकों के बाद यह गीत एक बार फिर राजनीतिक और वैचारिक टकराव के केंद्र में आ गया है। भाजपा का आरोप है कि आजादी की लड़ाई के शुरुआती दौर से ही कांग्रेस ने इस गीत के साथ अन्याय किया है और आजादी के बाद भी सम्पूर्ण गीत को न लेकर इसके एक अंश को ही राष्ट्रगीत के रूप में मान्यता दी। उधर, कांग्रेस का कहना है कि ऐसा किसी द्वेषवश नहीं, बल्कि उस वक्त सभी धर्मावलंबियों की भावनाओं को ध्यान में रखकर किया गया था। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि भला इस गीत से किसी मजहब और संप्रदाय को किस तरह चोट पहुंच सकती है? संसद के दोनों सदनों में वंदे मातरम् पर हुई बहस ने निस्संदेह देश के अंदर बहुत बड़े वर्ग में देश भक्ति का भाव गहरा किया है तो दूसरी ओर क्षोभ और गुस्सा भी पैदा हुआ है। अच्छा होगा, अगर इस को धर्म और राजनीति से जरा दूर ही रखा जाए। इसी का विश्लेषण करता *आजकल* का यह खास अंक...**

# 'वंदे मातरम्' पर विपक्ष का प्रवंचना भाव



**विश्लेषण**

अरविंद जयतिलक

वरिष्ठ स्तंभकार



**चारों ओर वंदे मातरम् की गूंज से भारतीयता का सनातन भाव गुंजायमान है, लेकिन विडंबना है कि राष्ट्र गीत वंदे मातरम् का उच्चतर भाव कुछ लोगों को रास नहीं आ रहा है। वे संसद से लेकर सड़क तक कुतर्कों का सहारा लेकर किस्म-किस्म की प्रवंचना से विरोध की प्रस्तावना खींच रहे हैं। यह ठीक नहीं है। उन्हें समझना होगा कि वंदे मातरम् किसी धर्म या मजहब का समर्थन या विरोध का भाव नहीं है। यह मातृभूमि के प्रति समर्पण, त्याग और बलिदान का वह निश्छल भाव है जिसे विचारों का हथियार बनाकर आजादी के दीवानों ने मातृभूमि को आजाद करवाया।**

भारतवर्ष वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूरे होने का जश्न मना रहा है। चारों ओर वंदे मातरम् की गूंज से भारतीयता का सनातन भाव गुंजायमान है, लेकिन विडंबना है कि राष्ट्र गीत वंदे मातरम् का उच्चतर भाव कुछ लोगों को रास नहीं आ रहा है। वे संसद से लेकर सड़क तक कुतर्कों का सहारा लेकर किस्म-किस्म की प्रवंचना से विरोध की प्रस्तावना खींच रहे हैं। यह ठीक नहीं है। उन्हें समझना होगा कि वंदे मातरम् किसी धर्म या मजहब का समर्थन या विरोध का भाव नहीं है। यह मातृभूमि के प्रति समर्पण, त्याग और बलिदान का वह निश्छल भाव है जिसे विचारों का हथियार बनाकर आजादी के दीवानों ने मातृभूमि को आजाद कराया। राष्ट्रगीत वंदे मातरम् केवल शब्द भर नहीं हैं बल्कि इसमें राष्ट्र की संस्कृति, इतिहास, कला, साहित्य और ज्ञान-विज्ञान का वह भाव समाहित है जो भारत राष्ट्र की निरंतरता और चेतना को उद्घाटित करता है। इसके प्रकटीकरण से राष्ट्र की गरिमा और गौरव में वृद्धि होती है। बंकिम चंद्र चटर्जी द्वारा रचित इस गीत की पंक्तियों में भारतीयता का ओज और राष्ट्रप्रेम के प्रति अटूट जज्बा है।

## राष्ट्रीय एकता का भाव

यह गीत अपने आगोश में संपूर्ण भारत की विविधता और विशेषता को समेटे हुए है। इसमें मातृभूमि के प्रति अनुरक्ति, समर्पण और उदात्त भावनाएं निहित हैं। दुर्भाग्यपूर्ण यह कि वंदे मातरम् का विरोध करते हुए आज फिर वहीं लोग दिख रहे हैं जिन्होंने सत्ता-सिंहासन पर आसीन रहते हुए गीत के कुछ हिस्सों, खासकर मां दुर्गा की स्तुति करने वाले छंदों को काट-छांटकर राष्ट्रीय एकता के भाव को नष्ट-विनष्ट कर दिया। उल्लेखनीय है कि 1937 में कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में पं. जवाहरलाल नेहरु ने सुभाषचंद्र बोस को लिखे एक पत्र में कहा था कि वंदेमातरम् के कुछ छंद मुसलमानों को नाराज कर सकते हैं। नतीजा यह हुआ कि वंदेमातरम् गीत के सिर्फ पहले के दो छंदों को ही अपनाया गया। आज अगर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कांग्रेस पार्टी पर इस गीत को टुकड़े-टुकड़े करने का आरोप लगा रहे हैं तो उचित ही है। शास्त्रों में माता और मातृभमि को सर्वोपरि माना गया है। कहा गया है कि 'जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरियसी' यानी माता और मातृभूमि स्वर्ग से भी बढ़कर है। वंदे मातरम् में यही भाव निहित है। वंदेमातरम गीत के इतिहास में जाएं तो 7 नवंबर 1875 को बंगाल के कांतल पाड़ा गांव में बंकिम चंद्र चटर्जी ने इस वंदेमातरम गीत की रचना की। मूल रूप से वंदे मातरम् के प्रारंभिक दो पद संस्कृत में थे और शेष गीत बांग्ला में। दिसंबर 1905 में कांग्रेस कार्यकारिणी की बैठक में गीत को राष्ट्रगीत का दर्जा प्रदान किया गया और बंगाल विभाजन के समय यह गीत राष्ट्रीय नारा बन गया।

## जिन्ना ने किया था विरोध

कांग्रेस के कलकत्ता अधिवेशन में रविंद्र नाथ टैगोर ने इसका संशोधित रूप प्रस्तुत किया। 1923 में कांग्रेस अधिवेशन में मोहम्मद अली जिन्ना द्वारा इस्लाम की भावना के विरुद्ध बताकर वंदे मातरम् गीत का विरोध किया, लेकिन पंडित जवाहरलाल नेहरु, सुभाषचंद्र बोस, मौलाना अब्दुल कलाम आजाद और आचार्य नरेंद्र देव की समिति ने 28 अक्टूबर 1937 को कांग्रेस के कलकत्ता अधिवेशन में पेश अपनी रिपोर्ट में इस राष्ट्रगीत के दो पहले पैराग्राफ को राष्ट्रगीत के रूप में स्वीकृति दे दी। 1936 में भी महात्मा गांधी ने वंदे मातरम् गीत के बारे में कहा कि-'कवि ने हमारी मातृभूमि के लिए जो अनेक सार्थक विशेषण प्रयुक्त किए हैं, वे एकदम अनुकूल हैं, इनका कोई सानी नहीं है। अब हमारी जिम्मेदारी है कि हम इन विशेषणों को यथार्थ में बदलें। मुझे कभी ख्याल नहीं आया कि यह गीत सिर्फ हिंदुओं के लिए रचा गया है।' यहां ध्यान देना होगा कि 1906 से 1911 तक यह गीत पूरा गाया जाता था। इस गीत में वह ताकत थी कि ब्रिटिश हुकूमत को बंगाल विभाजन का फरमान वापस लेना पड़ा। क्रांतिकारियों ने इस वंदे मातरम् आदर्श नारे को अपने संस्कार में ढाला और गीत के जरिए आजादी की जंग को गति देकर भारतीय जनमानस में जागृति पैदा की।

## हर देश में राष्ट्रगीत का गायन

लोगों को लामबंद किया और ब्रिटिश राजसत्ता को उखाड़ फेंका। भगत सिंह, मदनलाल ढींगरा, राजगुरु और बिस्मिल जैसे क्रांतिकारियों ने वंदे मातरम् की आवाज लगाकर फांसी के फंदे को चूम लिया। गौर करें तो भारत ही नहीं बल्कि दुनिया के हर देश में राष्ट्रगीत का गायन होता है। इस्लामी देशों में भी राष्ट्रगीत को समादर प्राप्त है और वह मातृभूमि को समर्पित है। अरबी में मातृभूमि को मादर-ए-वतन कहा जाता है जिसका मतलब मां से है। फारसी में मातृभूमि की उपमा मां से की गयी है। यमन के राष्ट्रगीत में झरनों की तुलना मां के दूध से की गई है। मिश्र के राष्ट्रगीत में मातृभूमि की तुलना मां से की गयी है। इसी तरह मलेशिया, सूडान, अरब, जार्डन सभी देशों में राष्ट्रगीत की परंपरा है और उसे किसी न किसी रूप में मातृभूमि और मां से जोड़ा गया है, तो क्या यह समझा जाए कि ये मुस्लिम देश इस्लाम की भावना का अनादर कर रहे हैं? बिल्कुल ही नहीं। फिर आज वंदे मातरम् के 150 वर्ष के जश्न पर ऐतराज और काली सियासत क्यों? क्यों न माना जाए कि कुछ मुठ्ठी भर लोग वंदे मातरम् गीत पर सवाल खड़ा करके क्रांतिकारियों का अपमान कर रहे हैं? उन्हें समझना होगा कि वंदे मातरम् गीत राष्ट्रीयता का स्वर है। साथ ही क्रांतिकारियों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि भी।

## राजनीतिक संकीर्णता का दायरा

इस गीत का विरोध आजादी के दिवानों का विरोध है। साथ ही राष्ट्रीयता की भावना पर कुठाराघात भी। यह ठीक नहीं है कि कुछ सियासी दल और तथाकथित संगठन अपने राजनीतिक फायदे के लिए वंदे मातरम् गीत को राजनीतिक संकीर्णता के दायरे में रखकर इस्लाम की मान्यताओं के खिलाफ प्रचारित कर रहे हैं। भला इस गीत से किसी मजहब और संप्रदाय को किस तरह चोट पहुंच सकती है? उचित होगा कि वे संकीर्णताओं के केंचूल से बाहर निकलकर राष्ट्रगीत वंदे मातरम् पर काली सियासत न करें। सामाजिक वातावरण विषाक्त बनता है। गत वर्ष पहले मध्यप्रदेश की कमलनाथ सरकार ने भी वंदे मातरम् के गायन पर पाबंदी थोप दी थी लेकिन जब इस निर्णय की आलोचना हुई तब यू-टर्न लेते हुए फैसला लिया गया कि हर महीने के पहले कार्य दिवस पर पुलिस बैंड की धुनों पर वंदे मातरम् गाया जाएगा। गत वर्ष जब मद्रास उच्च न्यायालय द्वारा राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् को तमिलनाडु के स्कूलों में सप्ताह में दो बार गायन को अनिवार्य किया, तब भी कुछ सियासी दलों ने हायतौबा मचाना शुरू किया था। इसे मजहबी फ्रेम में फिट कर इस्लाम की भावना के विरुद्ध सियासी शोर में बदलने की कोशिश की गई। आज की तारीख में भी कुछ ऐसा ही उपक्रम देखने को मिल रहा है।

# राष्ट्रीय गीत पर क्यों हो रही राजनीति?



**विवाद**

रवि शंकर

स्वतंत्र पत्रकार

वंदे मातरम को लेकर देश की राजनीति में एक बार फिर उबाल आ गया है। यह वही गीत है, जो आज़ादी की लड़ाई के दौरान करोड़ों भारतीयों के लिए संघर्ष, चेतना और आत्मबल का प्रतीक रहा, लेकिन 150 वर्ष बाद यह गीत एक बार फिर राजनीतिक और वैचारिक टकराव के केंद्र में आ गया है। बीते महीने सात नवंबर को 'वंदे मातरम्' गीत के 150 साल पूरे होने पर दिल्ली में एक बड़े कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी ने इस गीत के साथ तोड़-मरोड़ की। उन्होंने कहा कि 1937 में नेहरू के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी ने मूल 'वंदे मातरम्' गीत से महत्वपूर्ण पद हटा दिए थे। 'वंदे मातरम्' को टुकड़ों में तोड़ दिया गया। इसने विभाजन के बीज भी बो दिए। यह अन्याय क्यों किया गया? वही विभाजनकारी विचारधारा आज भी राष्ट्र के लिए एक चुनौती बनी हुई है। वहीं, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के सभी स्कूलों में वंदे मातरम् के गायन को अनिवार्य करने का ऐलान कर मामले को और तूल दे दिया है। गोरखपुर में एकता पदयात्रा के दौरान योगी आदित्यनाथ ने ये घोषणा की और कहा कि कोई भी धर्म राष्ट्र से ऊपर नहीं है। योगी आदित्यनाथ की घोषणा पर राजनीतिक प्रतिक्रियाएं तो आ ही रही हैं लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस तरह से कांग्रेस पार्टी पर वंदे मातरम् गीत के साथ छेड़छाड़ का आरोप लगाया है, उसे लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। बहरहाल, संसद के दोनों सदनों में भी इस राष्ट्रगीत पर लंबी-चौड़ी चर्चा हुई। लोकसभा में पीएम मोदी ने इस दौरान कई दावे किए। उन्होंने इस चर्चा के दौरान महात्मा गांधी से लेकर पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू और मोहम्मद अली जिन्ना का जिक्र किया। पीएम मोदी ने सवाल किया कि जब बापू को वंदे मातरम् नेशनल एंथम के रूप में दिखता था तो इसके साथ अन्याय क्यों हुआ? उन्होंने कांग्रेस पर सामाजिक समरसता की आड़ में इस गीत को तोड़ने का आरोप लगाया और कहा कि वह अभी भी तुष्टिकरण की राजनीति कर रही है। वहीं विपक्ष ने स्वतंत्रता आंदोलन में आरएसएस की भूमिका पर सवाल उठाए और कहा कि कांग्रेस पार्टी ने ही 'वंदे मातरम्' को राष्ट्रीय गीत का दर्जा दिया था।

***1870 के दशक में लिखा गया यह गीत आज भी देश के राजनीतिक गलियारों में एक खास जगह रखता है और इस पर अलग-अलग पार्टियों के अपने विचार हैं। खैर, आज की राजनीति भावनाओं को बहुत तेजी से भुनाती है।***

हालांकि, विपक्ष ने कहा है कि सरकार पश्चिम बंगाल चुनाव के मद्देनजर वंदे मातरम् को मुद्दा बनाना चाहती है और इसके छंदों को हटाने पर राजनीति कर रही है। अहम सवाल यह है कि डेढ़ सौ साल पुराने इस मुद्दे को अचानक राजनीति और विवाद को केंद्र में लाने के पीछे वजह क्या है, इस पर भी सवाल उठ रहे हैं। माना जा रहा है कि आने वाले समय में पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव हैं। बीजेपी इस चुनाव में किसी भी तरह जीत हासिल करना चाहती है। इससे पार्टी को उम्मीद है कि वह तृणमूल कांग्रेस को सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के सवाल पर घेर सकेगी। वहीं, कांग्रेस, टीएमसी और समाजवादी पार्टी जैसी विपक्षी पार्टियां इस बहस में आरएसएस की स्वतंत्रता संग्राम में भूमिका और हिंदुत्व विचारधारा से जुड़े कुछ नेताओं के राष्ट्रीय प्रतीकों पर पुराने बयानों को लेकर सरकार को घेरने की तैयारी में हैं। विपक्ष का आरोप है कि बीजेपी सांस्कृतिक प्रतीकों का राजनीतिक हथियार की तरह इस्तेमाल कर रही है ताकि मौजूदा आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक मुद्दों से ध्यान भटकाया जा सके। साफ है, 1870 के दशक में लिखा गया यह गीत आज भी देश के राजनीतिक गलियारों में एक खास जगह रखता है और इस पर अलग-अलग पार्टियों के अपने विचार हैं। खैर, आज की राजनीति भावनाओं को बहुत तेजी से भुनाती है। एक नारा, एक गीत, एक इतिहास का पन्ना और फिर उसे वोट की शक्ल दे दी जाती है। प्रधानमंत्री जब कांग्रेस पर तुष्टिकरण का आरोप लगाते हैं और विपक्ष जब सत्ता पक्ष पर इतिहास के अपहरण का आरोप लगाता है, तो आम आदमी कहीं बीच में खड़ा रह जाता है। एक साधारण नागरिक यही सोचता है कि क्या यह बहस उसकी महंगाई, बेरोजगारी, प्रदूषण और हवाई टिकट की कीमतें कम कर देगी। एक तरफ़ हम अतीत के गौरव में खड़े होकर ताली बजा रहे हैं, दूसरी तरफ वर्तमान की परेशानी दरवाजे पर खड़ी है। राजनीति अक्सर यही करती है। वह भावनाओं की रोशनी में हकीकत की छाया को ढक देती है। अब प्रश्न उत्पन्न होता है कि क्या हम आज भी इस संविधान की भावना के अनुकूल देश की दशा और दिशा तय कर रहे हैं या नहीं? दरअसल, वंदे मातरम पर संसद की बहस हमें किसी एक निष्कर्ष तक नहीं पहुंचाती है, बल्कि कई सवालों के बीच खड़ा कर देती है।

# वंदे मातरम् को क्रांति गीत ही रहने दीजिए



**मंथन**

सुनील अमर

स्वतंत्र पत्रकार

लगभग डेढ़ सौ वर्ष पहले लिखा गया 'वंदे मातरम्' एक अद्भुत राष्ट्रीय गीत है। कुल छह छन्दों वाले इस संस्कृतनिष्ठ बांग्ला भाषा के गीत के पहले दो छंद तो खासकर बहुत ही मनमोहक और हृदयंगम हैं और इन्हें ही राष्ट्रगीत के रूप में लिया गया है। भाजपा नीत केंद्र सरकार द्वारा इस गीत के खंडित व सम्पूर्ण स्वरूप को लेकर इन दिनों सड़क से संसद तक बहस चलाई जा रही है। भाजपा का आरोप है कि आजादी की लड़ाई के शुरुआती दौर से ही कांग्रेस ने इस गीत के साथ अन्याय किया है और आजादी के बाद भी सम्पूर्ण गीत को न लेकर इसके एक अंश को ही राष्ट्रगीत की मान्यता दी। कांग्रेस का कहना है कि ऐसा किसी द्वेषवश नहीं, बल्कि उस वक्त सभी धर्मावलम्बियों की भावनाओं को ध्यान में रखकर किया गया था। इस गीत के रचयिता बंकिमचन्द्र चटर्जी कलकत्ता विश्वविद्यालय के पहले स्नातक थे और पहले हिन्दुस्तानी थे जिन्हें इंग्लैंड की महारानी ने भारतीय उपनिवेश में सन् 1858 में डिप्टी कलेक्टर के पद पर नियुक्त किया था। चटर्जी अच्छे लेखक और कवि थे। उनका लिखा यह गीत मानों जनता के विरोध का क्रांति गीत ही बन गया। बंगाल में इसकी लोकप्रियता को देखकर ही शायद उस समय कांग्रेस व अन्य स्वाधीनता संग्राम संगठनों ने भी इसे अपनाना शुरू किया। इस गीत के पहले दो छंद जो राष्ट्रगीत में लिए गए, वे सार्वभौमिक व सर्वकालिक हैं और संस्कृत में हैं तथा शेष रचना बांग्ला भाषा में है और भारतीय देवी मां दुर्गा की स्तुति में है। इसी वजह से देश के अन्य धर्मावलम्बियों द्वारा इसे सम्पूर्ण रूप में राष्ट्रगीत स्वीकार करने से इनकार किया जाता रहा है। भाजपा आज इस गीत को पूर्ण स्वरूप में लागू किए जाने की वकालत कर रही है तो अन्य लोग संविधान के पंथनिरपेक्षता का हवाला दे रहे हैं। असदुद्दीन ओवैसी ने सदन में कहा कि हमारे संविधान की प्रस्तावना 'भारत माता' से नहीं बल्कि 'हम भारत के लोग' से शुरू होती है। उन्होंने तर्क दिया कि बाबा साहेब ने तो भारत माता के विचार को ही खारिज कर दिया था। देखा जाए तो हिन्दू धर्मावलम्बियों के लिहाज से यह पूरा गीत ही बहुत मनोहर और देवी स्तुति के स्तर का है। दुनिया के अन्य लोकतांत्रिक देशों में भी राष्ट्रगीत और राष्ट्रगान हैं तथा तमाम अवसरों पर गाए जाते हैं लेकिन उनके गायन के पीछे स्वतःस्फूर्त का भाव होता है, जबर्दस्ती का नहीं। 'वंदे मातरम्' को लेकर धर्म, क्षेत्रीयता और वैचारिकता को उभारने के बजाए अगर इतने सुन्दर गीत के मर्म को समझा जाए तो इस गीत में न सिर्फ प्राकृतिक निधियों का सम्मान बल्कि रीति-रिवाजों पर गर्व, राष्ट्रीय एकता पर जोर तथा ऐतिहासिकता की भी चर्चा है, जो इसे महत्त्वपूर्ण बनाती है। अच्छा होगा, अगर इसे धर्म और राजनीति से जरा दूर ही रखा जाए।

***इस गीत में न सिर्फ प्राकृतिक निधियों का सम्मान बल्कि रीति-रिवाजों पर गर्व, राष्ट्रीय एकता पर जोर, ऐतिहासिकता की भी चर्चा है, जो इसे महत्त्वपूर्ण बनाती है।***

# संसद में राजनीतिक विवाद दुर्भाग्यपूर्ण




**मुद्दा**

अवधेश कुमार

वरिष्ठ स्तंभकार

संसद के दोनों सदनों में वंदे मातरम् पर हुई बहस ने निस्संदेह देश के अंदर बहुत बड़े वर्ग में देश भक्ति का भाव गहरा किया है तो दूसरी ओर क्षोभ और गुस्सा भी पैदा हुआ है। आम भारतीय को उम्मीद नहीं थी कि वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूरे होने का भावपूर्ण पवित्र अवसर भी राजनीतिक विवाद, तनाव तथा आरोप-प्रत्यारोप का कारण बन जाएगा।

इसका सबसे दुर्भाग्यपूर्ण पक्ष रहा संसद के अंदर विपक्ष द्वारा एक स्वर में वंदे मातरम् का स्वागत नहीं किया जाना। विपक्ष के नाते सरकार का मुद्दों पर विरोध का अर्थ यह नहीं है कि महान और पवित्र अवसर को भी राजनीतिक तू तू, मैं मैं बदल दिया जाए। यह सही है कि मुख्य विपक्षी पार्टी के नेताओं ने सीधे वंदे मातरम् को गलत नहीं बताया , किंतु भारत भक्ति भाव के रूप में समान रूप से सबके अंदर विद्यमान हो और यह राष्ट्रीय एकता के प्रति संकल्प और प्रतिबद्धता घनिभूत का अवसर बन जाए, इसका रंच मात्र भी संदेश नहीं दिया गया। 7 नवंबर, 1875 को महान बांग्ला साहित्यकार बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय ने यह गीत लिखा था। इस तरह 150 साल 7 नवंबर, 2025 को पूरे हुए। यह सच है कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार नहीं होती तो इसका 150वां वर्ष नहीं मनाया जाता। यह भी सच्चाई है कि इसे राष्ट्रगीत स्वीकार करते हुए भी संसद में गाने की परंपरा नहीं शुरू की गई। 1992 में भाजपा के लालकृष्ण आडवाणी तथा राम नायक ने यह मुद्दा उठाया और संसद में वंदे मातरम् का गान शुरू हो सका। बावजूद जबसे लाइव प्रसारण शुरू हुआ, देश ने देखा कि कई सांसद इस राष्ट्रगीत के समय सदन से बाहर चले गए। यह प्रश्न तो उठेगा कि आखिर संसद में इसका गान क्यों नहीं होता रहा? लोकसभा में चर्चा की शुरुआत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी दृष्टि से सारे तथ्य रखे तो राज्यसभा में गृह मंत्री अमित शाह ने। दोनों के वक्तव्य का मूल यही था



**संसद में जब से लाइव प्रसारण शुरू हुआ, देश ने देखा कि कई सांसद इस राष्ट्रगीत के समय सदन से बाहर चले गए। यह प्रश्न तो उठेगा कि आखिर संसद में इसका गान क्यों नहीं होता**

कि यह भावगीत अंग्रेजों के विरुद्ध संघर्ष और दासता से मुक्ति तक ही प्रासंगिक नहीं था यह सदा के लिए है , जो भारत के लिए जीने व काम करने की प्रेरणा देता रहेगा। 7 नवंबर , 2025 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 1 वर्ष तक चलने वाले समारोहों की भव्य शुरुआत हुई। विशेष सिक्का और डाक टिकट भी जारी हुआ। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हर गीत, हर काव्य का अपना एक मूल भाव होता है, मूल संदेश होता है। वंदे मातरम् का मूल भाव है- भारत, मां भारती। लोकसभा में भी उनका स्वर यही था। अमित शाह ने इसे स्वतंत्रता, संस्कृति और राष्ट्रभक्ति का सबसे शक्तिशाली जय घोष बताया। इस गीत को विवादास्पद या किसी एक धर्म का बताने वाले कुछ तथ्यों का ध्यान रखें- 1896 में कलकत्ता कांग्रेस अधिवेशन में रवींद्रनाथ टैगोर ने इसे गाया था, 1905 में बंगाल में विभाजन विरोधी और स्वदेशी आंदोलन के दौरान वंदे मातरम् विरोध का मुख्य सुर बना, 7 अगस्त , 1905 को वंदे मातरम् नारे के रूप में गाया गया था, 1907 में मैडम भीकाजी कामा ने विदेश में वंदे मातरम लिखा ध्वज ही फहराया था। कांग्रेस के वाराणसी अधिवेशन में वंदे मातरम् गीत को पूरे भारत समारोहों के लिए अपनाया गया, 24 जनवरी, 1950 को इसे राष्ट्रीय गीत के तौर पर स्वीकार किया गया।

यह अंग्रेजी शासन के विरोध का सबसे बड़ा भावनात्मक गीत बन गया था। पूरे भारत में अंग्रेजों के विरुद्ध उठने वाले हर विरोध और आंदोलन में वंदे मातरम् गूंजने लगा। प्रश्न है कि क्या वंदे मातरम् जिसने हजारों भारतवासियों, जिनमें हंसते-हंसते बलिदान होने वाले क्रांतिकारी भी थे,को प्रेरित किया, उसका 150वां वर्ष नहीं मनाया जाना चाहिए? क्या इसलिए नहीं मनाया जाना चाहिए कि अगले वर्ष बंगाल के साथ कुछ राज्यों के चुनाव हैं? इससे दिल दहलाने वाला कुतर्क कुछ नहीं हो सकता। 7 नवंबर, 2025 को पूरे देश में एक साथ वंदे मातरम् के गायन से जो भाव पैदा हुआ और जिस तरह पूरे देश में वंदे मातरम् अभियान चला है, उससे उम्मीद जगती है कि भारत के लिए जीने और काम करने का भाव ही ज्यादा प्रबल होगा और विरोधी कमजोर पड़ेंगे।

# 'वंदे मातरम्' की 150 वर्षों की अखंड गूंज



**ऐतिहासिक पर्व**

डॉ. चन्द्र त्रिखा

वरिष्ठ पत्रकार

राहुल बाबा सरीखे 'वंदे मातरम्' विरोधियों के लिए कुछेक तथ्य जानना आवश्यक है। वरना खतरा तो यह भी है कि किसी दिन अपने मोदी-विरोध की लहर में यह भी भूल जाएं कि वंदे मातरम् पहली बार 1896 में कांग्रेस के ही कलकत्ता अधिवेशन (अब कोलकाता) में गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर ने 7 अगस्त, 1905 में एक राजनीतिक राष्ट्रीय पहचान के रूप में गाया था, तब वह कटा-फटा भी नहीं था। पूरा गीत था, जिसे बंकिम बाबू ने अपने चर्चित उपन्यास आनंद मठ में दिया था। वर्ष 1947 में पंडित ओंकार नाथ ठाकुर ने गाया था। समय की अनंत और अविराम धारा में कुछ तिथियां केवल पंचांग के पन्ने नहीं होतीं, वे किसी राष्ट्र की चेतना का 'प्रस्थान बिंदु' बन जाती हैं। 7 नवंबर 1875 एक ऐसी ही ऐतिहासिक तारीख थी, जब बंगाल के एक शांत कोने में ऋषि बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय की कलम से स्याही नहीं बल्कि भारत की आत्मा टपकी थी। उस दिन जिस गीत- 'वंदे मातरम्' का जन्म हुआ, आज वर्ष 2025 में हम उसी महामंत्र के 150 वर्ष पूरे होने का ऐतिहासिक पर्व मना रहे हैं। यह उत्सव केवल एक गीत की रचना का नहीं है, यह उस 'नाद-ब्रह्म' का उत्सव है जिसने एक सोए हुए उपमहाद्वीप को राष्ट्र के रूप में जगा दिया। यह पर्व उन शब्दों का है जिन्होंने बिना किसी शस्त्र के ब्रिटिश साम्राज्य की नींव हिला दी थी। यह उस दौर का गीत है, जब भारत गुलामी के गहन अंधकार में डूबा था। निराशा के उस वातावरण में, बंकिम बाबू ने जब अपनी मातृभूमि को देखा तो उन्हें वहां केवल मिट्टी, नदियां या पहाड़ नहीं दिखे। उन्हें वहां साक्षात् 'जगद्धात्री' मां के दर्शन हुए। उन्होंने देखा- सुजलां सुफलां मलयजशीतलाम'। यह गीत किसी बंद कमरे की बौद्धिक कसरत नहीं था बल्कि एक दैवीय अंतर्दृष्टि थी। वर्ष 1882 में जब यह उनके कालजयी उपन्यास 'आनंदमठ' का हिस्सा बना तो यह मात्र एक कविता से रूपांतरित होकर 'संन्यासी विद्रोह' का रणघोष बन गया लेकिन नियति ने इसके लिए इससे भी बड़ा मंच और व्यापक आकाश तैयार कर रखा था। वर्ष 1905 में जब लॉर्ड कर्जन ने बंगाल के सीने पर आरी चलाने का दुस्साहस किया तो प्रतिरोध की उस ज्वाला में 'वंदे मातरम्' घी बनकर गिरा। देखते ही देखते यह दो शब्दों का संबोधन, एक विराट जन-आंदोलन में बदल गया। गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर ने जब इसे सुरों में पिरोया, तो इसकी गूंज कलकत्ता की गलियों से निकलकर लाहौर, पुणे और मद्रास तक जा



**यह गीत किसी बंद कमरे की बौद्धिक कसरत नहीं था बल्कि एक दैवीय अंतर्दृष्टि थी। वर्ष 1882 में जब यह उनके कालजयी उपन्यास 'आनंदमठ' का हिस्सा बना तो यह मात्र एक कविता से रूपांतरित होकर 'संन्यासी विद्रोह' का रणघोष**

पहुंची। यह वह दौर था जब 'वंदे मातरम' बोलना राजद्रोह था, लेकिन भारतवासियों के लिए यह 'राष्ट्रधर्म' बन चुका था। स्वतंत्रता की वेदी पर चढ़ने वाले अनगिनत परवानों के लिए यह गीत 'गीता' के श्लोकों जैसा पवित्र था। खुदीराम बोस, मदनलाल ढींगरा, रामप्रसाद बिस्मिल और भगत सिंह जैसे वीरों ने जब फांसी के फंदे को गले लगाया तो अंतिम सांस के साथ जो शब्द वायुमंडल में विलीन हुए, वे 'वंदे मातरम्' ही थे। यह गीत उस समय भय से मुक्ति का पर्याय बन गया था। इसने भारतीयों को सिखाया कि अपनी जननी जन्मभूमि की आराधना करना कोई अपराध नहीं बल्कि सर्वोच्च मानवीय कर्तव्य है। इसी ऐतिहासिक महत्व को स्वीकारते हुए स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद 24 जनवरी 1950 को संविधान सभा ने इस गीत को वही सम्मान दिया जो राष्ट्रगान 'जन गण मन' को प्राप्त है। 150 वर्षों का यह सफर गवाह है कि सरकारें बदलती रहीं, नीतियां बनती-बिगड़ती रहीं लेकिन 'वंदे मातरम्' का ओज कभी कम नहीं हुआ। शिया धर्म गुरु यासूब अब्बास कहते हैं कि वंदे मातरम् का विरोध सिर्फ जहालियत है। इसमें कहीं भी मातृभूमि की पूजा करने की बात नहीं कही गई है। उस धरती के प्रति सम्मान की बात है, जहां हम पैदा हुए हैं, जहां हमें वापस जाकर मिल जाना है। वे अपनी बात को और आगे बढ़ाते हुए इस्लाम की चर्चा करते हैं और कहते हैं कि इस्लाम में अल्लाह के सामने झुकने की बात कही गई है, यह सच है और हर मुसलमान को ऐसा करना भी चाहिए। इस्लाम बिल्कुल ऐसा नहीं कहता कि आप किसी का सम्मान न करें। सम्मान का मतलब पूजा नहीं है। वंदे मातरम् का सीधा अर्थ मां का सम्मान है, और कुछ भी नहीं।

मुस्लिम स्कॉलर नासिरुद्दीन हैदर खान की मानें तो यह मामला नासमझी का ज्यादा है। यह हमारे देश का राष्ट्रगीत है, इसे पढ़ने, गाने या न पढ़ने, गाने के लिए कोई कानूनी प्रतिबंध नहीं है। कोई जोर-जबरदस्ती करता है तो भारत का कानून पीड़ित के साथ खड़ा है। सात हजार गीतों में दूसरे नंबर पर चुना जाना इसकी लोकप्रियता को दर्शाता है। मूल रूप से बांग्ला एवं संस्कृत में लिखा गया यह गीत कई अन्य भाषाओं में अनुवाद किया गया, यह भी इसकी लोकप्रियता को दर्शाता है। एक अन्य मुस्लिम स्कॉलर गुफरान नसीम कहते हैं कि इससे जुड़ा विवाद 1937 में ही खत्म हो गया था, जब मौलानाओं की आपत्ति के बाद जवाहर लाल नेहरू की अध्यक्षता में बनी कमेटी ने पहली दो पंक्तियों को राष्ट्रगीत के रूप में मंजूरी दी थी। समिति ने पाया था कि पहले दो पैरा मातृ भूमि की प्रशंसा में हैं, गीत में उसके आगे हिन्दू देवी-देवताओं का जिक्र किया गया है, इसीलिए दो पारा को ही मान्यता दी गई जिससे किसी की भावना आहत न होने पाए और अंत में 24 जनवरी 1950 को इसे राष्ट्र ने राष्ट्रगीत के रूप में मंजूर कर लिया।

चौधरी को लेकर सियासी गलियारे में हलचल तेज

# अगड़े- पिछड़े समाज में मजबूत पकड़ को मिली तरजीह, 7 बार सांसद बने चौधरी

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

उत्तर प्रदेश भाजपा को जल्द ही नया प्रदेश अध्यक्ष मिलने वाला है। केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री और महाराजगंज से सात बार के सांसद पंकज चौधरी ने शनिवार को लखनऊ स्थित पार्टी मुख्यालय में प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए नामांकन पत्र दाखिल कर दिया। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उनके प्रस्तावक बने, जबकि दोनों उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। चौधरी को लेकर सियासी गलियारे में हलचल तेज हो गई है। पार्टी इनको प्रदेश में बड़ी जिम्मेदारी दे रही है। पार्टी को पिछड़े समाज में इनकी मजबूत पकड़ होने का फायदा मिल सकता है। परंपरागत मत सहेजने के साथ पीडीए कमजोर करने का दांव पार्टी ने खेला है।

आज उत्तर प्रदेश अध्यक्ष का होगा ऐलान

## भाजपा दे रही देश के सबसे बड़े सूबे की कमान



पंकज चौधरी

### गोरखपुर में पार्षद से शुरू किया राजनीतिक सफर

गोरखपुर के घंटाघर हरबंश गली स्थित घर में 20 नवंबर 1964 में जन्मे चौधरी ने एमपी इंटर कॉलेज और गोरखपुर विश्वविद्यालय से स्नातक तक की शिक्षा ग्रहण किया। औद्योगिक घराने में जन्मे चौधरी ने राजनीति में कदम रखा और डिप्टी मेयर बने। चौधरी ने अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत 1989 में गोरखपुर नगर निगम में पार्षद का चुनाव लड़ने के साथ की थी। वे पार्षद के चुनाव में जीते थे। 1989 में ही गोरखपुर से कटकर महाराजगंज अलग जिला बना, जिसके बाद से पंकज चौधरी ने महराजगंज को अपनी राजनीति का केंद्र बनाया।

### महाराजगंज में खाटी के भाजपा कार्याकर्ताओं समेत अन्य लोगों में खुशी

चौधरी का नाम चर्चा में आने से महाराजगंज में खाटी के भाजपा कार्यकर्ताओं समेत अन्य लोगों में खुशी है। चुनाव में भी पार्टी ने इन्ही पर हर बार भरोसा जताया। पिछड़े समाज में इनकी मजबूत पकड़ के अलावा संगठन में इनको लेकर कभी गतिरोध सामने नहीं आया। शुरूआत से ही पार्टी की ओर से मिली जिम्मेदारी का बखूबी निवर्हन कर आगे बढ़ते चले गए।

### परंपरागत कुर्मी वोट को आकर्षित किया

कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद करने में भरोसा रखते हैं। राजनीति के जानकार बताते हैं कि अपना दल व अन्य सहयोगियों से परंपरागत कुर्मी वोट को अपने ओर आकर्षित करने में चौधरी काफी मददगार साबित हो सकते हैं। ये प्रदेश में पिछड़े समाज के काफी मजबूत नेता माने जाते हैं।

### 1991 में पहली बार सांसद बने

गोरखपुर के उद्योगपति स्वर्गीय भगवती चौधरी एवं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष उज्वल चौधरी के छोटे सुपुत्र पंकज चौधरी ने गोरखपुर नगर निगम के पार्षद के तौर पर 1989 में राजनीति का सफर शुरू किया। 1990 में ही भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्य समिति सदस्य हुए। 10 वीं लोकसभा में वर्ष 1991 में महराजगंज संसदीय सीट से भाजपा के सिंबल पर सांसद चुने गए।

जब पीएम मोदी पैदल पहुंचे थे चौधरी के घर

### माता जी देखिए, मैं खुद आपसे मिलने आ गया



चौधरी का कद तो पीएम नरेंद्र मोदी ने उसी दिन बढ़ा दिया जिस दिन गोरखपुर में उनकी माता से मिलने प्रधानमंत्री 150 मीटर पैदल चल कर उनके घर पहुंचे। 7 जुलाई 2023 को गीता प्रेस के शताब्दी वर्ष समारोह का था। इस दौरान वे अचानक चौधरी के घर पहुंच गए थे। चौधरी की माता का आशीर्वाद लिया। गोरखपुर के घंटाघर हरिवंश गली में स्थित पंकज चौधरी के घर का रास्ता संकरा होने के चलते करीब 150 मीटर दूर ही प्रधानमंत्री का वाहन रुक गया। वहां से प्रधानमंत्री , राज्यपाल और मुख्यमंत्री के साथ पैदल चलकर घर पहुंचे थे।

## खबर संक्षेप

### शादी में 20 लाख और कार मांगी, पहुंचा जेल



**बरेली।** यूपी के बरेली से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। शुक्रवार देर रात एक बारात में दहेज को लेकर हंगामा हो गया। 7 फेरों से पहले दूल्हे ने कार और 20 लाख रुपए मांग रख दी। वर पक्ष ने कहा कि ऐसा न होने पर सात फेरे नहीं होंगे। वधू पक्ष ने असमर्थता जाहिर कर दी। पुलिस पहुंच गई और दूल्हा हवालात में पहुंच गया।

### मोबाइल देख रहे होटल मालिक की मौत



**महेंद्रगढ़।** हरियाणा के महेंद्रगढ़ जिले के कनीना में एक 42 वर्षीय होटल मालिक की होटल में कुर्सी पर बैठे-बैठे अचानक मौत हो गई। होटल मालिक की मौत से जुड़ा एक सीसीटीवी भी सामने आया है। जिसमें देखा जा सकता है कि वह मोबाइल देखते-देखते कुर्सी से नीचे लुढ़क गए। होटल के कर्मचारी उन्हें तत्काल अस्पताल लेकर गए, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### बीड में डीजल टैंकर से टकराई गाड़ी, छाया धुआं



**बीड।** महाराष्ट्र के बीड जिले में तालुका के पाली गांव के पास सोलापुर-धुले राष्ट्रीय राजमार्ग पर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक गाड़ी की टक्कर डीजल टैंकर से हो गई। टक्कर जोरदार थी कि देखते ही देखते दोनों गाड़ियों में आग लग गई और हाईवे पर आग का गोला बन गया। टक्कर के तुरंत बाद आग भड़क उठी। धुएं का गुबार छा गया।

### गोयल होंगे मुख्य सूचना आयुक्त, शपथ कल



**नई दिल्ली।** 13 सितंबर से हीरालाल समरिया का कार्यकाल पूरा होने के बाद मुख्य सूचना आयुक्त (सीआईसी) का पद खाली चल रहा था, जो जल्द भरने जा रहा है। पूर्व आईएएस राज कुमार गोयल सोमवार को सूचना आयुक्त के तौर पर शपथ लेंगे। गोयल के नाम की पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाले तीन सदस्यीय पैनल ने सिफारिश की थी।

### उबर राइडर ने लड़की से की छेड़छाड़



**चंडीगढ़।** ट्राइसिटी में रोजाना हजारों लोग बाइक टैक्सी बुक करते हैं। शुक्रवार सुबह परीक्षा देने निकली 11वीं की छात्रा उबर बाइक पर बैठी ही थी कि चालक ने छेड़छाड़ शुरू कर दी। छात्रा ने हिम्मत दिखाई, विरोध किया, पिता को फोन किया, वीडियो भी बनाया। इसके बाद आरोपी रुका नहीं,तेज भगाने लगा और अंत में बाइक गिरा दी। इससे छात्रा को चोट आई है।

मुंबई बीएमडब्ल्यू हिट-एंड-रन मामला, सुप्रीम कोर्ट की कड़ी टिप्पणी

# ऐसे लड़कों को सबक सिखाना चाहिए, जमानत याचिका पर 'सुनवाई' करने से किया इनकार

## जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस एजी मसीह की बेंच ने यह कहा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने 2024 के मुंबई बीएमडब्ल्यू हिट-एंड-रन मामले में आरोपी मिहिर शाह की जमानत याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया। मिहिर शाह शिवसेना के पूर्व नेता का बेटा है। शीर्ष कोर्ट ने टिप्पणी की कि इन लड़कों को सबक सिखाने की जरूरत है। जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस एजी मसीह की बेंचने इस तथ्य पर गौर किया कि आरोपी एक संपन्न परिवार से है और उसके पिता उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले शिवसेना से जुड़े रहे हैं।

बेंच ने शुक्रवार को कहा कि वह शेड में मर्सिडीज खड़ी करता है, बीएमडब्ल्यू निकालता है, उससे टक्कर मारता है और फरार हो जाता है। उसे कुछ समय अंदर रहने दीजिए। इन लड़कों को सबक सिखाने की जरूरत है। कोर्ट ने जमानत याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया। मिहिर की ओर से पेश वरिष्ठ वकील रेबेका जॉन ने कहा कि हाईकोर्ट ने मामले में प्रमुख गवाहों के बयान दर्ज होने के बाद जमानत के लिए आवेदन करने की अनुमति दी थी। शीर्ष कोर्ट का सख्त रुख देखते हुए उन्होंने याचिका वापस लेने की अनुमति मांगी, जिसे स्वीकार कर लिया गया।

आरोपी संपन्न परिवार से है

उसे कुछ समय अंदर रहने दीजिए, अर्जी वापस ली



देश का सर्वोच्च न्यायालय

### 9 जुलाई को गिरफ्तार किया गया

मिहिर को पिछले साल नौ जुलाई को गिरफ्तार किया गया था। उसने मुंबई के वर्ली इलाके में अपनी बीएमडब्ल्यू कार से एक दोपहिया वाहन को टक्कर मार दी थी, जिसमें कावेरी नखवा (45 वर्षीय) की मौत हो गई थी और उनके पति प्रदीप नखवा घायल हो गए थे। आरोप है कि हादसे के बाद मिहिर शाह बांद्रा-वर्ली सी लिंक की ओर तेज गति से बढ़ा, जबकि महिला कार के बोनट पर फंसी रही।

### दोनों का व्यवहार जमानत देने के लिए आश्वस्त नहीं करता: हाईकोर्ट



**मुंबई।** हाईकोर्ट ने भी कहा था कि कथित अपराध के समय और उसके बाद आरोपी का व्यवहार कोर्ट को जमानत देने के लिए आश्वस्त नहीं करता। कोर्ट ने कहा कि शाह ने दुर्घटना के बाद तेज रफ्तार से भागने की कोशिश की और पीड़िता को कार के नीचे घसीटता रहा। सीट बदलना, पिता को फोन करना और फरार होना, साक्ष्यों से छेड़छाड़ करना उचित नहीं दिखता।


### मुख्य आरोपी और चालक दोनों न्यायिक हिरासत में

हादसे के समय कार में मौजूद शाह के चालक राजऋषि को भी उसी दिन गिरफ्तार किया गया था। दोनों न्यायिक हिरासत में हैं। शाह ने बॉम्बे हाईकोर्ट के 21 नवंबर के आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें उन्हें जमानत देने से इनकार किया गया था। हाईकोर्ट ने कहा था कि आरोपी अत्यधिक नशे में था और स्कूटर से टकराने तथा पीड़िता को घसीटने के बावजूद उसने कार नहीं रोकी।

## सुप्रीम कोर्ट ने सपा नेता की याचिका पर नोटिस जारी किया

### उत्तर प्रदेश में एसआईआर का मामला

सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में समाजवादी पार्टी के नेता अरविंद कुमार सिंह की याचिका पर नोटिस जारी किया है। इस में उन्होंने उत्तर प्रदेश में एसआईआर को चुनौती दी है। सिंह ने इस प्रक्रिया से जुड़ी





अधिसूचना को रद्द करने की मांग की है। उन्होंने जनगणना, नियंत्रण तालिका, मसौदा मतदाता सूची को अपडेट करने और अंतिम मतदाता सूची जारी करने की अपील की है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्य बागची की पीठ ने कई वकीलों की दलीलें सुनने के बाद यह आदेश जारी किया है।

### कई पार्टियों के नेता कोर्ट में रहे मौजूद

सपा के अलावा, डीएमके, टीवीके, सीपीआई (एम), उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी, टीएमसी और इनके नेता भी अदालत में मौजूद थे। इन सभी ने तमिलनाडु,बंगाल, केरल में चुनौती दी है।

जगदलपुर में गृहमंत्री शाह का ऐलान

# अगले साल नक्सल फ्री हो जाएगा बस्तर..हथियार डालें, चुनें पुनर्वास

ओलंपिक खेलों का किया समापन



ओलंपिक खेलों के समापन पर खिलाड़ियों के साथ शाह

एजेंसी ▶▶ जगदलपुर

बस्तर ओलंपिक के समापन के मौके पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह जगदलपुर पहुंचे। इस दौरान शाह ने एक बार फिर देश से नक्सलवाद खात्मे को लेकर बड़ी बात कही। शाह ने कहा कि देश से नक्सलवाद 31 मार्च 2026 के दिन खत्म होगा। बस्तर के विकास में लाल आतंक सांप की तरह फन फैलाकर बैठा था,जिसके दंश से पूरा राज्य प्रभावित हो रहा था, लेकिन अब बस्तर में शांति लाने की बारी है। इतनी ही विनम्रता से मैं अपील भी करता हूं कि गुमराह होकर जो लोग हाथों में हथियार लिए घूम रहे हैं,वे आकर पुनर्वासन योजना में जुड़ें। नक्सलवाद से किसी का भला नहीं होगा। शांति ही विकास का रास्ता प्रशस्त कर सकती है। आप अपना नया जीवन चुनिए।

### केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लें लाभ

शाह ने भारत माता की जय के साथ भाषण की शुरुआत की। छत्तीसगढ़ को नए आयाम तक पहुंचाने के लिए उन्होंने पूर्व सीएम रमन सिंह, सीएम विष्णुदेव साय, डिप्टी सीएम विजय शर्मा और अरुण साव को धन्यवाद दिया। शाह ने कहा कि बस्तर की धरती ने काफी आतंक सहा है, लेकिन मौजूदा सरकार की योजनाएं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों ने बस्तर की तस्वीर बदलने की कोशिश की है।

### सरेंडर्ड नक्सलियों की नुआ टीम को दी बधाई

गृहमंत्री शाह ने बस्तर ओलंपिक की तारीफ करते हुए कहा कि जब 700 ज्यादा सरेंडर नक्सल बच्चों ने बस्तर ओलंपिक में हिस्सा लेने की जानकारी मुझे मिली तो मैं बहुत खुश हुआ। नक्सलवाद में पूरा जीवन बर्बाद हो जाता। अभी जो परेड हुई है उसमें सरेंडर किए हुए खिलाड़ी संभाग स्तर पर आए हैं। मैं सभी दर्शकों के लिए कहना चाहता हूं कि इन खिलाड़ियों का जोरदार स्वागत करें। ये खिलाड़ी जो नुआ बाट के लिए खेले हैं वो देश के लिए बड़ा उदाहरण हैं, क्योंकि इन खिलाड़ियों ने विनाश की जगह विकास का रास्ता चुने है। यहां की सभी जनजातियां भारत की समृद्ध विरासत है। छत्तीसगढ़ सरकार ने आधुनिक स्टूडियो बनाकर पारंपरिक गीतों को सहेजने का काम किया है। इसे संगीत के साथ इससे जुड़ी किताबें भी प्रस्तुत की हैं।

हाईकोर्ट ने खारिज की कंपनी की अपील

# ज्यादा वेतन व बड़ा पद पायलट को श्रम कानूनों से छूट नहीं देता



दिल्ली हाईकोर्ट

बकाया वेतन और अन्य भुगतान को दी थी चुनौती

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली हाई कोर्ट ने किंग एयरवेज की सभी अपीलें खारिज करते हुए साफ शब्दों में कहा कि एयरलाइन पायलट, चाहे वे पायलट इन कमांड ही क्यों न हों, औद्योगिक विवाद अधिनियम के तहत वर्कमैन माने जाएंगे। कोर्ट ने कहा कि किसी कर्मचारी का ज्यादा वेतन, बड़ा पद या उड़ान के दौरान कमान संभालना, उसे श्रम कानूनों से बाहर नहीं करता है। न्यायमूर्ति अनिल क्षेत्रपाल और न्यायमूर्ति हरीश वैद्यनाथन शंकर की पीठ ने यह फैसला किंग एयरवेज और उसके पूर्व पायलटों के बीच चले विवाद में सुनाया। एयरलाइन ने पायलटों को बकाया वेतन और अन्य भुगतान देने के आदेश को चुनौती दी थी।

### वर्कमैन होने का फैसला काम की प्रकृति का आधार

कोर्ट ने कहा कि किसी कर्मचारी के वर्कमैन होने का फैसला उसके काम की असली प्रकृति से होता है। पायलट का मुख्य काम विमान उड़ाना है, जो एक तकनीकी और कौशल आधारित जिम्मेदारी है। भले ही उड़ान के दौरान पायलट इन कमांड को जिम्मेदार माना जाता हो, लेकिन वह न तो दफ्तर के कामकाज में और न ही कर्मचारियों के प्रशासनिक मामलों में कोई प्रबंधकीय या पर्यवेक्षी भूमिका निभाता है।

### वह प्रबंधन या सुपरविजन के बराबर नहीं

कोर्ट ने एयरलाइन की इस दलील को भी खारिज कर दिया कि पायलटों का ऊंचा वेतन या सीनियर कमांडर का पद उन्हें वर्कमैन की श्रेणी से बाहर कर देता है। कोर्ट ने कहा कि वेतन की सीमा तभी मायने रखती है, जब यह साबित हो कि कर्मचारी वास्तव में सुपरवाइजरी काम करता है, जो इस मामले में साबित नहीं हुआ। कोर्ट ने यह भी कहा कि विमानन नियमों में जिस निगरानी या नियंत्रण की बात होती है, वह केवल उड़ान की सुरक्षा से जुड़ी होती है।

### पायलटों के पक्ष में फैसला बरकरार रखा

बकाया वेतन के मामले में भी कोर्ट ने पायलटों के पक्ष में फैसला बरकरार रखा। अदालत ने माना कि पायलटों की नौकरी गलत तरीके से खत्म की गई थी। इसलिए उन्हें दोबारा सेवा में लेना, सेवा की निरंतरता देना और बकाया वेतन देना सही है।

## कलाकारों ने देवताओं का रूप धरा



**वाराणसी।** वाराणसी में शनिवार को काशी विश्वनाथ मंदिर के रेनोवेशन की चौथी सालगिरह के मौके पर एक जुलूस में देवी-देवताओं का रूप धारण किए कलाकारों ने हिस्सा लिया।

उत्तराखंड के खटीमा में बड़ा बवाल

# युवक की हत्या पर लोगों ने दुकानों में लगाई आग, धारा 163 लागू

## मौके पर पुलिस को किया गया तैनात

एजेंसी ▶▶ खटीमा

उत्तराखंड के खटीमा में एक युवक की हत्या के बाद आक्रोशित लोगों ने जमकर हंगामा किया। गुस्साए लोगों ने हमलावरों की दुकान में आग लगा दी। इससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। मौके पर तनाव को देखते हुए प्रशासन ने धारा 163 लागू किया है। स्थिति को देखते हुए पुलिस बल को मौके पर तैनात किया गया है। प्रशासन द्वारा क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है और आरोपियों की तलाश की जा रही है।



बवाल का नजारा

### युवक की मौत के बाद हंगामा

शुक्रवार रात्रि खटीमा रोडवेज परिसर में दो पक्षों के बीच हुई कहासुनी ने हिंसक रूप ले लिया। आपसी विवाद के दौरान चली चाकूबाजी में 23 वर्षीय तुषार शर्मा की मौत हो गई, जबकि दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को हालत नाजुक होने पर हायर सेंटर रेफर किया गया है।

आज सोनिया के दरबार में सिद्धारमैया और डीके लगाएंगे हाजिरी

# फैसला आज, किसे मिलेगा कर्नाटक मुख्यमंत्री का ताज?

## अंदरूनी खींचतान के बीच आज दोनों की होगी 'नेतृत्व' से मुलाकात

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली में 14 दिसंबर को कांग्रेस की राजनीति का सबसे अहम दरबार लगने वाला है। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार एक साथ कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी से मुलाकात करेंगे। और, यह मुलाकात ऐसे समय हो रही है, जब कर्नाटक में सत्ता के शीर्ष पद को लेकर अंदरखाने खींचतान चरम पर है। मुख्यमंत्री पद को लेकर कांग्रेस के दोनों बड़े नेता के बीच संघर्ष चल रही है। सियासी गलियारों में इसे सिर्फ एक औपचारिक बैठक नहीं बल्कि फैसले की घड़ी के तौर पर देखा जा रहा है।

■ लोग फैसले की घड़ी देख रहे

### अहम बताई जा रही यह आमने- सामने की बैठक



सोनिया गांधी

कांग्रेस के भीतर यह लगभग तय माना जाता है कि कर्नाटक के नेतृत्व विवाद पर आखिरी फैसला हाईकमान ही करेगा। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे पहले ही कह चुके हैं कि इस कन्फ्यूजन को सोनिया गांधी, राहुल गांधी और वे खुद मिलकर सुलझाएंगे। अब जब सिद्धारमैया और शिवकुमार एक साथ दिल्ली पहुंच रहे हैं, तो साफ है कि मामला निर्णायक मोड़ पर है।

### पूर्व का फार्मूला बना सबसे बड़ी अड़चन

सरकार को करीब 140 विधायकों का मजबूत समर्थन हासिल है, लेकिन 20 नवंबर को सरकार के ढाई साल पूरे होने के बाद फिर यह चर्चा तेज हो गई कि मुख्यमंत्री पद को ढाई-ढाई साल के फार्मूले पर बदला जाना था।

कांग्रेस विधायक की भविष्यवाणी

### 6 जनवरी को शिवकुमार ही बनेंगे मुख्यमंत्री

इस बीच, सत्ताधारी कांग्रेस के विधायक ने बड़ी भविष्यवाणी करते हुए तारीख बताई है कि शिवकुमार मुख्यमंत्री कब बनेंगे? विधायक एचए इकबाल हुसैन ने शनिवार को दावा करते हुए कहा है कि शिवकुमार 6 जनवरी को मुख्यमंत्री बनेंगे। इसी के साथ उन्होंने अपने बयान में कहा कि जिस पद पर अभी सिद्धारमैया हैं, उसे शिवकुमार के लिए खाली किया जाना चाहिए।




पीएम नरेंद्र मोदी शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए

संसद पर हमले की 24वीं बरसी

# शहीदों को याद कर भावुक हुआ देश पीएम मोदी सहित सांसदों ने दी श्रद्धांजलि

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन के नेतृत्व में सांसदों ने शनिवार को 2001 में संसद भवन पर आतंकवादियों के हमले के दौरान मारे गए लोगों को पुष्पांजलि अर्पित की।

पीएम नरेन्द्र मोदी और राज्यसभा के सभापति राधाकृष्णन हमले की 24वीं बरसी पर श्रद्धांजलि अर्पित करने वाले शुरुआती नेताओं में शामिल थे। इस दिन की याद में हर साल 13 दिसंबर को पुराने संसद भवन (संविधान सदन) के बाहर एक छोटा समारोह आयोजित किया जाता है।

### श्रद्धांजलि समारोह में कई वरिष्ठ नेता रहे मौजूद

उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन भी श्रद्धांजलि देने के लिए संसद परिसर पहुंचे। श्रद्धांजलि समारोह में कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे, जिनमें केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू, पीयूष गोयल, जितेंद्र सिंह और अर्जुन राम मेघवाल शामिल थे। इसके अलावा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी, कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी सहित अन्य सांसद भी उपस्थित रहे।


पीएम मोदी ने वीरगति को प्राप्त हुए सुरक्षाबलों के जवानों के परिजनों से मुलाकात की

### ऋणी रहेगा देशः राष्ट्रपति मुर्मू



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि आज के दिन हम उन वीर नायकों को नमन करता है जिन्होंने 2001 में इसी दिन हमारी संसद की रक्षा करते हुए अपने प्राणों की आहुति दी। देश उनके और उनके परिवारों का ऋणी रहेगा।

### सर्वोच्च बलिदान के लिए देश आभारीः पीएम मोदी

*पीएम मोदी ने श्रद्धांजलि देते हुए 'एक्स' पर लिखा कि इस दिन, हमारा देश उन लोगों को याद करता है जिन्होंने 2001 में हमारी संसद पर हुए भयानक हमले के दौरान अपनी जान दे दी थी। गंभीर खतरे का सामना करते हुए, उनकी हिम्मत, सतर्कता और कर्तव्य के प्रति अटूट भावना कमाल की थी। भारत उनके सर्वोच्च बलिदान के लिए हमेशा उनका आभारी रहेगा।*

### सुरक्षा बल ने सलामी दी


केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) कर्मियों ने कार्यक्रम स्थल पर सलामी या 'सम्मान गारद' प्रस्तुत किया जिसके बाद शहीदों की याद में कुछ समय का मौन रखा गया। 2023 तक केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) 'सलामी शस्त्र' प्रस्तुत करता था।

## खबर संक्षेप

### 17 साल बाद बांग्लादेश आ रहे खालिदा जिया के बेटे

**ढाका।** बांग्लादेश की पूर्व पीएम बेगम खालिदा जिया के बेटे और बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी



(बीएनपी) के कार्यवाहक अध्यक्ष तारिक रहमान 17 साल बाद स्वदेश लौटने जा रहे हैं। वह एक दशक से ज्यादा समय से लंदन में स्वनिर्वासित जीवन व्यतीत कर रहे हैं। बीएनपी ने बताया कि तारिक रहमान 25 दिसंबर को ढाका पहुंचेंगे। उनकी वापसी ऐसे समय में हो रही है, जब बांग्लादेश में आम चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। मुख्य चुनाव आयुक्त एएमएम नासिर उद्दीन के अनुसार, उम्मीदवारों के लिए नामांकन की अंतिम तिथि 29 दिसंबर तय की गई है।

### कोर्ट ने सरफराज को सुनाई मौत की सजा

**लखनऊ।** यूपी में बहराइच की एक कोर्ट ने दुर्गा पूजा की मूर्ति को लेकर



भड़की सांप्रदायिक हिंसा के दौरान 22 वर्षीय युवक की हत्या के मुख्य आरोपी सरफराज उर्फ रिंकू को मौत की सजा सुनाई और नौ अन्य को आजीवन कारावास की सजा दी। अदालत ने कहा कि सच्चे न्याय के हित में, सजा ऐसी होनी चाहिए जो समाज में ऐसे जानवरों के मन में भय पैदा करे और न्यायिक प्रणाली में जनता का विश्वास बहाल करे। गुरुवार को सुनाए गए अपने फैसले में सत्र न्यायाधीश पवन कुमार शर्मा ने इस हत्या को अत्यंत बर्बरता का कृत्य बताया।

### नोबेल शांति पुरस्कार विजेता नरगिस अरेस्ट

**दुबई।** ईरान ने नोबेल शांति पुरस्कार विजेता नरगिस मोहम्मदी को



गिरफ्तार कर लिया है। उनके समर्थकों ने यह जानकारी दी है। मोहम्मदी के नाम पर स्थापित एक संस्था ने शुक्रवार को कहा कि उन्हें राजधानी तेहरान से लगभग 680 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में स्थित मशहद में उस समय हिरासत में लिया गया था जब वह एक मानवाधिकार वकील की शोकसभा में भाग लेने गई थीं। वकील की हाल में अस्पष्ट परिस्थितियों में मौत हो गई थी। हालांकि यह स्पष्ट नहीं है कि अधिकारी मोहम्मदी को तुरंत जेल वापस भेजेंगे या नहीं।

## पाकिस्तान के आतंकी कनेक्शन को कूटनीतिक ढंग से बेनकाब करेगा तालिबान

काबुल का दावा- हमारे पास ठोस सबूत

# मानवाधिकार उल्लंघन पर वैश्विक शक्तियों को भेजेगा विस्तृत डॉजियर

*वैश्विक महाशक्तियों को भेजे जाने वाले डॉजियर में पाकिस्तान के आतंकवाद का समर्थन करने, अफगानिस्तान पर आर्थिक दबाव डालने और अफगान नागरिकों और शरणार्थियों के खिलाफ मानवाधिकारों का उल्लंघन करने का सबूत होगा*


एजेंसी ⏭ काबुल

तालिबान ने पाकिस्तान के खिलाफ आर-पार की लड़ाई का मन बना लिया है। यही कारण है कि तालिबान प्रशासन पाकिस्तान पर सिर्फ जमीनी नहीं, बल्कि कूटनीतिक रणनीति के तहत हमला भी करने जा रहा है। इसके लिए तालिबान प्रशासन वैश्विक महाशक्तियों को पाकिस्तान के आतंकवादी कनेक्शन और मानवाधिकार उल्लंघन पर वैश्विक शक्तियों को डॉजियर भेजेगा।

इस डॉजियर में पाकिस्तान के आतंकवाद का समर्थन करने, अफगानिस्तान पर आर्थिक दबाव डालने और अफगान नागरिकों और शरणार्थियों के खिलाफ मानवाधिकारों का उल्लंघन करने का सबूत होगा। अफगान विदेश मंत्रालय के एक उच्च सूत्र ने बताया कि अफगानिस्तान के विदेश मंत्रालय और गृह मंत्रालय के अधिकारियों ने मिलकर यह डॉजियर तैयार किया है, जिसे तालिबान के सुप्रीम लीडर मुल्ला हिबतुल्लाह अखुंदजादा से मंजूरी मिलने के बाद क्षेत्रीय और वैश्विक महाशक्तियों को भेजा जाएगा।

अफगानिस्तान के विदेश और गृह मंत्रालय ने तैयार किया डॉजियर

पाक पर आतंकियों के सहारे कई देशों को अस्थिर करने का आरोप


पाक पीएम शहबाज शरीफ


हिबतुल्लाह अखुंदजादा

### पाकिस्तान बना आतंकियों का केंद्र

डॉजियर में आरोप लगाया गया है कि पाकिस्तान 'आतंकवादियों के लिए एक सुविधा केंद्र' बन गया है और इस्लामाबाद पर बलूचिस्तान में आईएसआईएस के तत्वों को पालने-पोसने और उनका इस्तेमाल अफगानिस्तान, भारत और ईरान सहित पड़ोसी देशों को अस्थिर करने के लिए करने का आरोप लगाया गया है।

### पाकिस्तान ने ट्रांजिट व्यापार रोका

अफगानिस्तान ने पाकिस्तान पर बिना किसी वजह के पिछले दो महीनों से मनमाने ढंग से सीमा पार करने पर रोक लगाने और अफगान ट्रांजिट व्यापार को निलंबित करने का आरोप लगाया है। इसमें आगे आरोप लगाया गया है कि पाकिस्तान ने लंबे समय से अफगानिस्तान के भारत के साथ ट्रांजिट व्यापार को रोक रखा है, जबकि अफगानिस्तान एक लैंडलॉक देश है और उसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त ट्रांजिट अधिकार प्राप्त हैं।

### भारतीय सीमा के नजदीक की छावनियों में पहुंचे मुनीर

पाकिस्तान के चीफ ऑफ डिफेंस फोर्सेज (सीडीएफ) असीम मुनीर ने अपनी सेना की तैयारियों का जायजा लिया है। शनिवार को उन्होंने दो


पाकी सीमा चौकी पर असीम मुनीर

शहरों- गुजरांवाला और सियालकोट की छावनी का दौरा किया, जहां उन्होंने सैन्य अधिकारियों और सैनिकों से बातचीत करते हुए युद्ध की तैयारी देखी। मुनीर ने इस दौरान कहा कि आधुनिक युद्ध के लिए सटीकता और स्थिति की जानकारी जरूरी है। मुनीर का दो प्रमुख छावनियों का यह दौरा ऐसे समय हुआ है, जब अफगानिस्तान से पाकिस्तान तकरीबन युद्ध जैसी स्थिति में है। वहीं भारत से भी लगातार पाकिस्तान का तनाव बना हुआ है। ऐसे में मुनीर के इस दौरे को किसी संभावित लड़ाई की तैयारी की तरह भी देखा जा रहा है।

### पाक सेना कर रही आतंकियों की फंडिंग

डॉजियर के अनुसार, पाकिस्तान की खुफिया एजेंसियां- इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) और मिलिट्री इंटेलिजेंस (एमआई) मिलकर आईएसआईएस और अन्य आतंकवादी समूहों को लॉजिस्टिकल सपोर्ट और वित्तीय सहायता दे रही हैं। ये संगठन पूरे क्षेत्र में उग्रवाद और असुरक्षा में बढ़ोतरी के लिए जिम्मेदार हैं।

ट्रंप ने भारत के साथ यह क्या किया?

# नए संगठन 'पैक्स सिलिका' में नहीं किया गया शामिल


अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप

एजेंसी ⏭ वॉशिंगटन

अमेरिका की अगुवाई में एक नई रणनीतिक पहल शुरू की गई है, जिसका मकसद एक सुरक्षित और नवाचार से चलने वाली सिलिकॉन सप्लाई चेन बनाना है। अमेरिकी विदेश विभाग के मुताबिक, पैक्स सिलिका नाम की इस पहल का मकसद निर्भरता को कम करना, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के लिए जरूरी मटीरियल और क्षमताओं की रक्षा करना और यह पक्का करना है कि पैक्स सिलिका के सदस्य देश बड़े पैमाने पर बदलाव लाने वाली तकनीक को विकसित और इस्तेमाल कर सकें। अमेरिका ने जापान, दक्षिण कोरिया, सिंगापुर, नीदरलैंड, यूनाइटेड किंगडम, इजराइल, संयुक्त अरब अमीरात और ऑस्ट्रेलिया को हिस्सेदार बनाया गया है।

### ग्लोबल एआई सप्लाई चेन मजबूत करेंगे

अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा कि ये देश मिलकर ग्लोबल एआई सप्लाई चेन को ताकत देने वाली सबसे जरूरी कंपनियों और निवेशकों का घर हैं। इसमें शामिल देश मिलकर बहुस्तरीय साझेदारी करने पर चर्चा करेंगे, जिससे सप्लाई चेन सुरक्षा मजबूत होगी, निर्भरता और सिंगल पॉइंट ऑफ फेलियर को ठीक किया जा सकेगा, और भरोसेमंद टेक्नोलॉजी इकोसिस्टम को अपनाने में मदद मिलेगी। वे कनेक्टिविटी और डेटा इंफ्रास्ट्रक्चर, कंप्यूटर और सेमीकंडक्टर, एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग, लॉजिस्टिक्स, मिनरल रिफाइनिंग और प्रोसेसिंग, और एनर्जी जैसे ग्लोबल टेक्नोलॉजी स्टैक में फ्लैगशिप प्रोजेक्ट्स पर पार्टनरशिप करने के मौके तलाशेंगे। अमेरिका ने पैक्स सिलिका को नेतृत्व वाली एक रणनीतिक पहल बताया।

### ट्रंप और मोदी के बीच संबंधों में गिरावटः कांग्रेस

कांग्रेस ने शनिवार को कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और पीएम नरेंद्र मोदी के संबंधों में आई 'तेज गिरावट' को देखते हुए यह बहुत आश्चर्यजनक नहीं लगता है कि भारत एक सुरक्षित सिलिकॉन आपूर्ति श्रृंखला बनाने के लिए अमेरिका के नेतृत्व वाली रणनीतिक पहल का हिस्सा नहीं है। पार्टी ने हालांकि जोर देकर कहा कि अगर हम इस समूह का हिस्सा होते तो यह हमारे लिए फायदेमंद होता। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि भारत के इस समूह का हिस्सा नहीं होने की खबर तब आई है जब पीएम ने अपने कभी अच्छे मित्र रहे ट्रंप से हुई फोन कॉल के बारे में सोशल मीडिया पर उत्साह से जानकारी साझा की थी।

भारत ने की मानवीय सहायता

# पेरू को 32 टन सामग्री भेजी, 2.5 लाख सेलाइन बोतलें भी शामिल


विश्वास सपकाल सौंपते हुए

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत ने पेरू में डिहाइड्रेशन से जूझ रहे मरीजों की सहायता के लिए मदद का हाथ बढ़ाया है। भारत ने उपचार के लिए पेरू को 2.5 लाख से अधिक सेलाइन बोतलें उपलब्ध कराईं और दक्षिण अमेरिकी देश के साथ भरोसेमंद साझेदारी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। पेरू में भारत के राजदूत विश्वास सपकाल ने शुक्रवार को यह खेप पेरू के स्वास्थ्य मंत्रालय को सौंपी। पेरू सरकार के कई वरिष्ठ अधिकारियों ने भारत सरकार द्वारा की गई इस सहायता की सराहना की। इनमें स्वास्थ्य मंत्रालय के अंतरराष्ट्रीय सहयोग के महानिदेशक अल्बर्टो तेजादा कॉनरॉय, नेशनल सेंटर फॉर द सप्लाई ऑफ स्ट्रैटेजिक हेल्थ रिसोर्सेज के संयुक्त निदेशक एरिक वास्केज काल्डेरोन और विदेश मंत्रालय के निदेशक एबेल कार्डेनस शामिल थे।

एच-1बी वीजा पर यूएस में बवाल

# 20 राज्यों ने खटखटाया कोर्ट का दरवाजा, कहा- फैसला गैरकानूनी



ट्रंप गोल्ड कार्ड

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस फैसले ने बड़ा विवाद खड़ा कर दिया है, जिसमें नए एच-1बी वीजा आवेदनों की फीस सीधे बढ़ाकर 1 लाख डॉलर करने का आदेश दिया गया। इस फैसले के खिलाफ अब कैलिफोर्निया की अगुवाई में अमेरिका के 20 राज्यों ने अदालत का रुख कर लिया है।

कैलिफोर्निया के अटॉर्नी जनरल रॉब बॉन्टा के नेतृत्व में दायर याचिका में कहा गया है कि ट्रंप सरकार का यह फैसला न सिर्फ गैरकानूनी है, बल्कि यह संघीय कानूनों का उल्लंघन भी करता है। राज्यों का आरोप है कि प्रशासन ने एडमिनिस्ट्रेटिव प्रोसीजर एक्ट को दरकिनार करते हुए कांग्रेस की मंजूरी के बिना यह कदम उठाया है, जो उसकी अधिकार सीमा से बाहर है।

### भारतीय सेना को मिले 525 कैडेट्स



**देहरादून।** देहरादून स्थित भारतीय सैन्य अकादमी (आईएमए) के ऐतिहासिक ड्रिल स्क्वायर में शनिवार को 157वीं पासिंग आउट परेड का भव्य और भावनात्मक आयोजन किया गया। गौरव, परंपरा और सैन्य अनुशासन से ओतप्रोत इस समारोह में देश-विदेश के 559 अधिकारी कैडेट्स को भारतीय सेना में कमीशन प्रदान किया गया। परेड के दौरान उन पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की गई। 157वें रेगुलर कोर्स, 46वें टेक्निकल एंट्री स्कीम, 140वें टेक्निकल ग्रेजुएट कोर्स, 55वें स्पेशल कमीशंड ऑफिसर्स कोर्स और टेरिटोरियल आर्मी ऑनलाइन एंट्रेंस एग्जाम-2023 कोर्स के तहत कुल 525 भारतीय अधिकारी कैडेट्स को कमीशन प्रदान किया गया। इसके साथ ही 14 मित्र देशों के 34 विदेशी अधिकारी कैडेट्स भी इस अवसर पर कमीशन प्राप्त कर अपने-अपने देशों की सेनाओं में शामिल होंगे। यह समारोह भारत के रक्षा नेतृत्व को मजबूत करने के साथ-साथ मित्र राष्ट्रों के साथ सैन्य सहयोग को भी सुदृढ़ करता है।

केंद्रीय मंत्री प्रसाद ने दी जानकारी

# ब्रिटेन ट्रेड डील से भारत के अधिकार सुरक्षित, कंपल्सरी लाइसेंसिंग पर रोक

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत और ब्रिटेन के बीच हुए व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौते (सीईटीए) से भारत के कंपल्सरी लाइसेंसिंग के अधिकारों पर किसी भी प्रकार की कोई पाबंदी नहीं लगेगी। राज्यसभा में वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने बताया कि भारत के पेटेंट अधिनियम, 1970 की धारा 84 (सामान्य कंपल्सरी लाइसेंस) और धारा 92 (जन स्वास्थ्य आपात स्थिति में कंपल्सरी लाइसेंस) पूरी तरह लागू रहेंगी। सरकार ने स्पष्ट किया कि यह समझौता भारत को जनहित और सार्वजनिक स्वास्थ्य से जुड़े मामलों में पूर्ण नीतिगत स्वतंत्रता प्रदान करता है।


जितिन प्रसाद

विशेष रूप से किसी स्वास्थ्य आपात स्थिति में भारत अपने कानूनों के अनुसार दवाओं के लिए कंपल्सरी लाइसेंस जारी कर सकेगा। समझौते में ऐसे मजबूत प्रावधान शामिल किए गए हैं, जो भारत की नीतिगत स्वायत्तता को पूरी तरह सुरक्षित रखते हैं। भारत और ब्रिटेन दोनों को बौद्धिक संपदा अधिकारों के व्यापार संबंधी पहलुओं समझौते के तहत उपलब्ध सभी छूटों का उपयोग करने का अधिकार रहेगा।

## मुख्य विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी के तीन सांसदों ने लगाया आरोप

अमेरिका में ही ट्रंप के टैरिफ का हो रहा विरोध, राष्ट्रीय आपातकाल के नाम पर लगाए गए टैरिफ से भारत नहीं, परेशान हैं अमेरिकी नागरिक

# भारत पर लगा 50% टैरिफ पूरी तरह से अवैध, यूएस संसद में पेश हुआ प्रस्ताव!

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

अमेरिकी संसद यानी कांग्रेस के निचले सदन (हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स) में बीते शुक्रवार को एक प्रस्ताव पेश किया गया है। जिसकी पहल सदन के सदस्य और मुख्य विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी के तीन सांसदों डेबोरा रॉस, मार्क वीजी और भारतीय मूल के राजा कृष्णमूर्ति ने की है। जो क्रमशः नॉर्थ कैरोलिना, टेक्सास और इलिनॉय से जनप्रतिनिधि हैं।

इनका कहना है कि राष्ट्रीय आपातकाल के नाम पर भारत पर लगाया गया 50 फीसदी टैरिफ पूरी तरह से अवैध है और इसे तुरंत वापस लिया जाना चाहिए। क्योंकि टैरिफ से अमेरिका के आम नागरिक ही बुरी तरह से त्रस्त हैं, उन पर दिनोंदिन महंगाई की मार पड़ रही है। अमेरिकी मजदूर, उपभोक्ता इससे प्रभावित हो रहे हैं। सप्लाई चेन गड़बड़ा रही है व भारत से संबंधों पर असर पड़ रहा है।




### अमेरिकी सांसदों का पक्ष

*डेमोक्रेटिक पार्टी के तीनों सांसदों ने अपने संयुक्त बयान में कहा कि टैरिफ पूरी तरह से अवैध है। इससे अमेरिका के आम लोगों के हित प्रभावित हो रहे हैं और उनपर ज्यादा कर (टैक्स) देने का भार पड़ रहा है। उदाहरण के तौर पर रोजमर्रा के इस्तेमाल में आने वाली चीजों के दाम बढ़ रहे हैं और उसकी पूर्ति के लिए उन्हें अतिरिक्त कर देना पड़ रहा है। तीनों अमेरिकी सांसदों ने टैरिफ के विरोध में अपनी व्यक्तिगत राय भी रखी है। जिसमें डेबोरा रॉस कहती हैं कि भारत-अमेरिका की अर्थव्यवस्थाओं के बीच मजबूत संबंध हैं।*

### 1 से 27 अगस्त में लगा 50% टैरिफ

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 1 अगस्त 2025 को भारत से आयातित सामान पर 25 फीसदी टैरिफ लगाया था। लेकिन 27 अगस्त तक आते-आते इसमें 25 फीसदी दंडात्मक टैरिफ का भाग भी शामिल किया गया। जिसके बाद नई दिल्ली पर लगाया गया कुल अमेरिकी टैरिफ 50 फीसदी हो गया है। इसी के साथ भारत से अमेरिका को आयातित सामान पर लगने वाला शुल्क बढ़ गया है।

### आईईईपीए बना ट्रंप की ढाल

बता दें, ये पहला मौका नहीं है जब अमेरिकी राष्ट्रपति की ओर से दुनियाभर के देशों पर लगाए गए टैरिफ को उनके ही देश में यूं खुलेआम चुनौती दी गई है। पूर्व में अमेरिका में ब्राजील पर भी लगाए गए टैरिफ का पुरजोर अंदाज में विरोध देखने को मिला था। वहीं, भारत की बात करें तो बीते दिनों कैलिफोर्निया से डेमोक्रेटिक सांसद सिंडी कमलागर डोव ने भी राष्ट्रपति की भारत संबंधी नीतियां की आलोचना करते हुए कहा था कि इनसे दोनों देशों के बीच बने हुए सामरिक विश्वास और पारस्परिक रूप से स्थापित आपसी समझ को वास्तविक तथा स्थायी रूप से नुकसान पहुंच रहा है।

## खबर संक्षेप

### कोहेफिजा के मां आशापुरा दरबार में नेत्र जांच शिविर आज

**भोपाल।** मां आशापुरा दरबार द्वारा 41वां विशाल निःशुल्क नेत्र शिविर नेत्र ज्योति यज्ञ के रूप में आयोजित किया जा रहा है। मां आशापुरा दरबार के अरविंद जैन ने बताया कि शिविर का उद्घाटन रविवार को गीता माता के सानिध्य में आदर्श सिंधु समाज हनुमान मंदिर के पास कोहेफिजा में किया जाएगा। कार्यक्रम में सासंद आलोक शर्मा, मंत्री कृष्णा गौर, महापौर मालती राय उपस्थिति रहेगी। चिरायु चैरिटेबल फाउंडेशन के अनुभवी चिकित्सक डॉ. एमके अजवानी, डॉ. मधु चंचलानी, डॉ. राहुल अग्रवाल एवं अन्य सहयोगी चिकित्सकों के माध्यम से नेत्र परीक्षण, परामर्श तथा आवश्यकता अनुसार मोतियाबिंद ऑपरेशन एवं लेंस प्रत्यारोपण की सुविधाएं निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएंगी। मोतियाबिंद से संबंधित जांच, भर्ती एवं ऑपरेशन के लिए चयन 14 एवं 15 दिसंबर को ही किया जाएगा।

### 8वां अभा क्षत्रिय राजपूत युवक-युवती परिचय सम्मेलन आज

**भोपाल।** मप्र राजपूत समाज संस्था द्वारा आयोजित अखिल भारतीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन 14 दिसंबर को आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन के संयोजक वीपीएस भदौरिया ने बताया कि संस्था के महाराणा प्रताप भवन, चार इमली, मेन रोड नंबर 3 भोपाल में यह सम्मेलन सुबह 10:30 बजे से प्रारंभ होगा। सम्मेलन में पंजीयन करने वाले लोगों को संस्था द्वारा मासिक राजपूत दर्पण पत्रिका निःशुल्क दी जाएगी। इस अवसर पर राजपूत समाज संस्था के वार्षिक कैलेंडर का विमोचन भी किया जाएगा। आयोजन में दीपक चौहान महासचिव मध्य प्रदेश राजपूत समाज संस्था भी शामिल होंगे।

### 11 जनवरी को होगा कायस्थम-26 समारोह का भव्य आयोजन

**भोपाल।** कायस्थम मध्य प्रदेश द्वारा 11 जनवरी को कायस्थम-26 के समारोह में कायस्थ समाज की उभरती हुई टीवी एवं फिल्म कलाकार तितिक्षा श्रीवास्तव, सोनिया श्रीवास्तव और शोभिता श्रीवास्तव को फिल्म एवं कला जगत में उल्लेखनीय योगदान के लिए कायस्थ गौरव सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। कायस्थम का यह आयोजन रविंद्र भवन के अंजनी सभागार में शाम 4 बजे से होगा।

### पीजीबीटी कॉलेज क्षेत्र में वाटर डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क सुधरेगा

**भोपाल।** शहर की घनी आबादी वाले पीजीबीटी कॉलेज क्षेत्र में अब जल्द ही वाटर डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क सुधर जाएगा। क्षेत्र के लोगों को कम दबाव से पानी मिलने की समस्या भी दूर हो जाएगी। शनिवार को पीजीबीटी कॉलेज परिसर में करीब सवा दो करोड रुपए से बनने 20 हजार लीटर के आवेरहैड टैंक निर्माण कार्य का भूमिपूजन सांसद आलोक शर्मा व महापौर मालती राय ने किया। यह काम अमृत योजना 2.0 के तहत करवाया जा रहा है। इस अवसर पर सांसद श्री शर्मा ने कहा कि शहर के विकास को लेकर लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। लोगों को बेहतर सुविधाएं मिलना चाहिए। यह उनकी पहली प्राथमिकता है।

### बीयू ने जारी की एमपीएड और बीपीएड की चयन सूची

**भोपाल।** राजधानी स्थित बरकतउल्ला विश्वविद्यालय ने एमपीएड और बीपीएड पाठ्यक्रम सत्र 2025-26 के लिए इस सत्र में छात्रों के चयन की सूची जारी कर दी गई है। प्रस्तुत, पात्रता आवेदनों के परीक्षण के लिए 5 सदस्यीय समिति की बैठकों का आयोजन किया था। एमपीएड पाठ्यक्रम के लिए कुल 34 आवेदन आए थे, जिसमें से समिति ने प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर 19 छात्रों को पात्र एवं 15 छात्रों को अपात्र पाया है। वहीं, बीपीएड कोर्स के कुल 160 आवेदन आए, जिसमें से समिति द्वारा 67 छात्रों को पात्र एवं 93 छात्रों को अपात्र पाया गया। उक्त दोनों कोर्सेस के पात्र, अपात्र छात्रों की सूची जारी की गई है।

---

# राज्यपाल ने किया भोजपाल महोत्सव मेले का भ्रमण मेला अध्यक्ष के नेतृत्व में समिति ने की भव्य अगवानी

## पटेल ने देश भर के अलग-अलग राज्यों से आए दुकानदारों से भेंटकर उनके उत्पादों की जानकारी ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के भेल दशहरा मैदान पर चल रहे भोजपाल महोत्सव मेला में राज्यपाल मंगुभाई पटेल मेला देखने पहुंचे। मेला पहुंचने पर मेला अध्यक्ष सुनील यादव, संयोजक विकास वीरानी और महामंत्री हरीश कुमार राम सहित मेला टीम ने ढोल ढमाकों के साथ भव्य अगवानी की।

मेला भ्रमण के दौरान अलग-अलग राज्यों से आए दुकानदारों से भेंट की और उनके उत्पादों के बारे में जानकारी ली। मेले में आए नागरिकों से संवाद कर मेले से संबंधित गतिविधियों के बारे में पूछा। इस दौरान मेले में लगाई गई केंद्र सरकार और राज्य सरकार की लोककल्याणकारी प्रदर्शनी का अवलोकन किया।



मेल में राजा भोज की प्रतिकृति के पास उपस्थित राज्यपाल पटेल, मेला अध्यक्ष सुनील यादव, संयोजक विकास वीरानी और महामंत्री हरीश कुमार राम सहित मेला पदाधिकारी।



भोजपाल महोत्सव मेला में दुकानदारों से चर्चा करते राज्यपाल मंगूभाई पटेल। इस दौरान उन्होंने व्यापारियों से उत्पादों की भी जानकारी ली।

**मेला समिति की प्रशंसा की**

*राज्यपाल ने मेला समिति द्वारा किए जा रहे इस भव्य आयोजन के लिए शुभकामनाएं देते हुए आयोजन समिति को इसके लिए बधाई दी। कहा कि 50 दिनों तक आयोजित होने वाले मेले में आने वाले दुकानदारों और लोगों की व्यवस्था के लिए मेला समिति बधाई की पात्र है।*

### मेले में प्लेबैक सिंगर स्नेहा भट्टाचार्य ने धमाल मचाया

मेला मंच पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से गुलजार हो उठा। देश भर के विभिन्न प्रदेशों से आए कलाकार लोक नृत्यों की प्रस्तुति दे रहे हैं। शनिवार को प्लेबैक सिंगर स्नेहा भट्टाचार्य धमाल मचाया। एक से बढ़कर गीतों गाकर मेला में आए लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। स्नेहा 'सा रे गा मा पा 2023' की फाइनलिस्ट हैं। वहीं रविवार को प्लेबैक सिंगह मास्टर सलीम अपनी गीत गजलों से लोगों को रिझाएंगे। अध्यक्ष सुनील यादव, संजोयक विकास वीरानी, महामंत्री हरीश कुमार राम, उपाध्यक्ष वीरेंद्र तिवारी, महेंद्र नामदेव, अखिलेश नगर सहित मेला टीम ने गणेश वंदना कर दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

---

## नेशनल लोक अदालत में दोनों पक्षों के बीच हुआ समझौता

# राजधानी में उपभोक्ता आयोग का न्यायः बीमा कंपनी देगी नॉमिनी को 1 करोड़ 79 लाख 20 हजार रुपए का मुआवजा

## आपसी सहमति से 21,295 प्रकरणों का हुआ निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित जिला उपभोक्ता प्रतितोषण आयोग क्रमांक-1 में आयोजित नेशनल लोक अदालत में शनिवार को बीमा कंपनी के मामले में उपभोक्ता को बड़ी राहत मिली है। सुनवाई के दौरान बीमा कंपनी की ओर से समझौते का प्रस्ताव सामने आया। एक्सिस मैक्स लाइफ इंश्योरेंस कंपनी और परिवादी पक्ष के बीच 1 करोड़ 79 लाख 20 हजार रुपए का फुल एंड फाइनल समझौता हुआ।

आयोग ने आदेश दिया कि यह राशि पांच दिन में नॉमिनी के खाते में जमा कराई जाए। मामले में परिवादी के अधिवक्ता मोहन चौकसे और पंकज दनके के अनुसार, नेशनल लोक अदालत के जरिए बीमा क्लेम का इतना बड़ा सेटलमेंट संभवतः प्रदेश में पहली बार हुआ है। मामले में आयोग के अध्यक्ष योगेश दत्त शुक्ल और सदस्य डॉ. प्रतिभा पाण्डेय ने समझौते को स्वेच्छापूर्ण मानते हुए संबंधित प्रकरणों को समाप्त करने के आदेश दिए।




जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार श्रीवास्तव ने नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ किया।

### यह है पूरा मामला

*दरअसल, उपभोक्ता राजेश कुमार ने अपने जीवनकाल में एक्सिस मैक्स लाइफ इंश्योरेंस कंपनी से तीन अलग-अलग पॉलिसी ली थी। इनकी कुल बीमित राशि करीब 2 करोड़ 23 लाख रुपए थी। उनकी मृत्यु के बाद नॉमिनी प्रदीप कुमार ने जब बीमा दावा प्रस्तुत किया था। परंतु कंपनी ने बीमारी की जानकारी छिपाने की बात कहते हुए इस क्लेम को खारिज कर दिया था। जिसके बाद उपभोक्ता ने तीनों पॉलिसियों के लिए तीन अलग शिकायतें जिला उपभोक्ता आयोग में लगाई थी।*

### निगम ने वसूले 18 करोड़ 80 लाख रुपए, 17700 से ज्यादा प्रकरणों का किया निराकरण

*नगर निगम के वार्ड कार्यालयों में आयोजित नेशनल लोक अदालतों के शिविरों में शनिवार को 17 हजार 700 से अधिक प्रकरणों का निराकरण उपभोक्ताओं ने कराया और 18 करोड़ 80 लाख रूपए से अधिक की राशि जमा कराई। शाम सात बजे तक 17185 लोगों को संपत्तिकर और जलदर जमा करने की रसीदें निगम की ओर से उपभोक्ताओं को जारी की जा चुकी थीं। सबसे अधिक वसूली जोन-13 में हुई। यहां 1 करोड 83 लाख रुपए राजस्व मिला। जबकि सबसे कम राजस्व जोन-6 में 27 लाख रुपए मिला। एसआईआर में निगम का अमले के ड्यूटी पर लगे होने के कारण उम्मीद से अधिक वसूली नेशनल लोक अदालत में निगम को हुई। शनिवार को दिनभर मोबाइल पर भी टैक्स जमा करने की बात कही जाती रही।*

#### 50 हजार से अधिक एवं 1 लाख रुपए तक बकाया राशि पर 50 प्रतिशत तक की छूट

नेशनल लोक अदालत में सम्पत्तिकर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर एवं अधिभार की राशि 50 हजार रुपए बकाया है उन्हें मात्र अधिभार में 100 प्रतिशत की छूट दी गई, जबकि 50 हजार से अधिक एवं 1 लाख रुपए तक बकाया राशि पर केवल अधिभार में 50 प्रतिशत तक की छूट एवं 1 लाख रुपए से अधिक की राशि बकाया होने पर मात्र अधिभार में 25 प्रतिशत की छूट दी गई। जल उपभोक्ता प्रभार के ऐसे प्रकरण जिनमें 10 हजार रुपए तक बकाया है अधिभार में 100 प्रतिशत की छूट दी गई।

### नेशनल लोक अदालत में 18,872 लंबित राजीनामा योग्य प्रकरण रखे गए थे

## 54 करोड़ 80 लाख 32 हजार 840 की अवॉर्ड राशि पारित

मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर शनिवार को जिला न्यायालय में वर्ष की अंतिम नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस नेशनल लोक अदालत में पक्षकारों की आपसी सहमति से समझौता योग्य 21295 लंबित एवं विचाराधीन प्रकरणों का निराकरण किया जाकर पक्षकारों को करोड़ 80 लाख 32 हजार 840 रुपए की मुआवजा व समझौता राशियों के अवार्ड पारित कर राशियां दिलाई गईं। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार श्रीवास्तव ने नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर और दीप प्रज्वलित कर किया। वर्तमान में जिला न्यायालय में कुल 1,58,651 मामले लंबित हैं। नेशनल लोक अदालत में न्यायालय में कुल 18,872 लंबित राजीनामा योग्य प्रकरण रखे गये थे। विद्युत अधिनियम, बैंक रिकवरी, जलकर एवं बीएसएनएल विभाग तथा यातायात के ई-चालान से संबंधित 79,737 प्री लिटिगेशन प्रकरण नेशनल लोक अदालत के समक्ष रखे गए थे।

**श्रम न्यायालय में 12 प्रकरणों का निराकरण किया गया**

श्रम न्यायालय में औद्योगिक न्यायालय की न्यायाधीश निहारिका सिंह, श्रम न्यायालय के न्यायाधीश कुसुम्हार चक्रवर्ती सहित अधिवक्तागण हाशिम अली, लोकेश दुबे, जीएस राठौर एवं सोनल श्रीवास्तव की समझाईश से नेशनल लोक अदालत में 12 विचाराधीन प्रकरणों का निराकरण कर 65 लाख 55 हजार रुपए के अवार्ड पारित किए गए।

#### जिला उपभोक्ता आयोग में 44 प्रकरणों का निराकरण किया गया

जिला उपभोक्ता प्रतितोषण आयोग क्रमांक 1 में अध्यक्ष योगेश दत्त शुक्ल और सदस्य श्रीमती प्रतिभा पाण्डेय की बेंच ने 44 प्रकरणों का निराकरण कर पक्षकारों को 1, 84,62,097 रुपए की समझौता राशियों के अवार्ड पारित कर राशियां दिलाई गईं।नेशनल लोक अदालत में बीमा क्षेत्र से जुड़ा प्रदेश का अब तक का सबसे बड़ा सेटलमेंट कराया गया।

---



कथावाचक निधि किशोरी का सम्मान करते मां चामुंडा दरबार के पुजारी पंडित रामजीवन दुबे ।

### 7 दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का हुआ समापन

**भोपाल।** गांधी नगर संटक मोचन हनुमान मंदिर में चल रही सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा का शनिवार को समापन हो गया। कथा प्रवक्ता निधि किशोरी ने उपस्थित भक्तों को कथा श्रवण कराई। उन्होंने सात दिनों तक भगवान श्री कृष्ण जी के वात्सल्य प्रेम, असीम प्रेम के अलावा वर्तमान समय में समाज में व्याप्त अत्याचार, अनाचार, कटुता, व्यभिचार को दूर कर सुंदर समाज निर्माण के लिए युवाओं को प्रेरित किया। कथा के सातवें दिन शनिवार को भगवान श्री कृष्ण के सर्वोपरी लीला श्री रास लीला, मथुरा गमन, दुष्ट कंस राजा के अत्याचार से मुक्ति के लिए कंसबध, रुक्मणी विवाह एवं सुदामा चरित्र का वर्णन कर लोगों को भक्तिरस में डुबो दिया। इस मौके पर मां चामुंडा दरबार के पुजारी पंडित रामजीवन दुबे सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

### श्री प्रभु चरण गुसाईंजी विट्ठलनाथजी को जलेबी का लगाया भोग

**भोपाल।** श्रीजी मंदिर लखेरापुरा में विट्ठलनाथजी का 511वां प्राकट्योत्सव (जन्मदिन) हाल ही में भव्यता से मनाया गया, जिसमें श्रीनाथजी का विशेष श्रृंगार, फूलों की सजावट, भजन-कीर्तन, और प्रसाद वितरण हुआ। मंदिर के मुखिया श्रीकांत शर्मा ने बताया कि विट्ठलनाथजी ने पुष्टिमार्ग में ऋतु अनुसार राग भोग सृंगार का नियम बता कर सेवा प्रणालिका अनुसार करना का बताया गुसाईंजी श्री विट्ठलनाथजी,पुष्टिमार्ग के संस्तपक वल्लाभार्चाय कर पुत्र है अपने ही पुष्टिमार्ग को बढ़ाया। प्रागट्य उत्सव में आंवला चंदन तेल एवं इत्र से स्नान करा गया। पीले साटन के वस्त्र के साथ 5 जोड़ मोर चंद्रिका का श्रृंगार किया। इसके बाद प्रभु को राजभोग के साथ काजू आलू एवं सादी जलेबी का भोग लगाया। फिर प्रभु श्रीनाथजी को पालने में बैठाया गया।

---



राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन और श्री सत्य साईं हार्ट हॉस्पिटल, राजकोट एवं अहमदाबाद के बीच समझौता के दस्तावेजों का आदान-प्रदान करते हुए।

## जेपी अस्पताल में दिल की बीमारियों से पीड़ित बच्चों के लिए जांच शिविर आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बच्चों के दिल के विभिन्न रोगों की जांच के लिए संभाग स्तरीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर रविवार को जेपी अस्पताल में आयोजित होगा। शिविर में भोपाल संभाग के सभी जिलों से आरबीएस के टीम द्वारा हृदय रोग के लिए चिन्हित बच्चे जांच के लिए आएंगे।

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत आयोजित इस शिविर में जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित बच्चों की इको जांच निःशुल्क की जाएगी। यह शिविर श्री सत्य साइन सेवा संगठन राजकोट एवं अहमदाबाद के सहयोग से लगाया जा रहा है। जिसमें भोपाल, बैतूल, हरदा, होशंगाबाद, रायसेन, राजगढ़, सीहोर, विदिशा के हितग्राही सम्मिलित होंगे। ज्ञात हो कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य ममशन और श्री सत्य साईं हार्ट हॉस्पिर्ल, राजकोट एवं अहमदाबाद के बीच समझौता (एमओयू) तीसरी बार 9 अक्टूबर 2025 को हुआ था।

---

### हार्न बजते ही बंद होता है कोच का गेट, फिर अगले स्टेशन पर खुलता है

#### गेट बंद होने से झांसी स्टेशन से भोपाल तक युवक को यात्रा करनी पड़ी

# चाची को छोड़ने आया भतीजा, चल दी वंदेभारत ट्रेन बिना टिकट सफर... टीटीई ने चेतावनी देकर छोड़ा

### ट्रेन का गेट बंद हो गया और ट्रेन चल दी, इसके बाद युवक ने टीटीई को मामले की जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

वंदे भारत ट्रेन के अगर किसी सहपाठी या रिश्तेदार को छोड़ने जा रहे हैं, तो ट्रेन के अंदर घुसने का प्रयास न करे। दरअसल इस ट्रेन का हार्न बजते ही गेट बंद होने पर आप कोच के अंदर ही रह जाएंगे, फिर निर्धारित अगले स्टेशन पर ही ट्रेन रुकने पर उतर पाएंगे। ऐसा ही एक मामला शुक्रवार को देखने को मिला। जब झांसी स्टेशन पर हजरत निजामुद्दीन-रानी कमलापति वंदे भारत एक्सप्रेस अपनी चाची को बैठाने के चक्कर में भतीजा ट्रेन के अंदर पहुंच गया। इतनी ही देर में ट्रेन का गेट बंद हो जाने पर ट्रेन से नहीं उतर पाया।

झांसी के बाद ट्रेन का स्टॉपेज सीधा आरकेएमपी स्टेशन पर था। ऐसे में भतीजे को यहां तक सफर करना पड़ा। इस दौरान टीटीई ने पहले दो हजार जुर्माना लगाने की बात कहीं, लेकिन बाद में चेतावनी देकर छोड़ दिया। उल्लेखनीय है कि करीब डेढ़ साल पहले इस तरह का इंदौर नागपुर वंदे भारत एक्सप्रेस में भी देखने को मिला। जानकारी के अनुसार पटेल झांसी से आरकेएमपी तक आने के लिए वंदेभारत से आ रही थीं। इस दौरान उनके रिश्तेदार स्टेशन तक छोड़ने पहुंचे। इस दौरान वह ट्रेन में महिला यात्री (चाची) ट्रेन में बैठाने के लिए कोच के अंदर आ गया। इस बीच निधारित हाल्ट के बाद गाड़ी चलने गई और ट्रेन का गेट बंद हो गया। ट्रेन के चलने के साथ ही टीटीई को मामले की जानकारी दी। इस दौरान टीटीई ने पहले 2000 हजार रुपए का जुर्माना लगाने की बात कहीं, लेकिन परिजनों व अन्य यात्री के द्वारा समझाने के बाद टीटीई ने चेतवानी देकर छोड़ दिया।



फाइल फोटो

### अफसर बोले- केस भी हो सकता है दर्ज

अगर ट्रेन के दरवाजे बंद होने की वजह से आप गलती से उसमें चढ़े रह गए हैं, और आपके पास टिकट नहीं है, तो सबसे सही तरीका है टीटीई से तुरंत संपर्क करना। टीटीई को पूरी बात साफ-साफ बताएं। आप उनसे अनुरोध कर सकते हैं। रेलवे अधिकारियों के अनुसार वंदेभारत एक्सप्रेस के अंदर तक यात्री बैठाने न जाएं समय का विशेष ख्याल रखें। वंदेमातरम ट्रेन की रुकने और कोच के दरवाजे खुलने और बंद होने की समय-सारणी पहले से ही तय है। ऐसी स्थिति में पकड़ने जाने पर नियमानुसार जुर्माने का प्रावधान है। साथ ही केस भी दर्ज होता है।



# अमेरिकी नस्लवाद और भ्रष्टाचार के मुद्दों को दर्शाता द रिस्पेक्टफुल प्रोस्टिट्यूट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रंग श्री लिटिल बैले में आयोजित रंग संस्कृति नाट्य समारोह में शनिवार की शाम नाटक द रिस्पेक्टफुल प्रोस्टिट्यूट का मंचन किया गया। एकजुट थियेटर एण्ड वेलफ़ेयर समिति के कलाकारों द्वारा खुशबू चौबिटकर के निर्देशन में प्रस्तुत नाटक संभ्रांत वैश्या एक राजनीतिक नाटक है, जो अमेरिका में नस्लवाद और भ्रष्टाचार के मुद्दों पर केंद्रित है।

**एकजुट थियेटर की प्रस्तुति**



मंच पर कलाकार।

## रंग श्री लिटिल बैले में नाटक द रिस्पेक्टफुल प्रोस्टिट्यूट का मंचन

### नाटक की कहानी

नाटक की कहानी एक श्वेत महिला, लिज़ी, के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक अश्वेत व्यक्ति, फ्रेडी, के साथ अपने संबंधों के कारण मुसीबत में पड़ जाती है। नाटक की भाषा सरल और प्रभावशाली है, जो दर्शकों को आकर्षित करती है। नाटक के पात्र जीवंत और वास्तविक हैं जो दर्शकों को अपने अनुभवों से जोड़ते हैं। संभ्रांत वैश्या एक शक्तिशाली और विचारों से भरा नाटक है जो दर्शकों को समाज की कठोर वास्तविकताओं का सामना करने के लिए मजबूर करता है। सार्त्र की दृष्टि और लेखन शैली इस नाटक को एक क्लासिक बनाती है।



मंच पर प्रभावी अभिनय।

**खबर संक्षेप**



### साहित्यकार धर्मेनियां को मानद उपाधि

**भोपाल।** हरियाणा के फरीदाबाद में शनिवार को मैजिक एवं आर्ट विश्वविद्यालय, फरीदाबाद द्वारा डॉक्टरेट की मानद उपाधि प्रदान की गई। इस अवसर पर भोपाल के प्रसिद्ध साहित्यकार एवं कवि अशोक कुमार धर्मेनियां को साहित्य लेखन के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। विश्वविद्यालय प्रबंधन ने उनके साहित्यिक अवदान की सराहना करते हुए कहा कि उनकी रचनाएं समाज को सकारात्मक दिशा देने का कार्य कर रही हैं। सम्मान ग्रहण करने के उपरांत अशोक कुमार धर्मेनियां ने इसे समस्त साहित्य साधकों के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया और विश्वविद्यालय प्रबंधन के प्रति आभार व्यक्त किया। ।

### जनजातीय संग्रहालय में संभावना के अंतर्गत आज नृत्य प्रस्तुतियां

**भोपाल।** मप्र जनजातीय संग्रहालय में नृत्य, गायन एवं वादन पर केंद्रित सांस्कृतिक गतिविधि संभावना के अंतर्गत आज नृत्य प्रस्तुतियों का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम दोपहर 2 बजे से संग्रहालय परिसर में आयोजित होगा। कार्यक्रम विवरण आयोजन में पवनपुत्र यादव एवं साथी (सीधी) द्वारा अहिराई नृत्य और हर्षा चौरसिया एवं साथी (सागर) द्वारा बधाई नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियां दी जाएंगी।

### घरेलू बजट, बचत एवं विवाह पूर्व सलाह पर कार्यशाला 16 को

**भोपाल।** तुलिका सामाजिक, कला, शैक्षिक एवं सांस्कृतिक संस्था द्वारा महिला हितार्थ घरेलू बजट एवं बचत तथा विवाह पूर्व काउंसलिंग विषय पर एक विशेष कार्यशाला का आयोजन दिनांक 16 दिसंबर दोपहर 12 बजे दुष्यंत संग्रहालय में किया जा रहा है। इस कार्यशाला में बैंकिंग से रेखा तिवारी, समीक्षा सिंह राठौर शेयर मार्केट से जुड़ी जानकारी साझा करेंगी। विवाह पूर्व काउंसलिंग सत्र में पूर्व एआईजी अलका शुक्ला, मेघावी चौरे, एड. दिव्या रावत एवं आशा गोस्वामी विचार रखेंगी। संस्था अध्यक्ष विनीता (श्रीवास्तव) त्रिवेदी ने बताया कि इस दौरान विवाह पूर्व सलाह विषय पर एक पुस्तक का भी विमोचन किया जाएगा, जिसमेंवकीलों, सेवानिवृत्त न्यायाधीशों, लॉ प्रोफेसरों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं के आलेख एवं सुझाव शामिल हैं।

## गौहर महल में आयोजित परी बाजार में शनिवार को हुई विभिन्न गतिविधियां

# महेश्वरी बुनावट में उतरी अहिल्याबाई की विरासत

# फैशन शो में दिखा महेश्वर का सांस्कृतिक वैभव





हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गौहर महल में आयोजित परी बाजार की तीसरी शाम शनिवार को आंत्रप्रेन्योरशिप, हेल्थ एंड वेलनेस और फैशन के रंगों से सराबोर रही। वूमेन एजुकेशन एंड एम्पॉवरमेंट सोसायटी (वीस) द्वारा 'सशक्त मध्यप्रदेश' थीम पर आयोजित वार्षिक आयोजन 'बेगम्स ऑफ भोपाल' के अंतर्गत इस शाम का मुख्य आकर्षण फैशन शो रहा, जिसने दर्शकों का ध्यान अपनी ओर खींचा।



मंच पर प्रस्तुति देती मॉडल्स।

### भारतीय विरासत और आधुनिकता का अनूठा

इस फैशन शो में भारतीय परंपरा, विरासत और आधुनिकता का अनूठा संगम देखने को मिला। यह विशेष प्रस्तुति एक गहरी सोच और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को समर्पित रही, जिसकी प्रेरणा मालवा की लोकमाता रानी अहिल्याबाई होलकर के व्यक्तित्व से ली गई। फैशन डिजाइनर ताजावर खान के निर्देशन में एनआईएफ भोपाल के 35 छात्राओं ने शो के माध्यम से मालवा की समृद्ध परंपरा का प्रदर्शन किया गया।

### महेश्वरी फैब्रिक को नए ढंग से किया प्रदर्शित

शो में महेश्वरी फ़ैब्रिक को नए और समकालीन स्वरूप में दर्शाया गया। नर्मदा की लहरों जैसी शांति, प्रवाह और अनंतता को दर्शाते इस फ़ैब्रिक के बॉर्डर महलों की बारीक नक्क़ाशी से प्रेरित रहे। हथकरघे पर बुने गए इन परिधानों में परंपरा की धड़कन और कारीगरों की मेहनत स्पष्ट रूप से झलकती दिखाई दी।



परी बाजार के मंच पर महेश्वरी साड़ियों में महेश्वर की सांस्कृतिक विरासत का प्रदर्शन करती मॉडल्स।





पासिंग परेड के दौरान अनंत मिश्रा, तिलक और विश्वास।

## जनसंपर्क के डिप्टी डायरेक्टर मिश्रा के पुत्र समेत भोपाल के 3 युवा बने फायटर पॉयलट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के तीन युवाओं अनंत मिश्रा, तिलक शर्मा और विश्वास यादव फाइटर का चयन फायटर पायलट के तौर पर हुआ है। शनिवार को वायुसेना अकादमी हैदराबाद में पासिंग आउट परेड में इन तीनों युवाओं का फाइटर पायलट के रूप में चयन हुआ। इसमें से अनंत मिश्रा मप्र जनसंपर्क में डिप्टी डायरेक्टर के पद पर पदस्थ संतोष मिश्रा के पुत्र हैं। जबकि इनकी माताजी का नाम छाया मिश्रा है। इन युवाओं के चयन पर जनसंपर्क के विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों के साथ ही शहर के पत्रकारों ने बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी हैं।



हैदराबाद में पासिंग परेड के दौरान अपने मां-पिता के सथ अनंत मिश्रा।

## आईएनएच रायपुर की न्यूज एडीटर सोनल को आज मिलेगा मप्र रत्न अवार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र-छत्तीसगढ़ के प्रतिष्ठित न्यूज चैनल आईएनएच की न्यूज एडीटर सोनल भारद्वाज (रायपुर) को कल रविवार को मप्र रत्न सम्मान से नवाजा जाएगा।

मप्र प्रेस क्लब के अध्यक्ष नवीन आनंद जोशी ने बताया कि मध्य प्रदेश प्रेस क्लब आज अपने स्थापना के 33 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भव्य 'मप्र रत्न अलंकरण एवं मध्यप्रदेश श्री सम्मान समारोह' का आयोजन कर रहा है। यह समारोह रविवार, 14 दिसंबर को प्रातः 10:30 बजे से भोपाल स्थित रवीन्द्र भवन के अंजनी सभागार में होगा डॉ. जोशी ने बताया कि समारोह का प्रमुख आकर्षण राम मंदिर मामले पर ऐतिहासिक निर्णय देने वाले सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति सुधीर अग्रवाल की उपस्थिति होगी। वहीं, मप्र रत्न और मप्रश्री से से 9-9 विभूतियों को यह पुरस्कार दिया जाएगा। डॉ. जोशी ने जानकारी दी कि मप्र रत्न से सोनल भारद्वाज के अलावा

जिन लोगों को यह पुरस्कार दिया गया है, उनमें प्रख्यात कमेंटेटर पद्मश्री सुशील दोषी, शास्त्रीय गायिका कलापिनी कोमकली, अमर उजाला समूह के जयदीप कार्णिक, फिल्म दिल्ली 2020 के निर्माता निर्देशक देवेंद्र मालवीय, अंतरराष्ट्रीय फैशन डिजाइनर मुमताज खान, टीवी जर्नलिस्ट दिनेश गौतम, कोरियोग्राफर अमृता जोशी एवं वेब सीरीज निर्देशक प्रतीश मेहता शामिल हैं। वहीं मप्रश्री से जिन्हें सम्मानित किया गया है, उनमें कारगिल विजय के नायक अनुराग चतुर्वेदी, किक्रेट खिलाड़ी चित्रा वाजपेयी, पूर्व महानिदेशक जनसंचार प्रो. संजय द्विवेदी, महिला सशक्तिकरण की ब्रांड एंबेस्डर नीता दीप वाजपेयी, एलएनसीटी की वीसी पूनम चौकसे, इफ्को डायरेक्टर ऋषिराज सिंह सिसौदिया, चित्रकार सुलेखा गुर्जर, आयुर्वेदाचार्य डॉ. शिवदयाल बर्डे और ग्लोबल स्कॉलर अभिषेक गोयल शामिल हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मप्र विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर रहेंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि के तौर पर मंत्री कृष्णा गौर भी उपस्थित रहेंगी।



*मप्र प्रेस क्लब का 33वां स्थापना समारोह आज*

### कार्यक्रम में देशभर से आए 15 कलाकारों ने दीं प्रस्तुतियां

## श्रावणी ने तमंचे पे डिस्को परफॉर्म कर जीता चौपाल स्टेज चैप्टर 6



कार्यक्रम में प्रस्तुति देते आर्टिस्ट और उसकी परफॉर्मेंस का अवलोकन करते जजेस।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

चौपाल स्टेज चैप्टर 6 में शनिवार को दर्शकों की पसंद के आधार पर श्रावणी को परफॉर्मर ऑफ द डे चुना गया। 8 साल की श्रावणी ने 'तमंचे पे डिस्को' गाने पर परफॉर्म किया और चौपाल चैप्टर 6 जीता। उन्हें कुल 46 चौपाल की चिट्ठियां मिलीं। वहीं, श्वेता रघुवंशी ने फेमिनिज्म पर जोक्स सुनाकर दर्शकों की महफ़िल लूटी। राहुल न्यूट्रो के अनोखे जूतों के डांस पर दर्शकों का मनोरंजन किया। कार्यक्रम में देशभर से आए 15 कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम के गेस्ट पैनल में शिवांगी शर्मा (कोरियोग्राफर व क्रिएटर), ऐनी जैन (होम एंड लाइफस्टाइल क्रिएटर), शुभम जैन (फूड ब्लॉगर) और चौपाल स्टेज के संस्थापक आयुष खरे व मोहित सक्सेना रहे। कार्यक्रम में 8 वर्षीय श्रावणी का नृत्य और रैपर विवेक की नरसिंह व जीवन आधारित रैप प्रस्तुति दर्शकों के बीच खास चर्चा में रही। कॉमेडियन श्वेता रघुवंशी ने अपनी प्रस्तुति से माहौल को हल्का और मनोरंजक बनाया। कार्यक्रम की मेजबानी अनुजा भार्गव ने की, जबकि आयोजन के सफल संचालन में महक पांडे, प्रवीण विश्वकर्मा और यश मिश्रा की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

# उत्कृष्ट और संवेदनशील वास्तु कार्यों को पहचान दिलाता है अवार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

द इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ आर्किटेक्ट्स (आईआईए), भोपाल सेंटर द्वारा डिज़ाइन एप्रिसिएशन अवॉर्ड्स 2025 (तृतीय संस्करण) का आयोजन ग्रैंड लोटस, कोर्टयार्ड बाय मैरियट में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में भोपाल एवं आसपास के क्षेत्रों से आए आर्किटेक्ट्स, शिक्षाविदों, डिज़ाइनर्स और प्रोफेशनल्स ने भाग लिया। आईआईए भोपाल सेंटर के चेयरमैन आर्किटेक्ट अक्षय सेलुकर ने बताया कि यह पुरस्कार भोपाल में हो रहे उत्कृष्ट और संवेदनशील वास्तु कार्यों को पहचान दिलाने तथा स्थानीय आर्किटेक्ट्स को एक साझा मंच प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

## आईआईए भोपाल द्वारा डिज़ाइन एप्रिसिएशन अवॉर्ड्स 2025 का सफल आयोजन



कार्यक्रम का शुभारंभ करते अतिथि।



### समकालीन वास्तुकला और डिज़ाइन प्रक्रिया पर रखे अनुभव

मुख्य वक्ता के रूप में आर्किटेक्ट आनंद मेनन (एडीएनडी – एटेलियर डिज़ाइन एन डोमेन) ने समकालीन वास्तुकला और डिज़ाइन प्रक्रिया पर अपने अनुभव प्रस्तुत किए। वहीं, आर्किटेक्ट नरेश नरसिम्हन एवं आर्किटेक्ट अपर्णा नरसिम्हन (वेंकटरामणन एसोसिएट्स) ने शहरी डिज़ाइन, नागरिक वास्तुकला और सामाजिक जिम्मेदारी जैसे विषयों पर अपने विचार रखे।

*वास्तुकला में प्रभावी योगदान के लिए किया प्रदान*



### प्रेरणा कोठारी को मिला लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड

लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड रहा, जो आर्किटेक्ट प्रेरणा कोठारी को उनके दीर्घकालीन योगदान, पेशेवर ईमानदारी और वास्तुकला के क्षेत्र में प्रभावशाली भूमिका के लिए प्रदान किया गया।



## लौट रहा 'मास्टर शेफ इंडिया', रणवीर ने 'धुरंधर' स्टाइल में किया ऐलान...

**नई दिल्ली।** टीवी का सेलिब्रिटी कुकिंग शो मास्टर शेफ इंडिया लौट रहा है। इस लोकप्रिय शो के जज ने इसके नए सीजन का ऐलान किया। शेफ विकास खन्ना ने एक मजेदार पोस्ट के साथ शो के नए सीजन का ऐलान किया। उन्होंने मास्टर शेफ के किचन में कुणाल कपूर की वापसी की खुशखबरी भी शेयर की। विकास खन्ना कहते हैं कि कुणाल सिर्फ एक कलीग नहीं बल्कि उनके सबसे करीबी दोस्त भी हैं। रणवीर बरार ने भी एक मजेदार अंदाज में एक पोस्ट शेयर कर शो के नए सीजन का ऐलान किया। रणवीर ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें विकास , रणवीर बरार और कुणाल कपूर मजेदार अंदाज में "धुरंधर' के मोस्ट पॉपुलर सॉन्ग 'एफए९एलए' में डांस करते नजर आ रहे हैं।

लाइफ Style

# शुभांगी



## 'तन्वी द ग्रेट' के लिए मिला ऑस्ट्रेलिया में पुरस्कार

अभिनेत्री शुभांगी दत्त ने अनुपम खेर की फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' के लिए इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ़ ऑस्ट्रेलिया में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार जीता है। अनुपम खेर की प्रेरणादायक और पसंद की जाने वाली फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' को एक और बड़ी खुशी मिली है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

इस फिल्म की मुख्य शुभांगी दत्त ने इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ़ ऑस्ट्रेलिया में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार अपने नाम किया है। शुभांगी दत्त के साथ इस फिल्म में अनुपम खेर, बोमन ईरानी, पल्लवी जोशी, अरविंद स्वामी, नास्सर, इयान ग्लेन और करण टक्कर जैसे बेहतरीन कलाकार भी हैं। अनुपम खेर ने कहा कि शुभांगी इस अवॉर्ड की पूरी तरह हकदार हैं। उन्होंने तन्वी को बेहद ईमानदारी से निभाया। 'तन्वी द ग्रेट' दिल से बनी फिल्म है और इसे विदेशों में सराहना मिलना हमारे लिए बहुत खुशी की बात है। हम चाहते हैं कि यह फिल्म और भी जगहों तक पहुंचे। अवॉर्ड पर भावुक होकर शुभांगी दत्त ने कहा कि यह अवॉर्ड मेरे लिए बहुत खास है। तन्वी का किरदार निभाने के लिए सच्चाई, हिम्मत, मेहनत और दिल की मजबूती चाहिए थी, और मुझे खुशी है कि दुनिया के लोगों ने इस फिल्म को अपना प्यार दिया। मैं अनुपम सर की आभारी हूँ जिन्होंने मुझ पर भरोसा किया और मुझे इतना खूबसूरत रोल दिया। यह सम्मान हमारी पूरी टीम का है। 'तन्वी द ग्रेट' को बेस्ट स्क्रीनप्ले का अवॉर्ड भी मिला है, जो लेखकों अनुपम खेर, अभिषेक दीक्षित और अंकुर सुमन को मिला।

## हॉलीवुड मसाला




## अवतारः फायर... की शानदार शुरुआत

**मुंबई।** जेम्स कैमरून की 'अवतारः फायर एंड एश' 19 दिसंबर को दुनियाभर में रिलीज हो रही है। 'अवतार' और 'अवतारः द वे ऑफ वॉटर' की जबरदस्त सफलता के बाद यह तीसरी किस्त है, जिससे निर्माताओं की बहुत उम्मीदें जुड़ी हैं। भारत में फिल्म के लिए एडवांस बुकिंग शुरू हो चुकी है और ताजा कमाई के आंकड़े आ गए हैं। हालांकि, एक मामले में फिल्म, दूसरी किस्त के मुकाबले सुस्त नजर आ रही है। रिपोर्ट के मुताबिक, 'अवतारः फायर एंड एश' ने भारत में अब तक 50,000 से ज्यादा टिकट बेच दिए हैं।



## बुरे लोगों से दुनिया बचाने निकली 'सुपरगर्ल', धमाकेदार टीजर जारी

**मुंबई।** डीसी यूनिवर्स ने 'सुपरमैन' सीरीज की अगली फिल्म 'सुपरगर्ल' का धमाकेदार टीजर जारी कर दिया है। मुख्य किरदार मिली एल्कॉक निभा रही हैं, जिन्होंने अपने अभिनय से पहले भी दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया है। मिली एक सुपरगर्ल के किरदार में हैं, जिसका मिशन बुरे लोगों से दुनिया को बचाना है, और इसमें उसका साथ एक अनजान लड़की देती है। टीजर पर लोगों ने प्रतिक्रिया दी है। वहीं कुछ को टीजर देखकर फिल्म 'गार्डियंस ऑफ द गैलेक्सी' याद आ गई है। बहुप्रतीक्षित फिल्म 'सुपरगर्ल' के टीजर ने सोशल मीडिया पर आते ही तहलका मचा दिया है। प्रतिक्रिया देते हुए एक यूजर ने लिखा, 'आखिरकार सुपरगर्ल को सही तरीके से पेश किया गया है!' दूसरे ने लिखा, 'मुझे यह बहुत पसंद आया!!' एक अन्य ने लिखा, 'यह मार्वल की गार्डियंस ऑफ द गैलेक्सी की याद दिलाती है, लेकिन ज्यादा महिला बॉस के साथ।' 'सुपरगर्ल' का निर्देशन क्रेग गिलेस्पी ने किया है।



## बॉयफ्रेंड संग निकलीं सैर-सपाटे पर...


**मुंबई।** टीवी शो 'कितनी मोहब्बत हैं' की अभिनेत्री कृतिका कामरा इस वक्त खूब चर्चा में हैं। 12 दिसंबर को उनकी फिल्म 'द ग्रेट शम्सुद्दीन फैमिली' जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम हुई है, जिसे लोगों ने ठीक-ठाक बताया है। दूसरी ओर, अभिनेत्री अपने बॉयफ्रेंड गौरव कपूर के साथ सैर-सपाटा का आनंद उठा रही हैं। कृतिका ने हाल ही में सोशल मीडिया पर गौरव संग अपने रिश्ते की पुष्टि की है। वीडियो में दोनों को साथ देखकर उनके प्रशंसक भी काफी खुश हैं। कृतिका और गौरव ने रिश्ता आधिकारिक करने के बाद, पहली बार सार्वजनिक तौर पर उपस्थिति दर्ज कराई है। वीडियो में दोनों का लुक काफी कैजुअल नजर आ रहा है, जिसमें वह बेहद खूबसूरत लगे हैं। कृतिका और गौरव को साथ में देखकर प्रशंसक भी वीडियो पर दिल वाली इमोजी भेज रहे हैं।




## पापियों की दिशा-दशा बदलने आए वरुण

**मुंबई।** जी स्टूडियो के बैनर तले निर्मित आगामी फिल्म 'राहु केतु' के नए पोस्टरों ने लोगों को उत्साहित कर दिया है। फिल्म में पुलकित सम्राट और वरुण शर्मा मुख्य किरदार में हैं। उनके साथ शालिनी पांडे नजर आएंगी। टीजर से फिल्म की कहानी का अंदाजा लग गया था, लेकिन अब पुलकित और वरुण के किरदारों का नए अंदाज में पेश किया गया है। निर्माताओं ने पोस्टर के जरिए बताया कि 'राहु केतु' पापियों की दिशा और दशा बदलने आ रहे हैं। इस आगामी कॉमेडी फिल्म में, वरुण राहु का किरदार निभा रहे हैं। उनका पोस्टर जारी करते हुए निर्माताओं ने लिखा, 'आ गए हैं राहु, जो तोड़ेंगे सबके पापों का घड़ा!' पुलकित केतु के किरदार में हैं, जिनके पोस्टर के साथ कैप्शन दिया गया, 'ये हैं केतु, जिनके आने से बदलेगी पापियो की दशा और दिशा!'

## टीवी मसाला



## शहजादी है तू दिल की का नया प्रोमो रिलीज

**मुंबई।** स्टार प्लस के शो शहजादी है तू दिल की का नया प्रोमो रिलीज हो गया है। स्टार प्लस हमेशा से ही दर्शकों के लिए अलग और याद रहने वाली कहानियां लाने के अपने वादे पर कायम रहा है। टेलीविजन के कुछ सबसे आइकॉनिक और ट्रेंड सेट करने वाले शो देने वाला यह नंबर-वन चैनल अब एक बार फिर एक दमदार कहानी लेकर लौटा है, अपने नए ड्रामा 'शहज़ादी है तू दिल की' के रूप में। यह शो, जिसका हाल ही में प्रीमियर हुआ है, अपनी दिलचस्प कहानी और गहरी भावनाओं के कारण दर्शकों को शुरू से ही बांधने में सफल रहा है। मौजूदा ट्रैक में हम देखते हैं कि दीपा, अपने पति की तलाश में हैदराबाद पहुँचती है, लेकिन वहां उसे एक ऐसा सच पता चलता है जो उसकी पूरी ज़िंदगी हिला देता है।

दरअसल उसका पति उसे शुरू से ही झूठ बोलता आ रहा था। दीपा की यह यात्रा एक बड़े सवाल को सामने लाती है कि इतने बड़े धोखे के बाद क्या वह फिर कभी किसी पुरुष पर भरोसा कर पाएगी? शो के नए प्रोमो में कहानी भावनात्मक मोड़ लेती है। हम देखते हैं कि दीपा अपने बच्चे के पिता की तलाश में बेचैन होकर इधर-उधर भटक रही है। वह अपनी ज़िंदगी और अपने भविष्य को लेकर एक साफ़ जवाब चाहती है। लेकिन इसी तलाश में उसे एक ऐसा सच मिलता है जो उसका दिल तोड़ देता है, उसका पति, भानु, दूसरी शादी कर चुका है। जब दीपा उसका सामना करती है, तो भानु मान लेता है कि उसने यह कदम अपनी माँ के दबाव में उठाया था। यह सच सुनकर दीपा पूरी तरह टूट जाती है। दर्द और सदमे के बीच वह फैसला करती है कि अब उसे खुद को इन टूटे हालात से बाहर निकालना होगा और नई ज़िंदगी खड़ी करनी होगी। ठीक उसी समय, जब वह हिम्मत जुटाकर आगे बढ़ने की कोशिश करती है, किस्मत उसे कार्तिक के सामने ला खड़ा करती है। यहीं से उसकी कहानी एक नए और बेहद ताक़तवर मोड़ की ओर बढ़ती है।

## अभय वर्मा की फिल्म 'छूमंतर' से बाहर हुईं अनन्या पांडे...

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री अनन्या पांडे कामकाजी जिंदगी को लेकर खूब चर्चा में हैं। एक तरफ वह आगामी फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी' के प्रमोशन में व्यस्त हैं। इसमें उनके साथ अभिनेता कार्तिक आर्यन मुख्य किरदार में नजर आएंगे। दूसरी तरफ अभिनेत्री अमेजन प्राइम वीडियो की वेब सीरीज 'कॉल मी बे' के दूसरे सीजन की तैयारी में जुटी हैं। हालांकि, नई जानकारी प्रशंसकों का दिल तोड़ देगी क्योंकि आगामी फिल्म 'छूमंतर' से अनन्या बाहर हो गई हैं।

***'छूमंतर' छोड़ने की वजह काफी बड़ी :*** मीडिया से बातचीत में एक सूत्र ने अनन्या द्वारा अभय वर्मा अभनीत 'छूमंतर' छोड़ने की वजह बताई है। सूत्र ने कहा, फिल्म की टीम जनवरी, 2026 में शूटिंग शुरू करने की योजना बना रही है। यह 'कॉल मी बे 2' की शूटिंग से टकरा रहा है, जिसकी शूटिंग हाल ही में शुरू हुई है। इसलिए अनन्या और 'छूमंतर' के निर्माताओं ने जल्द ही साथ काम करने के वादे के साथ अलग होने का फैसला किया है।"

***इन अभिनेत्रियों के नाम पर चर्चा :*** सूत्र ने कहा, पिछले हफ्ते 3 कलाकारों संग एक मॉक शूट हुआ था। इस फैंटेसी रोमांटिक ड्रामा की तैयारी कई महीनों से चल रही है और अगले हफ्ते से वर्कशॉप शुरू होने की संभावना है। रिपोर्ट के मुताबिक, 'छूमंतर' से अनन्या की विदाई के बाद कास्ट में कथित बदलाव हुए हैं। 'वश' अभिनेत्री जानकी बोडीवाला और श्रीलीला, अभय के साथ 'छूमंतर' का हिस्सा बन सकती हैं। इस बीच, अनन्या की फिल्म "तू मेरी मैं तेरा..." 25 दिसंबर को रिलीज होगी।



## रजनीकांत को इन फिल्मों ने बनाया सिनेमा का सुपरस्टार

**मुंबई।** सिनेमा के दिग्गज सुपरस्टार रजनीकांत की फिल्मों का हर किसी को बेसब्री से इंतजार रहता है। फिल्मी पर्दे पर जबरदस्त एक्शन करना और बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्ड तोड़ना इस बात का सबसे बड़ा सबूत है। 'थलाइवा' नाम से मशहूर रजनीकांत 74 साल के हो गए हैं, लेकिन अपने हर स्टाइल से वह युवा अभिनेताओं को कड़ी टक्कर देते हैं। आइए उनकी उन फिल्मों के बारे में जानें, जिन्होंने उन्हें सिनेमा के सुपरस्टार का खिताब दिलाया है।

**'रोबोट' फ्रैंचाइजी:** रजनीकांत की सांइस-फिक्शन फिल्म 'रोबोट' साल 2010 में रिलीज हुई थी। ऐश्वर्या राय मुख्य अभिनेत्री के रूप में नजर आईं। फिल्म को दुनियाभर से बेशुमार प्यार हासिल हुआ था। निर्माता 2018 में इसकी दूसरी किस्त '2.0' लेकर आए जिसमें अभिनेता अक्षय कुमार अहम किरदार में थे। इस फिल्म ने दुनियाभर में 675 करोड़ रुपये की शानदार कमाई कर डाली। अमेजन प्राइम वीडियो पर मौजूद '2.0' की कहानी रोबोट चिट्टी और मनुष्य पक्षी के बीच प्रकृति बनाम तकनीक पर आधारित है।



**'जेलर' और 'कबाली' :** वर्ष 2023 में रजनीकांत की फिल्म 'जेलर' रिलीज हुई जिसने बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया। इसने दुनियाभर में 605 करोड़ का कारोबार किया था। अमेजन प्राइम वीडियो पर मौजूद यह फिल्म मुथुवेल पांडियन नाम के एक रिटायर्ड जेलर के इर्द-गिर्द घूमती है। रजनीकांत की फिल्म 'कबाली' भी कमाई में पीछे नहीं रही। जियो हॉटस्टार पर मौजूद इस फिल्म ने दुनियाभर में 295 करोड़ का कारोबार किया था। फिल्म की कहानी मजदूरों पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ बुनी गई है।

**'दरबार' और 'कुली':** रजनीकांत की फिल्म 'दरबार' ने दुनियाभर में 226 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। प्राइम वीडियो पर मौजूद इस फिल्म की कहानी मुंबई पुलिस और कुख्यात ड्रग तस्कर के इर्द-गिर्द घूमती है। फिल्म ने अभिनेता ने पुलिस कमिश्नर आदित्य का किरदार निभाया है। 2025 में रजनीकांत की फिल्म 'कुली' रिलीज हुई, जिसने 516.93 करोड़ रुपये का बंपर कलेक्शन किया। इस फिल्म की कहानी कुली यूनियन नेता के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपने दोस्त की हत्या का बदला लेना चाहता है।

### 'छावा' 150 करोड़ में बनी, इस फिल्म ने दुनियाभर में 808.7 करोड़ कमाए

## 'धुरंधर' से पहले इन फिल्मों ने 2025 में की खूब कमाई, दुनियाभर में बजा डंका

*मुंबई। अभिनेता रणवीर सिंह की हालिया रिलीज फिल्म 'धुरंधर' बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा रही है। फिल्म ने सिर्फ 6 दिनों में 180 करोड़ से ज्यादा कारोबार कर लिया है, जबकि दुनियाभर में आंकड़ा 274 करोड़ के पार हो गया है। 2025 के जाने से पहले बॉक्स ऑफिस को एक और जश्न मनाने का मौका मिल गया है। 'धुरंधर' से पहले 2025 में कई फिल्में आईं जिन्होंने न सिर्फ बजट वसूला, बल्कि अपनी कमाई से दुनियाभर में तहलका भी मचाया।*

### 'कांतारा 2' और 'छावा'


आईएमडीबी की रिपोर्ट के मुताबिक, पहला नाम सुपरस्टार ऋषभ शेट्टी का है, जिनकी 'कांताराः चैप्टर 2' ने बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया था। इस फिल्म का बजट 130 करोड़ था, और इसने दुनियाभर में 853.4 करोड़ रुपये का ग्रॉस कलेक्शन किया है। हिंदी फिल्मों में यह रिकॉर्ड विक्की कौशल के नाम रहा। उनकी ऐतिहासिक फिल्म 'छावा' ने इस साल की शुरुआत में धूम मचा दी। 150 करोड़ में बनी इस फिल्म ने दुनियाभर में 808.7 करोड़ कमाए हैं।







### 'सैयारा' और 'कुली'

मोहित सूरी की फिल्म 'सैयारा' ने 2025 में लोगों की खूब वाहवाही लूटी। अहान पांडे और अनीत पड्डा अभिनीत फिल्म ने दुनियाभर से 575.8 करोड़ रुपये बटोरे। फिल्म का बजट सिर्फ 50 करोड़ रुपये है। दूसरी तरफ, बॉक्स ऑफिस पर सुपरस्टार रजनीकांत की फिल्म 'कुली' का बोलबाला रहा। इस फिल्म को बनाने में निर्माताओं ने 350 करोड़ खर्च किए। रिलीज के बाद 'कुली' ने दुनियाभर में 516.7 करोड़ का ग्रॉस कलेक्शन किया। इस फिल्म में आमिर खान का कैमियो है।






### महावतार नरसिम्हा' और 'लोकाः चैप्टर 1- चंद्रा'

2025 में उम्मीदों से परे जाकर एनिमेटेड फिल्म 'महावतार नरसिम्हा' ने हर किसी की तारीफ बटोरी। अश्विन कुमार द्वारा निर्देशित इस फिल्म को सिर्फ 40 करोड़ के बजट में बनाया गया, लेकिन दुनियाभर में 326.1 करोड़ कमाते हुए इसने निर्माताओं को मालामाल कर दिया। इसके अलावा, 'लोकाः चैप्टर 1- चंद्रा' भी दर्शकों द्वारा खूब पसंद की गई। दुलकर सलमान द्वारा निर्मित 40 करोड़ बजट वाली इस फिल्म ने दुनियाभर से 302.1 करोड़ रुपये का ग्रॉस कलेक्शन किया है।

आज के दौर में रुपए, पैसे, गोल्ड, प्रॉपर्टी से कहीं ज्यादा मूल्यवान हो चुका है हमारा डेटा। इसीलिए इसको लेकर आम आदमी ही नहीं दुनिया भर की सरकारें भी चिंतित हैं। दरअसल, डेटा लीक या डेटा चोरी होने से इसका मिसयूज तो हो ही सकता है, हमारी सोच हमारी जीवनशैली को भी प्रभावित किया जा सकता है। डेटा की इंपॉर्टेंस और उसके प्रोटेक्शन के बारे में सभी को पता होना चाहिए।

# हम सभी के लिए आवश्यक डेटा प्रोटेक्शन



कवर स्टोरी
लोकमित्र गौतम

यह इस साल या किसी एक देश की समस्या नहीं है। पिछले एक दशक से दुनिया के लगभग सभी देशों में सरकार, कॉरपोरेट जगत और आम लोगों के बीच लगातार डेटा प्रोटेक्शन को लेकर बहस से लेकर विचार-विमर्श तक जारी है। पिछले पांच सालों में दुनिया के एक दर्जन से ज्यादा देशों ने आम लोगों के डेटा सुरक्षा के लिए बेहद कड़े कानून बनाए हैं। पिछले महीने 14 नवंबर से हमारे यहां भी डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन एक्ट 2023 (डीपीडीपी) कानून के रूप में अधिसूचित हो चुका है, जो अगले 18 महीनों में पूरी तरह से अपने सभी प्रावधानों के साथ आम लोगों के डेटा की सुरक्षा करेगा।

हर तरफ आज डेटा की ही चर्चा सुनाई पड़ती रहती है। चाहे बड़ी-बड़ी कॉरपोरेट कंपनियां हों, चाहे अदालतें हों, चाहे बड़े-बड़े वित्तीय संस्थान हों, सरकारें हों, हर जगह डेटा का शोर है। आखिर ये डेटा क्या बला है, जिससे आज की जिंदगी का लगभग हर पहलू जुड़ा हुआ है। आइए, सबसे पहले समझते हैं कि आखिर यह डेटा है क्या?

**क्या होता है डेटा:** जब हम डेटा कहते हैं तो उसका मतलब आमतौर पर आम आदमी के डेटा से ही होता है, तो आम आदमी का डेटा आज उतना ही महत्वपूर्ण या कीमती है, जितना खनिज तेल, सोना, घातक हथियार जैसी दूसरी चीजें हैं। इसकी वजह सिर्फ तकनीकी नहीं है बल्कि दुनिया भर के लोगों का रोजमर्रा का आम व्यवहार, विभिन्न देशों में होने वाले चुनाव, अरबों-खरबों की होने वाली खरीदारी और हर तरह के कारोबार के मूल में आम आदमी का डेटा ही है। आम आदमी का डेटा वह बुनियादी मनोविज्ञान है, जिस पर कोई भी कंपनी, कोई भी सरकार या माफिया हर समय कब्जा जमाने की कोशिश में रहता है। इसे और भी विस्तार से इस तरह समझ सकते हैं कि डेटा आज इंसान का पूरा डिजिटल प्रोफाइल या बायोडाटा है।

**इसलिए माना जाता है मूल्यवान:** आज लगभग हर कंपनी चाहती है कि उसके पास ज्यादा से ज्यादा लोगों का डेटा हो, जिससे वह अपनी बिजनेस रणनीति गढ़ सके और भरपूर कमाई सुनिश्चित कर सके। दरअसल, डेटा से कॉरपोरेट जगत को पता चलता है- आपकी उम्र, आपकी कमाई, आपकी रुचियां, आपकी पसंद-नापसंद, आपके ऑनलाइन रहने का समय, आपकी खरीदारी की खास चीजें, आप किन चीजों से प्रभावित होते हैं और किन से आपका मूड खराब होता है? कहने का मतलब आपका डेटा आपकी पूरी तरीके से जीवन कुंडली बन चुकी है, जिसे कोई भी कॉरपोरेट कंपनी जानकर आपकी पसंदीदा चीजों का उत्पादन, व्यापार आदि कर सकती है। कहना गलत नहीं होगा कि इसी डेटा की बदौलत आज विभिन्न उपभोक्ता सामान बनाने वाली कंपनियां अपने ग्राहकों के बारे में उनके परिवार के लोगों से भी ज्यादा जानती हैं।

**डेटा बताता है आपकी रुचियां:** डेटा आज के कॉरपोरेट जगत का सबसे बड़ा कारोबार है। इसकी बदौलत कंपनियों को अरबों, खरबों का फायदा और न जानने से नुकसान होता है। दरअसल, आज कॉरपोरेट जगत की सबसे बड़ी रणनीति है, डिजिटल टारगेटिंग। आपने महसूस किया होगा कि सोशल मीडिया में (मसलन फेसबुक या यू-ट्यूब में) आप जिस तरह की पोस्ट को लाइक करते हो, उस पर ज्यादा देर तक रुकते हो, कुछ देर के बाद इंटरनेट आपको उसी तरह की पोस्ट दिखाने लगता है। दरअसल, ये उसी आर्टिफिशियल लर्निंग का नतीजा है, जो अकसर कंपनियां लोगों के डेटा के जरिए हासिल करती हैं। अगर आपने किसी एप से तनाव, मेडिटेशन आदि की जानकारी ली है, तो आप तो एक बार जानकारी ले करके बंद कर देंगे, लेकिन अगली बार जब आप अपना मोबाइल या लैपटॉप खोलेंगे तो वैसी ही जानकारियों का सैलाब उमड़ रहा होगा। अगर किसी फूड एप से आपने रात में 10-11 बजे किसी दिन फूड ऑर्डर कर दिया, तो अगले दिन से आपकी देखी जाने वाली हर जगह पर देर रात के एक से बढ़कर एक व्यंजनों के ललचाऊ ऑफर बार-बार आपकी आंखों के सामने से गुजरेंगे। दरअसल, वो आपको टारगेट कर रही हैं कि आपने एक दिन अगर देर रात फूड ऑर्डर किया है तो बार-बार करिए। इस तरह कई बार न चाहते हुए भी लोग इस डेटा चक्रव्यूह में फंसते जाते हैं।

**सोच को भी करता है प्रभावित:** आज की तारीख में जिस कॉरपोरेट कंपनी के साथ आम लोगों का जितना बड़ा डेटा बैंक होगा, उसे उतना ही ज्यादा व्यापार लाभ होगा, क्योंकि उसके कारोबार में सफल होने की उतनी ही ज्यादा संभावनाएं होंगी। सिर्फ खाने पीने की चीजें या रोजमर्रा की शॉपिंग के लिए ही कंपनियां आपको आपके डेटा से नहीं प्रभावित करतीं बल्कि आपके डेटा से आपकी सोच और आपके विचार तक प्रभावित होते हैं, बदले जा सकते हैं या उन्हें जानकर आपको प्रभावित करने की ठोस रणनीति गढ़ी जा सकती है। लब्बोलुआब यह कि लोकतांत्रिक देशों में राजनीतिक पार्टियां आम लोगों के डेटा के बदौलत उनके सोच और उनके विचारों तक को अपने पक्ष में मोड़ लेती हैं। मतलब यह कि आपके डेटा की बदौलत प्रत्यक्ष रूप से आपको प्रभावित किए बिना भी राजनीतिक पार्टियां आपसे अपने पक्ष में मतदान करवा सकती हैं। मतलब सिर्फ मोबाइल स्कैम नहीं है यह किसी के दिमाग को अपनी मुट्ठी में कैद करने जैसा है।

**बढ़े हैं फाइनेंसियल स्कैम्स:** यह डेटा ही है, जिसकी बदौलत पिछले एक दशक में वित्तीय अपराधों की बाढ़ आ गई है। पिछले एक दशक में भारत ही नहीं पूरी दुनिया में वित्तीय अपराधों में 500 फीसदी से ज्यादा की बढ़ोत्तरी हुई है, क्योंकि इसी डेटा की बदौलत साइबर अपराधी, बैंकिंग फ्रॉड करते हैं, लोन धोखाधड़ी करते हैं, सिम स्वैप होता है। इसी डेटा से पिछले एक दशक में पूरी दुनिया में लाखों लड़कियों और महिलाओं को ब्लैकमेल किया गया है। इसलिए आज की तारीख में हम सभी के लिए डेटा प्रोटेक्शन बहुत ही जरूरी हो गया है। *



## अपने डेटा को ऐसे रखें सुरक्षित

आपको वो तरीके भी जानने चाहिए, जिससे डेटा प्रोटेक्शन किया जा सकता है।

- हर जगह अपने पासवर्ड को ओपेन न रखें। अपना पासवर्ड कुछ बेहद व्यक्तिगत डेटा से निर्मित करें, क्योंकि देखा गया है कि ज्यादातर लोगों के पासवर्ड एक जैसे और अनुमानित होते हैं।
- आज की डिजिटल दुनिया में खुद को सुरक्षित रखने के लिए दो स्तरीय सुरक्षा जरूर करें। व्हाट्सएप, फेसबुक, गूगल, यूपीआई सबमें इसे ऑन करें, ताकि अगर आपका कोई पासवर्ड चुरा भी ले तो एकाउंट न खोल पाए।
- हर एप को अनावश्यक परमिशन न दें। जब भी आप किसी एप का इस्तेमाल करने की कोशिश करते हैं, तो वह आपसे कैमरा, आपकी लोकेशन, माइक्रोफोन, कॉन्टेक्ट आदि को साझा करने की शर्त रखता है। सोच-समझकर परमिशन दें।
- पब्लिक वाइफाई पर बैंकिंग या यूपीआई का इस्तेमाल बिल्कुल न करें। इससे आपकी वित्तीय सुरक्षा खतरे में पड़ सकती है। कॉफी शॉप, रेलवे स्टेशन, मॉल आदि की पब्लिक वाइफाई सबसे ज्यादा असुरक्षित होती है।
- हर दो-तीन महीने में एप्स की सफाई करना जरूरी है। अगर आपके मोबाइल में 30-40 अनुपयोगी एप्स हैं, तो याद रखिए वो बैकग्राउंड में चुपचाप पड़े अपने मालिकों को आपकी जरूरी सूचनाएं यानी डेटा भेज रहे होते हैं। इसलिए हर दो महीने में अपने मोबाइल से उन सारे एप्स को डिलीट करें, जिन्हें आप इस्तेमाल नहीं कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर ओवर शेयरिंग से बचें।
- मोबाइल स्क्रीन को हमेशा लॉक करके रखें और पिन कभी अपनी जन्मतिथि या बहुत ईजी न बनाएं। पिन और पास वर्ड हमेशा मजबूत रखें।
- बैंकिंग ओटीपी, केवाईसी लिंक किसी को न भेजें, चाहे वह कितना ही बड़ा अधिकारी ही क्यों न हों।

विशेषः विश्व ऊर्जा संरक्षण दिवस आज



हमारी पृथ्वी पर ऊर्जा के कुछ संसाधन सीमित मात्रा में हैं। ऐसे में आने वाली पीढ़ियों के लिए ऊर्जा की अधिक से अधिक बचत और संरक्षण बहुत जरूरी है। इस बारे में हम सभी के लिए जानना बहुत जरूरी है, तभी छोटे-छोटे प्रयासों से ऊर्जा संरक्षण में हम अपनी भूमिका निभा सकते हैं।

# सुरक्षित भविष्य के लिए जरूरी है ऊर्जा की बचत और संरक्षण

सजगता
शिखर चंद जैन

वर्ष 1991 में ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बीईई) के द्वारा ऊर्जा संरक्षण दिवस मनाने की शुरुआत की गई थी। तब से दुनिया भर में हर साल 14 दिसंबर को ऊर्जा संरक्षण दिवस मनाया जाता है। इसका मूल उद्देश्य है ऊर्जा की कमी, जरूरत और संरक्षण के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाना।

**ऊर्जा के प्रकार:** ऊर्जा की बचत के तरीकों को जानने से पहले इसके प्रकारों के बारे में जानना जरूरी है। इसके विभिन्न स्रोतों को नवीकरणीय (रीन्यूएबल) और अनवीकरणीय (नॉन रीन्यूएबल) दो मुख्य श्रेणियों में बांटा जाता है।



**नवीकरणीय:** नवीकरणीय स्रोतों में सौर, पवन, जल (जलविद्युत), भूतापीय और बायोमास ऊर्जा शामिल होते हैं, जो प्राकृतिक रूप से रिसाइकिल हो जाते हैं।

**अनवीकरणीय ऊर्जा स्रोत:** अनवीकरणीय स्रोतों में कोयला, पेट्रोलियम (तेल), प्राकृतिक गैस जैसे जीवाश्म ईंधन और परमाणु ऊर्जा शामिल हैं, जो सीमित मात्रा में हैं और एक बार उपयोग होने पर समाप्त हो जाते हैं।

**क्यों जरूरी है ऊर्जा संरक्षण:** ऊर्जा संरक्षण के कई आर्थिक लाभ तो हैं ही, इससे पर्यावरण की सुरक्षा भी होती है। हमें यह भी याद रखना चाहिए कि ऊर्जा के संसाधन सीमित हैं, इसलिए इसे बचाना बेहद जरूरी है। यह ऊर्जा की लागत को कम करने, जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता घटाने और ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने में मदद करता है। इससे वायु प्रदूषण और ग्लोबल वार्मिंग जैसी समस्याओं से लड़ने में मदद मिलती है। उर्जा संरक्षण प्राकृतिक संसाधनों को भविष्य की पीढ़ियों के लिए सुरक्षित रखता है। ऊर्जा का कुशल उपयोग राष्ट्रीय सुरक्षा को भी मजबूत करता है। ऊर्जा संरक्षण से बिजली और ईंधन के बिलों में कमी आती है, जिससे उपभोक्ताओं को पैसे बचाने में मदद मिलती है। ऊर्जा की कम मांग से नए बिजली संयंत्रों की आवश्यकता कम होती है, जो कि प्राकृतिक संसाधनों और बुनियादी ढांचे पर पड़ने वाले दबाव को कम करता है।

**छोटे कदमों का बड़ा प्रभाव:** ऊर्जा संरक्षण के लिए बहुत बड़े प्रयासों के अलावा, छोटे कदम भी उठाए जा सकते हैं। अगर आप विशेषज्ञों द्वारा बताई गई कुछ बातों पर ध्यान दें तो आप ऊर्जा और आर्थिक खर्च में भी बचत कर सकते हैं।

**ऑफ रखें उपकरण:** जब आप उपकरणों का इस्तेमाल न कर रहे हों तो सभी बिजली और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को बंद कर दें, क्योंकि स्टैंडबाय मोड में भी वे बिजली की खपत करते हैं। कोई कंप्यूटर बंद करने पर, स्लीप मोड पर रखने की तुलना में 10 गुना कम ऊर्जा की खपत कर सकता है। एक टीवी स्टैंडबाय मोड में एक वर्ष में 70 यूनिट तक बिजली खर्च कर सकता है। सभी इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को बंद करने से साल में 5000 रुपए से 6000 रुपए तक बचाए जा सकते हैं।

**इससे बिजली होगी कम खर्च:** ज्यादा पुराना फ्रिज आधुनिक फ्रिज की तुलना में चार गुना ज्यादा बिजली खर्च करता है। घर के उपकरण जैसे फ्रिज का दरवाजा बार-बार खोलने और बंद करने से बिजली की खपत बढ़ जाती है। फ्रिज के पीछे की कूलिंग कॉइल पर धूल जमने से इसकी क्षमता घट जाती है, जिससे मोटर को अधिक काम करना पड़ता है और बिजली खर्च होती है। अपने फ्रिज को ओवन या स्टोव के पास न रखें, क्योंकि इससे बिजली की खपत बढ़ जाती है। लैपटॉप या डेस्कटॉप में, मॉनिटर अकेले ही पूरे सिस्टम की आधी से अधिक ऊर्जा का उपभोग करता है।

वाशिंग मशीन में गर्म पानी का तापमान कम करने से बिजली बचाई जा सकती है। एसी का इस्तेमाल करते समय, खिड़कियों पर पर्दे लगाएं ताकि कमरे की ठंडक बाहर न निकले। एसी फिल्टर को हर पंद्रह दिन में एक बार साफ करने से कंप्रेसर पर लोड कम होता है, जिससे ऊर्जा की बचत होती है। एसी को सीधे धूप से बचाएं, ताकि बिजली की खपत कम हो सके। माइक्रोवेव ओवन पारंपरिक इलेक्ट्रिक या गैस स्टोव की तुलना में कम ऊर्जा की खपत करते हैं। नया इलेक्ट्रॉनिक्स रेगुलेटर पुराने किस्म के रेगुलेटर की तुलना में अधिक ऊर्जा बचाता है। इन उपायों से ऊर्जा संरक्षण में अपनी भूमिका निभा सकते हैं। *

पुस्तक चर्चा / विज्ञान भूषण

## निर्भीक-बेबाक आत्मकथा

वरिष्ठ साहित्यकार उद्भ्रांत की आत्मकथा 'मैंने जो जिया' का तीसरा खंड 'काली रात का मुसाफिर' हाल में छपकर आया है। इसमें उन्होंने वर्ष 1987 से 1995 तक की अवधि के अपने जीवन का वर्णन किया है। कुल इक्कीस अध्यायों में बंटे उनकी इस अवधि की जीवनयात्रा में आए अनेक पहलू उजागर हुए हैं। इन अध्यायों के शीर्षक उन्होंने अपनी कविताओं से ही लिए हैं, जो उनके जीवन संघर्ष को प्रभावी ढंग से व्यक्त करते हैं। इससे गुजरते हुए यह साबित होता है कि वे अपने जीवन में एकसाथ कई मोर्चों पर संघर्ष करते रहे हैं। चाहे कार्यस्थल हो, पारिवारिक जीवन हो या साहित्य जगत, उन्होंने बिना किसी पक्षपात के पूरी बेबाकी से अपनी गाथा लिखी है। कहने की जरूरत नहीं कि यह ईमानदारी ही इस आत्मकथा को और भी महत्वपूर्ण बनाती है। बहुस्तरीय द्वंद्वों के बावजूद वे कैसे अपनी रचनाशीलता बचाए रखते हैं, यह नए रचनाकारों के लिए प्रेरक हो सकता है। औपन्यासिक शैली में लिखे जाने के कारण इसे पढ़ने में रोचकता और बढ़ जाती है क्योंकि इसमें वह स्वयं एक पात्र के रूप में नजर आते हैं। *




**पुस्तकः** काली रात का मुसाफिर (आत्मकथा), **लेखकः** उद्भ्रांत, **मूल्यः** 499 रुपए, **प्रकाशकः** अमन प्रकाशन, कानपुर

व्यंग्य / विनय मोघे

मंच पर दूल्हा-दुल्हन के बगल में बैठने वालों के हाथों में या खुद दूल्हा-दुल्हन के गले में भी क्यू आर कोड लटकाया जा सकता है। दूल्हे को नोटों की माला पहनाने के स्थान पर क्यू आर कोड की माला पहनाने से भी मेहमान अपना-अपना नेग चलते-फिरते भी दे सकेंगे।

## शगुन@क्यूआर कोड



हाल ही में मुझे एक शादी समारोह में जाना था। कहीं भी सपरिवार पहुंचने में मुझे हमेशा देर ही हो जाती है। इसका कारण विश्वव्यापी है। श्रीमती जी को तैयार होने में देरी। पर उस दिन अनहोनी हो गई। मैं अपने मित्र के पुत्र की शादी में जरूरत से कहीं जल्दी पहुंच गया वह भी सपरिवार। उसके बाद शुरू हुआ गलतफहमियों का दौर। पहली गलतफहमी हमको हुई कि कहीं गूगल ने हमें गलत पते पर तो नहीं पहुंचा दिया है। उसके बाद वहां हमसे भी पहले पहुंचे कुछ लोगों को गलतफहमी हुई। किसी ने हमें टेंट वाला, डीजे वाला, केटरर्स, बैंड, बग्गी वाला और न जाने क्या-क्या समझ लिया। हम वहां जल्दी पहुंचने पर शर्मिंदा हो रहे थे। यह घटनास्थल भी शहर से बहुत दूर सूनसान इलाके में था, जहां आस-पास भी टाइम पास करने की कोई जगह नहीं थी। सो मैंने पत्नी से घर वापस चलने के लिए कहा पर वह तैयार नहीं हुईं, क्योंकि घर जाकर खाना बनाने का उनका मूड नहीं था। रास्ते में किसी होटल में खा लेंगे, मेरे ऐसा कहने पर वह तैयार हुईं। पर अब दूसरी समस्या थी कि साथ लाए शगुन के लिफाफे को किसे देकर जाएं ताकि हमारी उपस्थिति दर्ज हो जाए। पर उस जगह वहां ऐसा कोई नहीं था, जिसे हम लिफाफा सुपुर्द कर सकते। तो हमने लिफाफे के साथ ही घर के लिए प्रस्थान किया।

घर तक पहुंचने के एक घंटे के सफर में मैंने शादियों में क्यू आर स्कैनर के उपयोग पर बहुत गंभीरता से विचार किया। मैंने सोचा कि यदि आज उस जगह पर क्यू आर स्कैनर लगा होता तो हमें अपना लिफाफा वापिस ले जाने की नौबत नहीं आती। यदि क्यू आर कोड, निमंत्रण पत्र पर ही छपवा दें तो जो लोग शादी में नहीं आ सकते, वे भी अपनी आशीर्वाद राशि घर बैठे दे सकते हैं। शादी समारोह स्थल के मुख्य द्वार पर भी क्यू आर कोड लगाया जा सकता है। उन लोगों के लिए, जो बाहर से ही कल्टी मारना चाहते हैं। उसके बाद मंच पर दूल्हा-दुल्हन के बगल में बैठने वालों के हाथों में या खुद दूल्हा-दुल्हन के गले में भी क्यू आर कोड लटकाया जा सकता है। दूल्हे को नोटों की माला पहनाने के स्थान पर क्यू आर कोड की माला पहनाने से भी मेहमान अपना-अपना नेग चलते-फिरते भी दे सकेंगे। खाने की प्लेट पर भी क्यू आर कोड प्रिंट करवाया जा सकता है। जैसे ही खाने के लिए प्लेट उठाओ पहले पेमेंट करो बाद में खाना खाओ। यह तो हुई मेहमानों के लिए क्यू आर स्कैनर की बात। अब जरा वर-वधु पक्ष और अन्य पक्षों के लिए क्यू आर कोड की भी बात कर ली जाए।

दूल्हे की सालियां जूते छिपाने वाली रस्म का नेग अपने क्यू आर कोड पर लेने लगेंगी तो कैसा लगेगा! यदि एक साली हुई तब तो ठीक पर इसकी संभावना कम ही है। एक से ज्यादा सालियां होने पर क्यू आर कोड का उपयोग करना मुश्किल होगा। यदि शगुन की रकम कम ज्यादा हुई तो जूते के शगुन के लिए सालियों में ही संघर्ष होने की संभावना हो सकती है।

पंडितजी भी अपना क्यू आर कोड लेकर बैठेंगे और समय-समय पर अपनी दक्षिणा लेते रहेंगे। बैंड-बाजे और ढोलक वालों को अपना नेग लेने में थोड़ी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। उन्हें दो-तीन काम एक साथ करने होंगे। बजाना भी होगा, नेग देने वालों पर नजर रखकर अपना क्यू आर कोड रेंज में रखना होगा। बैंड-बाजे, ढोलक और लाइट वालों को वैसे भी इसकी आदत है। यह भी हो सकता है कि बारात की विदाई के मौके पर दूल्हे का बाप अपना क्यू आर कोड लेकर अड़ जाए कि जब तक फलां रकम का भुगतान मेरे क्यू आर कोड पर नहीं होगा, बारात यहां से नहीं जाएगी। आप तो बस देखते जाइए आगे होता है क्या-क्या! *



# मेस्सी को देखने की जबरदस्त दीवानगी, नई-नवेली दुल्हन ने किया हनीमून प्लान रद्द

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी शनिवार को भारत दौर के लिए कोलकाता पहुंचे। मेस्सी का 'जीओएटी इंडिया टूर 2025' भारत में फुटबॉल फैंस के जुनून की कई कहानियां सामने ला रहा है।



ऐसी ही एक कहानी तब सामने आई जब एक कपल ने अर्जेंटीना के इस सुपरस्टार के लिए एक बड़े बलिदान का खुलासा किया। भीड़ के बीच खड़ी एक नई-नवेली दुल्हन ने एक बेहद हैरान करने वाली बात शेयर की। उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा कि पिछले शुक्रवार हमारी शादी हुई और हमने अपना हनीमून प्लान रद्द कर दिया क्योंकि मेस्सी आ रहे थे। यह हमारे लिए ज़्यादा जरूरी है। महिला फैन ने बताया कि यह फैसला आपसी और दिल से लिया गया था। यह मेस्सी के प्रति उनके वर्षों के अटूट प्रेम से प्रेरित था। दुल्हन ने कहा कि हम पहले मेस्सी को देखेंगे और उसके बाद हनीमून पर जाएंगे। मेस्सी को 10 से 12 सालों से फॉलो कर रहे हैं। वह जिस भी क्लब से खेलते हैं, उसे फॉलो करते हैं। पिछली बार जब मेस्सी 2011 में भारत आए थे, तो हम बहुत छोटे थे। हमें उन्हें देखने के लिए बहुत ही ज्यादा उत्साहित हैं।



**मेस्सी के लिए दे सकता हूं डिवोर्स**

नेपाल का एक फैन, जो लियोनल को देखने के लिए भारत आया था। उसने कहा कि मेस्सी को देखना मेरा सपना था और सिर्फ मेस्सी को देखने के लिए मैंने टिकट खरीदे हैं। मैं अपने परिवार, अपने पिता, माता और भाई का भी जिक्र करना चाहता हूं, जिन्होंने मुझे यहां आने की अनुमति दी और मेरे सपने को साकार किया। इसके बाद फैन ने मजाक भी कहा कि मेस्सी को देखने के लिए अपनी वाइफ को भी डिवोर्स दे सकता हूं। मैं मेस्सी को देखने के लिए कॉलेज छोड़कर इतनी दूर से यहां आया हूं।

## मेस्सी फुटबॉलर नहीं बल्कि गहरी भावना

मेस्सी के भारत दौरे के दौरान एक और भावुक पल तब आया जब एक कोलकाता फैन ने अपने दिल की बात कही। हजारों फैंस के बीच खड़े इस फैन ने मेस्सी को लेकर अपने जुनून और अर्जेंटीना के भविष्य पर बात की। उन्होंने एक मुस्कान के साथ कहा कि मैं 2007 से मेस्सी से प्यार करता हूं। मोहब्बत है। इस फैन के लिए, मेस्सी केवल एक फुटबॉलर नहीं हैं, बल्कि एक ऐसी गहरी भावना हैं, जो उनके करियर के हर पल के साथ मजबूत हुई है।

## नबी और दिपेंदु की जर्सी पर मेस्सी ने दिए आटोग्राफ

**कोलकाता।** लियोनेल मेस्सी का जीओएटी दौरा साल्ट लेक स्टेडियम पर अफरा तफरी और अराजकता के बीच शुरू हुआ लेकिन भारत के पूर्व फुटबॉल खिलाड़ियों दिपेंदु विश्वास और सैयद रहीम नबी के लिए यह दिन यादगार बन गया। डायमंड हार्बर मेस्सी एकादश के खिलाफ मोहन बागान मेस्सी एकादश के लिये नुमाइशी मैच खेलने वाले विश्वास ने कहा,'मेस्सी ने मेरी जर्सी के बायीं ओर, सुआरेज ने दाई ओर और रौड्रिगो डि पॉल ने बीच में आटोग्राफ दिए।' मेस्सी से दस साल बड़े विश्वास ने कहा,' वह मुस्कुरा रहे थे। उसका चमत्कारिक बायां पैर छूने का मौका मिलना वरदान से कम नहीं था।' इससे पहले डिएगो माराडोना और पेले से जर्सी पर आटोग्राफ ले चुके विश्वास ने कहा,'विश्व चैम्पियन टीम का कप्तान, इतना बड़ा खिलाड़ी। ऐसा मौका जीवन में एक बार मिलता है। वह जितनी देर मैदान पर थे, मुस्कुराते रहे।'

---

## खबर संक्षेप



### हरिकेंस ने जीता महिला बिग बैश लीग का खिताब

**बेलेरिव ओवल।** होबार्ट हरिकेंस ने होबार्ट के बेलेरिव ओवल में पर्थ स्कॉर्चर्स के खिलाफ आठ विकेट से शानदार जीत हासिल करके पहली बार महिला बिग बैश लीग खिताब जीता। हरिकेंस ने सिर्फ 15 ओवर में 138 रनों का आसान लक्ष्य हासिल कर लिया। इसका श्रेय साउथ अफ्रीकी खिलाड़ी लिजेल ली की शानदार पारी को जाता है, जिन्होंने 44 गेंदों में 77 रन बनाए। इसमें 10 चौके और 4 छक्के शामिल थे। उन्होंने सिर्फ 32 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। ली को हाल ही में वीमेंस प्रीमियर लीग ऑक्शन में दिल्ली कैपिटल्स ने 30 लाख रुपए की बेस प्राइस पर खरीदा था।

### राफेल नडाल ने कराई हाथ की सर्जरी



**नई दिल्ली।** संन्यास ले चुके टेनिस खिलाड़ी राफेल नडाल ने बताया कि दर्द का इलाज करने और चलने-फिरने में मदद के लिए उनके दाहिने हाथ की सर्जरी हुई है। बाईस बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन नडाल बाएं हाथ से खेलते हैं। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि वह लंबे समय से इस समस्या से जूझ रहे थे। नडाल ने सोशल मीडिया पोस्ट के साथ अपनी एक फोटो भी पोस्ट की, जिसमें उनके दाहिने हाथ पर पट्टी बंधी हुई थी और हाथ स्लिंग में था। उन्होंने मजाक में यह भी लिखा कि वह अगले साल के पहले मेजर ऑस्ट्रेलियन ओपन में नहीं खेल पाएंगे। नडाल के प्रतिनिधि के एक अलग बयान के अनुसार सर्जरी का मकसद उनके दाहिने अंगूठे के जोड़ के दर्द को कम करना और चलने-फिरने में मदद करना था। यह सर्जरी बार्सीलोना के एक निजी स्वास्थ्य क्लिनिक में की गई।

### पोस्टर में पाक कप्तान की फोटो गायब, पीसीबी खफा

**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप के टिकटों की बिक्री के लिए जारी किए गए प्रचार पोस्टर में अपने कप्तान सलमान अली आगा की तस्वीर न होने से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से नाखुश है। पीसीबी के सूत्र ने बताया कि इस मामले को आईसीसी के समक्ष उठाया गया है क्योंकि प्रचार पोस्टर में केवल पांच कप्तानों की तस्वीर है। इसमें सूर्यकुमार यादव (भारत), एडेन मार्कराम (दक्षिण अफ्रीका), मिचेल मार्श (ऑस्ट्रेलिया), दासुन शनाका (श्रीलंका) और हैरी ब्रूक (इंग्लैंड) शामिल है। सूत्र ने कहा, 'कुछ महीने पहले एशिया कप के दौरान भी हमें इसी तरह की समस्या का सामना करना पड़ा था, उस समय प्रसारकों ने हमारे कप्तान की तस्वीर के बिना ही प्रचार अभियान शुरू कर दिया था।'

---

### शाम 7 बजे से भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच तीसरा टी-20

# सूर्यकुमार चल रहे फ्लॉप, गिल से निराशा बढ़त के लिए हाई-वोल्टेज भिड़ंत आज

एजेंसी ▶▶| धर्मशाला

भारतीय टीम पांच मैचों की श्रृंखला के तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय में 14 दिसंबर को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैदान पर उतरेगी तो सब की निगाहें शुभमन गिल की बल्लेबाजी पर होगी, जो इस प्रारुप में खुद को साबित कर चुके संजू सैमसन की जगह लेने के बाद अपने प्रदर्शन से प्रभावित करने में नाकाम रहे हैं।

कप्तान सूर्यकुमार यादव की लंबे समय से चली आ रही खराब लय पर सवाल उठ रहे हैं, जबकि उपकप्तान गिल अब तक भरोसा जगाने में नाकाम रहे हैं। संजू सैमसन जैसे स्थापित सलामी बल्लेबाज की कीमत पर टीम में शामिल किए गए गिल प्रभाव छोड़ने में संघर्ष करते नजर आए हैं।

### दक्षिण अफ्रीकी टीम की तेज गेंदबाजी का आक्रमण

एनरिच नॉर्किया, मार्को यानसन, लुंगी एनगिडी, ओटनील बार्टमैन और लुथो सिपामला जैसे गेंदबाजों से सजी दक्षिण अफ्रीकी टीम की तेज गेंदबाजी आक्रमण पहले ही दिखा चुकी है कि भारतीय परिस्थितियों का कैसे फायदा उठाया जाए। धर्मशाला में परिस्थितियां तेज गेंदबाजों के अनुकूल होंगी। दुनिया भर की मौजूदा टी20 टीमों को देखे तो दक्षिण अफ्रीका इस बार उपमहाद्वीप में खिताब जीतने के लिए काफी मजबूत और संतुलित नजर आ रहा है। क्विंटन डिकॉक की वापसी और उनके साथ कप्तान एडन मारक्रम, डेवाल्ड ब्रेविस, डोनोवन फरेरा, डेविड मिलर और हरफनमौला यानसन की मौजूदगी ने उनकी बल्लेबाजी को बेहद खतरनाक बना दिया है।





### टीमें इस प्रकार हैं

**भारत :** भारतः सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, शुभमन गिल, तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, जितेश शर्मा, अक्षर पटेल, वरुण चक्रवर्ती, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, कुलदीप यादव, वाशिंगटन सुंदर, हर्षित राणा, संजू सैमसन।

**दक्षिण अफ्रीका :** एडेन मारक्रम (कप्तान), क्विंटन डिकॉक (विकेटकीपर), ट्रिस्टन स्टब्स, डेवाल्ड ब्रेविस, डेविड मिलर, डोनोवन फरेरा, मार्को यानसन, केशव महाराज, लूथो सिपामला, एनरिक नोर्किया, लुंगी एनगिडी, जॉर्ज लिंडे, क्वेना मफाका, रीजा हेंड्रिक्स, कॉर्बिन बॉश, ओटनील बार्टमैन।

### गिल को करना होगा असाधारण प्रदर्शन

गिल को अजित अगरकर की अगुवाई वाली चयन समिति के फैसले को सही साबित करने के लिए असाधारण प्रदर्शन करना होगा। इंग्लैंड के खिलाफ एक खराब श्रृंखला के बाद संजू सैमसन को बाहर करने का निर्णय अब भी सवालों के घेरे में है। टेस्ट और वनडे में कलात्मक बल्लेबाजी करने वाले कप्तान गिल को टी20 प्रारुप में दोबारा खुद का ढालना होगा। उन्हें बाकी तीन में से कम से कम दो मैचों में बड़ी पारियां खेलनी होंगी। ऐसा नहीं हुआ तो सैमसन की वापसी या फिर 165 की शानदार टी20 अंतरराष्ट्रीय स्ट्राइक रेट वाले यशस्वी जायसवाल को न्यूजीलैंड श्रृंखला में मौका मिल सकता है।

### विश्व कप से पहले भारत के पास सिर्फ आठ मैच

विश्व कप से पहले अब भारत के पास सिर्फ आठ मैच बचे हैं। ऐसे में मुख्य कोच गौतम गंभीर के सामने कठिन चुनौतियां हैं। खराब फॉर्म से जूझ रहे शीर्ष क्रम के दो बल्लेबाजों को एक साथ खिलाना शायद टीम के लिए जोखिम भरा साबित हो सकता है। कप्तान होने के नाते सूर्यकुमार यादव को एक साल से खराब फॉर्म के बावजूद विश्व कप तक कुछ हद तक सुरक्षा मिलने की संभावना है। लेकिन यह छूट गिल को मिलना मुश्किल है क्योंकि वह एशिया कप से पहले तक पारी का आगाज करने के लिए मूल विकल्प नहीं थे। छोटे प्रारुप की टीम में उनकी वापसी अब ऐसे फैसले की तरह दिख रही है, जिसमें बिना जरूरत एक संतुलित संयोजन से छेड़छाड़ की गई।

---

### अंडर-19 एशिया कप

# भारत और पाकिस्तान के बीच महामुकाबला आज



एजेंसी ▶▶| दुबई

अंडर-19 एशिया कप 2025 में भारत और पाकिस्तान के बीच रविवार यानी 14 दिसंबर को महामुकाबला होगा, जिसमें दोनों टीमों की नजर जीत की लय को बनाए रखने को होगी। भारत और पाकिस्तान ग्रुप ए में हैं और दोनों ही टीमों ने अपने-अपने पहले लीग मैच जीते थे। दोनों टीमों के अभी 2-2 अंक हैं, लेकिन बेहतरीन रन रेट के आधार पर पाकिस्तान ग्रुप ए की अंकतालिका में पहले स्थान पर है जबकि भारत दूसरे नंबर पर है। भारत ने पहले मैच में यूएई को 234 रन से हराया था, लेकिन पाकिस्तान ने मलेशिया पर तो उससे भी बड़ी जीत दर्ज की थी और उसे 297 रन से जीत हासिल हुई थी।

पाकिस्तान और भारत के बीच होने वाला मैच भारतीय समय के मुताबिक सुबह 10 बजे से खेला जाएगा और दोनों टीमें दुबई में एक-दूसरे के आमने सामने होंगे। भारत और यूएई के बीच, जो मैच खेला गया था उस दौरान पिच बिल्कुल ही सपाट नजर आ रही थी और बल्लेबाजों को खूब मदद मिल रही थी। अब ये देखना दिलचस्प होगा कि भारत-पाकिस्तान का मैच उसी पिच पर होता है या किसी अन्य पिच पर, लेकिन दुबई में अब तक हुए दोनों मुकाबलों में ये देखने को मिला की रन खूब बने।

### भारत की प्लेइंग इलेवन में बदलाव की संभावना कम

पाकिस्तान के खिलाफ भारत की प्लेइंग इलेवन में किसी बदलाव की संभावना कम ही नजर आती है क्योंकि टीम अपने विनिंग कांबिनेशन के साथ ही उतरना चाहेगी। भारत के लिए पारी की शुरुआत वैभव सूर्यवंशी के साथ कप्तान आयुष महात्रे करेंगे। वैभव गजब की लय में हैं और पाकिस्तान के खिलाफ भी उनसे इसी तरह से प्रदर्शन की अपेक्षा रहेगी। यूएई के खिलाफ अन्य भारतीय बल्लेबाजों का प्रदर्शन काफी अच्छा रहा था। भारतीय बैटिंग लाइनअप में वैभव और आयुष के बाद एरोन जॉर्ज, विहान मलहोत्रा, वेदान्त त्रिवेदी, अभिज्ञान कुंडू, कनिष्क चौहान होंगे जबकि गेंदबाजी की जिम्मेदारी खिलान पटेल, हेनिल पटेल, दीपेश देवेंद्रन, कनिष्क सिंह संभालते नजर आएंगे।

---

## डेजर्ट वाइपर्स की लगातार पांचवीं जीत गल्फ जायंट्स को 8 विकेट से हराया

एजेंसी ▶▶| दुबई

खुजैमा तनवीर के चार विकेट के बाद सैम कुरेन और मैक्स होल्डेन के बीच 77 गेंद में 123 रनों की अटूट साझेदारी से डेजर्ट वाइपर्स ने गल्फ जायंट्स को आठ विकेट से हराकर आईएलटी20 के मौजूदा सत्र में लगातार पांचवीं जीत दर्ज की। तनवीर ने 10 रन देकर चार विकेट लिए, जो आईएलटी20 के इतिहास में यूएई के किसी भी गेंदबाज का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। वह इसके साथ ही इस लीग के पावरप्ले में चार विकेट लेने वाले अपने देश के पहले गेंदबाज भी बन गए। गल्फ जायंट्स की टीम खराब शुरुआत के बावजूद सात विकेट पर 157 रन का स्कोर खड़ा करने में सफल रही।



### कुरेन ने खेली 67 रन की नाबाद पारी

लक्ष्य का पीछा करते हुए वाइपर्स ने दूसरे ओवर में क्रिस वुड की गेंद पर फखर जमां (आठ गेंद में 14 रन) और फिर चौथे ओवर में हसन नवाज (नौ गेंद में सात रन) का विकेट गंवा दिया। नवाज रन आउट हुए। कुरेन और होल्डेन ने इसके बाद आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए टीम को 19 गेंद शेष रहते आसान जीत दिला दी। कुरेन ने 43 गेंद में पांच चौके और तीन छक्के की मदद से नाबाद 67 रन की पारी खेली जबकि होल्डेन ने 41 गेंद में नाबाद 64 रन बनाए।

## गिरोना ने रीयाल सोसिएदाद को 2-1 से हराया...

**मैड्रिड।** यूक्रेन के स्ट्राइकर विक्टर त्सिगानकोव के आखिरी 15 मिनट में दो गोल की मदद से गिरोना ने स्पेन की शीर्ष घरेलू फुटबॉल लीग में रीयाल सोसिएदाद पर 2-1 से जीत हासिल की। यह 'ला लीगा' के मौजूदा सत्र में प्रतिद्वंद्वी टीम के मैदान पर गिरोना की पहली जीत है। गोंकालो गुएडेस ने हाफ टाइम से 10 मिनट पहले एक शानदार स्ट्राइक के साथ सोसिएदाद के लिए गोल किया, लेकिन त्सिगानकोव ने आठ मिनट के अंदर (76वें और 84वें मिनट) दो गोल के साथ गिरोना को रेलीगेशन जोन (20 टीमों की तालिका में आखिरी दो स्थान) से बाहर निकाल दिया। इस जीत से गिरोना की टीम तालिका में 17वें स्थान पर पहुंच गई। सोसिएदाद 14वें पायदान पर है।



## अत्यधिक लचीलेपन के कारण रन बनाना मुश्किल : उथप्पा

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय बल्लेबाज रॉबिन उथप्पा ने बड़े लक्ष्य का पीछा करते समय भारत की बल्लेबाजी रणनीति में भूमिका को लेकर स्पष्टता की कमी की ओर इशारा करते हुए कहा कि पारी की शुरुआत में अत्यधिक लचीलेपन के कारण रन बनाना मुश्किल हो जाता है। उथप्पा ने कहा कि समस्या शुरुआती विकेट गिरने की नहीं थी, बल्कि शुभमन गिल के आउट होने के बाद अपनाई गई रणनीति की थी। भारत के पास मजबूत बल्लेबाजी क्रम है लेकिन टीम ने उसका इस्तेमाल अच्छे से नहीं किया। उन्होंने कहा, ' शुभमन गिल आउट हुए तो अक्षर पटेल बल्लेबाजी करने आए। उस समय उन्हें एक ऐसे बल्लेबाज की भूमिका निभानी थी, जो जोखिम उठाकर बल्लेबाजी करें और तेजी से रन बनाकर अभिषेक शर्मा पर से दबाव कम कर सके।'



---

### 16 दिसंबर को आईपीएल नीलामी में खिलाड़ियों के लगेगी बोली

# आईपीएल में 2008 से 2025 तक सबसे महंगे खिलाड़ी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दुनिया की सबसे बड़ी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सीजन के लिए जल्द ही ऑक्शन होने वाला है। 16 दिसंबर को आईपीएल की नीलामी के तहत खिलाड़ियों के नाम पर बोली लगेगी, जिसमें कुछ खिलाड़ियों को उनकी उम्मीद के हिसाब से रकम नहीं मिलेगी, जबकि कुछ प्लेयर्स को तिजोरी खोलकर पैसा मिलता नजर आएगा।

इन सभी में एक खिलाड़ी ऐसा भी होगा, जिस पर सबसे महंगी बोली लगेगी और वह आईपीएल 2026 ऑक्शन का सबसे महंगा प्लेयर बनेगा। ऐसे में जानते हैं कि साल 2008 से लेकर 2025 तक कौन-कौन से खिलाड़ी आईपीएल की नीलामी में सबसे महंगे प्लेयर बन चुके हैं।




### 359 खिलाड़ियों को किया गया शॉर्टलिस्ट

आईपीएल ऑक्शन 2026 के लिए कुल 359 खिलाड़ियों को शॉर्टलिस्ट किया गया है. 16 दिसंबर को अबू धाबी में आईपीएल 2026 का ऑक्शन होगा, जिसमें डेवोन कॉनवे, जेक फ्रेजर-मैकगर्क, लियाम लिविंगस्टोन, वेंकटेश अय्यर, कैमरन ग्रीन, सरफराज खान, डेविड मिलर और पृथ्वी शॉ जैसे खिलाड़ियों पर खास नजर होगी। 359 खिलाड़ियों के लिए कुल 77 स्लॉट खाली हैं, जिनमें 31 स्लॉट विदेशी खिलाड़ियों के लिए रिजर्व रखे गए हैं।

### पिछले सीजन सबसे महंगें खिलाड़ी पंत

आईपीएल 2025 के मेगा ऑक्शन में ऋषभ पंत को झोली भरकर पैसे मिले थे। लखनऊ सुपर जायंट्स ने पंत पर जमकर पैसा बरसाया और उन्हें 27 करोड़ रुपए की मोटी रकम देकर न सिर्फ टीम में शामिल किया, बल्कि कप्तान भी बनाया। इस रकम के साथ ही पंत आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी भी बने थे।

### सबसे महंगे खिलाड़ी

| साल | खिलाड़ी | टीम | कीमत |
|---|---|---|---|
| 2008 | एम एस धोनी | सीएसके | 6 करोड़ |
| 2009 | केविन पीटरसन | आरसीबी | 7.55 करोड |
| | एंड्रयू फ्लिंटॉफ | सीएसके | 7.55 करोड़ |
| 2010 | शेन बॉन्ड | केकेआर | 4.8 करोड़ |
| | किरोन पोलार्ड | एमआई | 4.8 करोड़ |
| 2011 | गौतम गंभीर | केकेआर | 11.04 करोड़ |
| 2012 | रवींद्र जडेजा | सीएसके | 12.8 करोड़ |
| 2013 | ग्लेन मैक्सवेल | एमआई | 6.3 करोड़ |
| 2014 | युवराज सिंह | आरसीबी | 14 करोड़ |
| 2015 | युवराज सिंह | डीसी | 16 करोड़ |
| 2016 | शेन वॉटसन | आरसीबी | 9.5 करोड़ |
| 2017 | बेन स्टोक्स | आरपीएसजी | 14.5 करोड़ |
| 2018 | बेन स्टोक्स | आरआर | 12.5 करोड़ |
| 2019 | जयदेव उनादकट | आरआर | 8.4 करोड़ |
| | वरुण चक्रवर्ती | केकेआर | 8.4 करोड़ |
| 2020 | पैट कमिंस | केकेआर | 15.5 करोड़ |
| 2021 | क्रिस मॉरिस | आरआर | 16.25 करोड़ |
| 2022 | ईशान किशन | एमआई | 15.25 करोड़ |
| 2023 | सैम कुरेन | पीबीकेएस | 18.5 करोड़ |
| 2024 | मिशेल स्टार्क | केकेआर | 24.75 करोड़ |
| 2025 | ऋषभ पंत | एलएसजी | 27 करोड़ |

पुलिस की त्वरित विवेचना और न्यायालय की संवेदनशीलता से पीड़िता को मिला जल्द इंसाफ

# नाबालिग दुष्कर्मः न्यायालय ने 16 दिन में दोषी को उम्रकैद, 25 हजार रु. जुर्माने की सुनाई सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

थाना करनवास, जिला राजगढ़ अंतर्गत ग्राम देवलखेड़ा के जंगल क्षेत्र में नाबालिग बालिका के साथ घटित जघन्य दुष्कर्म प्रकरण में पुलिस, अभियोजन एवं न्यायालय के समन्वित प्रयासों से मात्र 16 दिवस के ट्रायल में पीड़िता को न्याय दिलाया गया। न्यायालय ने आरोपी गोरधन पिता रामलाल जाटव (उम्र 62 वर्ष), निवासी ग्राम देवलखेड़ा को दोषी पाते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई साथ ही 25 हजार का जुर्माना भी लगाया गया जो पीड़िता को मिलेगा। प्रकरण में अपराध क्रमांक 108/2025, 18 अगस्त 2025 को थाना करनवास में मामला पंजीबद्ध किया गया। घटना 10 मार्च 2025 की है, जो ग्राम देवलखेड़ा के जंगल में नाले के पास घटित हुई। पीड़िता की रिपोर्ट पर आरोपी के विरुद्ध बीएनएस की धारा 64(2)(प), 64(2)(उ), 65(1), 351(3) एवं पॉक्सो एक्ट की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया गया।

## आरोपी की गिरफ्तारी और मेडिकल जांच

प्रकरण की विवेचना उप निरीक्षक कर्मवीर सिंह, थाना प्रभारी करनवास द्वारा की गई। रिपोर्ट दर्ज होते ही पुलिस ने पीड़िता के कथन, वीडियोग्राफी, मेडिकल परीक्षण, काउंसिलिंग एवं कानूनी प्रक्रियाओं को प्राथमिकता से पूर्ण किया। महिला चिकित्सक उपलब्ध न होने पर पीड़िता का जिला अस्पताल राजगढ़ में परीक्षण कराया गया, जहां से उसे आगे सोनोग्राफी के लिए भोपाल रेफर किया गया।

मध्य रात्रि में ही पीड़िता को बाल कल्याण समिति राजगढ़ के समक्ष प्रस्तुत कर काउंसिलिंग कराई गई, जिससे उसकी मानसिक स्थिति को संबल मिल सके। 19 अगस्त 2025 को मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपी को ग्राम देवलखेड़ा के जंगल से गिरफ्तार किया गया। आरोपी का मेडिकल परीक्षण कर डीएनए सैंपल सुरक्षित किया गया। न्यायालय में पेश करने पर उसे जेल दाखिल किया गया।


पुलिस थाना करनवास

## न्यायालय से लेकर उच्च न्यायालय तक त्वरित प्रक्रिया

जांच के दौरान शासकीय माध्यमिक विद्यालय से प्राप्त अभिलेखों के अनुसार पीड़िता की आयु 14 वर्ष 03 माह पाई गई। सोनोग्राफी रिपोर्ट में पीड़िता के गर्भ में 26 सप्ताह 01 दिन का भ्रूण पाया गया, जिससे मामला अत्यंत संवेदनशील और गंभीर हो गया। पीड़िता के स्वास्थ्य और गर्भावस्था को देखते हुए मामला अपर सत्र न्यायालय ब्यावरा एवं तत्पश्चात उच्च न्यायालय इंदौर तक पहुंचा। उच्च न्यायालय के निर्देश पर चिकित्सकीय विशेषज्ञ टीम का गठन कर विस्तृत जांच रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। सभी कानूनी औपचारिकताओं के बाद उच्च न्यायालय द्वारा आवश्यक चिकित्सकीय कार्रवाई की अनुमति प्रदान की गई।

## फॉरेंसिक साक्ष्य बने निर्णायक

प्रकरण में आरएफएसएल भोपाल की डीएनए रिपोर्ट अत्यंत महत्वपूर्ण रही। रिपोर्ट के अनुसार नवजात शिशु का डीएनए प्रोफाइल, पीड़िता एवं आरोपी से मेल खाता पाया गया, जिससे आरोपी के अपराध की वैज्ञानिक पुष्टि हुई।

## 16 दिवस का ऐतिहासिक ट्रायल

पुलिस द्वारा 10 अक्टूबर 2025 को अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया। इसके बाद न्यायालय रजनी प्रकाश बाथम के समक्ष निरंतर सुनवाई हुई। महज 16 दिवस में पीड़िता, उसके परिजन, चिकित्सक, फॉरेंसिक विशेषज्ञ, पंच साक्षी, पुलिस अधिकारी सहित सभी महत्वपूर्ण गवाहों के कथन दर्ज किए गए।

# बड़े तालाब के ग्रीन बेल्ट में अतिक्रमण पर सुनवाई 17 को, रिपोर्ट करना होगी पेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित एनजीटी की सेंट्रल जोनल बेंच ने बड़े तालाब के ग्रीन बेल्ट क्षेत्र में किए गए अतिक्रमण को लेकर पिछली सुनवाई में कलेक्टर भोपाल को वेटलैंड (भोज वेटलैंड) की सुरक्षा में विफल रहने पर फटकार लगाई थी। इसके बाद अगली सुनवाई के लिए 17 दिसंबर 2025 का समय दिया गया है। अब इस मामले में 17 दिसंबर को बेंच में रिपोर्ट पेश होगी। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी)की सेंट्रल जोनल बेंच ने भोपाल नगर निगम और भोपाल कलेक्टर को भोपाल वेटलैंड (भोज वेटलैंड) की सुरक्षा को लेकर लगी याचिका पर सुनवाई की। यह झील अंतरराष्ट्रीय महत्व के रामसर स्थल के रूप में चिन्हित है, पर्यावरणीय दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील क्षेत्र है। पीठ की अध्यक्षता न्यायमूर्ति शिव कुमार सिंह (न्यायिक सदस्य) और सुधीर कुमार चतुर्वेदी (विशेषज्ञ सदस्य) ने की। यह प्रकरण पर्यावरण कार्यकर्ता राशिद नूर खान द्वारा दायर किया गया था, जिनकी ओर से अधिवक्ता हर्षवर्धन तिवारी ने दलील पेश की।

**इन बिंदुओं पर देना होगी रिपोर्टः** यह प्रकरण अब 17 दिसंबर 2025 को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया गया है, जिसके पूर्व निगम और कलेक्टर को अपने अनुपालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करना होगा। अधिकरण ने स्पष्ट किया कि यह मामला अत्यंत गंभीर पर्यावरणीय और सार्वजनिक हित से जुड़ा है।

आरोपः आदिवासी समाज की आवाज को दबा रहे

# संतोष वर्मा पर अवैधानिक कार्रवाई के खिलाफ एससी-एसटी और ओबीसी समाज ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सामाजिक संगठन एससी-एसटी-ओबीसी संयुक्त मोर्चा के तत्वाधान में जिला मुख्यालय पर अजाक्स के प्रांताध्यक्ष संतोष वर्मा के विरुद्ध मप्र सरकार द्वारा मनमानी और अवैधानिक कार्रवाई के विरोध में मुख्यमंत्री एवं राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया। संगठनों का आरोप है कि यह कार्रवाई साफ-साफ संकुचित मानसिकता का परिणाम है। सरकार वंचित वर्ग के ईमानदार अधिकारियों को निशाना बना रही है। संतोष वर्मा को बदनाम करना आदिवासी समाज को अपमानित करना है।

संगठनों के पदाधिकारियों का कहना है कि 23 नवंबर को अजाक्स अधिवेशन में संतोष वर्मा द्वारा सामाजिक समरसता, जातीय भेदभाव खत्म करने, रोटी-बेटी संबंधों, हिंदू एकता और संविधान सर्वोपरी रखने की बात कही गई थी। वर्मा के भाषण को समाज विरोधी तत्वों ने सात सेकंड की कट वीडियो बनाकर तोड़ मरोड़ दिया और सरकार ने बिना जांच नोटिस थमा दिया। यह संविधान, न्याय और आदिवासी सम्मान पर सीधा हमला है। संगठन ने चेतावनी दी है कि संतोष वर्मा पर की गई अवैधानिक कार्रवाई को वापस नहीं लिया गया तो आदिवासी समाज परिवार सहित सड़कों पर उग्र आंदोलन करेगा।

## ब्राह्मण समाज संयुक्त मोर्चा ने स्थगित किया अपना आंदोलन

मप्र ब्राह्मण समाज संयुक्त मोर्चा के नेतृत्व में फर्जी आईएएस संतोष वर्मा को बर्खास्त करने की मांग को लेकर 19 दिन से आंदोलन कर रहा था। शनिवार को मप्र सरकार द्वारा फर्जी आईएएस संतोष वर्मा को बर्खास्त करने का प्रस्ताव दिल्ली कार्मिक मंत्रालय भेजने के बाद आंदोलन को 10 दिन के लिए स्थगित कर दिया गया है। मोर्चा के पदाधिकारी अशोक पांडे ने बताया कि ब्राह्मण समाज की बेटियों पर की गई अपमानजनक टिप्पणी एवं उसके बाद समाज को डराने के लिए घर-घर से संतोष वर्मा निकलेगा का बयान जारी करने करने के बाद ब्राह्मण समाज एवं संगठनों में भारी आक्रोश प्राप्त हो गया था। ब्राह्मण समाज संयुक्त मोर्चा ने अगले चरण में 14 दिसंबर को मुख्यमंत्री निवास का घेराव करने का एक बड़ा निर्णय लिया था लेकिन राज सरकार ने ब्राह्मण समाज संयुक्त मोर्चा की मांग को मंजूर करते हुए पहले फर्जी आईएएस संतोष वर्मा को पद से हटाया उसके बाद बर्खास्त करने का प्रस्ताव केंद्रीय कार्मिक मंत्रालय दिल्ली भेज दिया प्रस्ताव भेजने के बाद प्रदेश के ब्राह्मण समाज एवं संगठन ने मध्य प्रदेश सरकार की कार्यवाही पर संतोष व्यक्त किया तथा आंदोलन को 10 दिन के लिए स्थगित कर दिया गया है।

# ऊर्जा हानियों का स्तर कम किया जाएः प्रबंध संचालक सिंघल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल


क्षितिज सिंघल

ऊर्जा हमारे जीवन की अनिवार्य आवश्यकता है। ऊर्जा ने विभिन्न रूपों में हमारी जीवन-शैली में महत्वपूर्ण स्थान बना लिया है। इन विभिन्न रूपों में बिजली ऊर्जा का वह प्रकार है जो सबको सुगमता से हर कहीं उपलब्ध और सुलभ है। यही कारण है कि ऊर्जा के विभिन्न स्त्रोतों को भी बिजली के रूप में बदलकर उसका उपयोग प्रकाश, यातायात, आवास, स्वास्थ्य, शिक्षा, उद्योग, कृषि जैसी मूलभूत आवश्कताओं के साथ मनोरंजन, दूरसंचार एवं पर्यटन जैसे सुख-साधन में भी किया जा रहा है।

यह संदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक क्षितिज सिंघल ने राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण सप्ताह (14 दिसंबर से 21 दिसंबर) के अंतर्गत उपभोक्ताओं को जागरूक करने के लिए जारी किया है। प्रबंध संचालक ने कहा कि वैश्वीकरण के दौर में हमारी जीवन-शैली में तेजी से बदलाव हो रहा है।

उदाहरण के रूप में जो काम हम दिन के उजाले में सरलता से कर सकते हैं उन्हें भी हम देर रात तक बिजली की व्यवस्था करके करते हैं। और तो और हम अपने कार्यालयों में बड़े-बड़े पर्दे लगाकर प्राकृतिक प्रकाश में काम करने के बजाए बिजली का उपयोग प्रकाश के लिए कर रहे हैं। सिंघल ने बताया है कि ऊर्जा बचत और ऊर्जा दक्षता के लाभों को ध्यान में रखते हुए राज्य शासन ने मध्यप्रदेश में ऊर्जा संरक्षण के विभिन्न उपाय लागू करने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

दिसंबर में जीएमसी ने पूरे किए 70 वर्ष

# जीएमसी के प्लेटिनम जुबली समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. यादव होंगे शामिल


पत्रकारवार्ता में जानकारी देते डॉ. गुरुदत्त तिवारी, डॉ. ललित श्रीवास्तव, डॉ. आईके चुघ।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी भोपाल का गांधी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) अपने 70 वर्ष पूरे करने उपलक्ष्य में 20 और 21 दिसंबर को प्लेटिनम जुबली समारोह आयोजित करने जा रहा है।

समारोह में जीएमसी से पढ़ाई कर चुके 1200 से ज्यादा डॉक्टर शामिल होंगे। शनिवार को एल्युमिनी संगठन के डॉ. गुरुदत्त तिवारी, डॉ. ललित श्रीवास्तव, डॉ. आईके चुघ ने पत्रकारवार्ता में बताया कि 20 दिसंबर समारोह का शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला, सांसद आलोक शर्मा द्वारा किया जाएगा। रंगारंग सास्कृतिक कार्यक्रम में जीएमसी के पूर्व चिकित्सक अपने साथियों से मुलाकात कर कॉलेज के दिनों की पुरानी यादों को ताजा करेंगे। समारोह में गायिका मालिनी अवस्थी एवं सुगंधा मिश्रा सांस्कृति कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगी। वहीं हास्य कलाकार सुनील पाल अपनी कामेडी से लोगों का गुदगुदाएंगे। समारोह लेक व्यू अशोका परिसर में आयोजित किया गया है।

# सहकारी बैंकों पर लागू कराधान की जानकारी देना किसानों की सेवा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अपेक्स बैंक के प्रबंध संचालक मनोज गुप्ता ने सहकारी बैंकों पर लागू कराधान पर एक दिवसीय कार्यशाला में कहा कि किसानों की सेवा करने का अवसर मिलना सौभाग्य की बात है। सेवा के लिए ज्ञान अर्जित करें और विशेषज्ञता प्राप्त करें। वे आज अपेक्स बैंक ट्रेनिंग कालेज, भोपाल में प्रतिभागियों को संबोधित कर रहे थे।

नाबार्ड के महाप्रबंधक सुरेश कुमार साहू, उप महाप्रबंधक नन्दू नायक, अपेक्स बैंक के प्राचार्य पीएस तिवारी, विकअ अरुण मिश्र, उप महाप्रबंधक केटी सज्जन, सहायक महाप्रबंधक अरविंद बौद्ध, विषय विशेषज्ञ अमूल राहंणेकर, चार्टड अकाउंटट उपस्थित थे। गुप्ता ने कहा कि हमारा प्रयास इस प्रशिक्षण संस्थान को देश में सर्वश्रेष्ठ बनाने का है। हमारा प्रयास बेहतर माहौल व आधुनिक सुविधाओं से परिपूर्ण वातावरण में गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण प्रदान करना है। नाबार्ड के महाप्रबंधक सुरेश कुमार साहू ने प्रदेश में अल्पकालीन सहकारी संरचना को सुदृढ़ीकरण बनाने के प्रयास करने पर जोर दिया। अपेक्स बैंक ट्रेनिंग कालेज के प्राचार्य तिवारी ने अवगत कराया कि प्रबंध संचालक अपेक्स बैंक के दूरदर्शी व सकारात्मक दृष्टिकोण व नाबार्ड के सहयोग से प्रशिक्षण की गुणवत्ता बेहतर व संख्या दुगनी होने में सफलता प्राप्त हुई है।




## स्थानीय खेल समाचार

एलएनसीटी में वेस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी वॉलीबॉल (पुरुष) प्रतियोगिता 2025-26

# लोकजागृति और मनिपाल यूनिवर्सिटी टॉप 4 में पहुंचीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



भारतीय विश्वविद्यालय संघ (एआईयू) के तत्वाधान में एलएनसीटी विश्वविद्यालय, भोपाल द्वारा एलएनसीटी यूनिवर्सिटी, कोलार रोड में आयोजित वेस्ट ज़ोन इंटर यूनिवर्सिटी वॉलीबॉल (पुरुष) प्रतियोगिता 2025-26 के पांच दिवसीय आयोजन के चौथे दिन रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। पूल 'ए' के क्वार्टर फाइनल मुकाबले में लोकजागृति यूनिवर्सिटी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एलएनआईपीई, ग्वालियर को 3-0 से पराजित कर टॉप 4 में प्रवेश किया। वहीं पूल 'बी' के क्वार्टर फाइनल मुकाबले में मनिपाल यूनिवर्सिटी ने आरटीएम, नागपुर को 3-1 से हराकर टॉप 4 में अपनी जगह सुनिश्चित की। इसके अलावा पूल 'सी' और 'डी' के अन्य मुकाबलों में भी कई रोमांचक मैच खेले गए, जिनमें, एचएनजीयु ने आरएनटीयु को 3-0 से, पारुल यूनिवर्सिटी ने एसपीयु पुणे को 3-2 से, निरमा यूनिवर्सिटी ने सीओईपी को 3-1 से, एसवीकेएम ने एसजीएस यूनिवर्सिटी को 3-0 से, पीडीयुस ने कड़ीसर्वा को 3-0 से, एम आई टी वर्ल्ड पीस यूनिवर्सिटी ने एलएनसीटी यूनिवर्सिटी को 3-0 से, एमजीएसयू ने पीपीएसयु को 3-0 से पराजित कर अगले दौर में प्रवेश किया। प्रतियोगिता में विभिन्न विश्वविद्यालयों के खिलाड़ियों द्वारा उत्कृष्ट खेल भावना, अनुशासन और प्रतिस्पर्धात्मक प्रदर्शन देखने को मिल रहा है।

एमएम जगदाले ट्रॉफी अंडर-15 बॉयज टूर्नामेंट

# भोपाल डिवीजन ने उज्जैन डिवीजन को हराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



एमपीसीए द्वारा आयोजित अंडर -15 बॉयज इंटर डिवीज़नल एम. एम.जगदाले ट्रॉफी, (तीन दिवसीय) मल्टी-डे, रीवा के महाराजा स्कूल में भोपाल डिविजन और उज्जैन डिविजन के बीच मैच खेला गया। भोपाल डिविजन 119.4 ओवर में 243 रन पर ऑल आउट हो गई, जिसमें पृथ्वीराज ने 98, ग्रंथ प्रजापति ने 36,धैर्य तिवारी और प्रखर सिंह ने 25 25 रन बनाए। उज्जैन डिविजन से वैदित्य राज ने 4, अनुग्रह काले ने 3 और युवराज ने 2 विकेट लिए। जवाब में उज्जैन डिविजन 69.4 ओवर में 150 रन पर ही सिमट गई, जिसमें महेंद्र मीणा ने 61, अनुग्रह काले ने 26 रन बनाए। भोपाल डिवीजन से देव कनौजिया, रुद्र तेंनगुरिया और वेद पाठक ने 3-3 विकेट लिए। इस तरह भोपाल डिवीजन ने 93 रन की बढ़त ली।भोपाल डिवीजन ने अपनी दूसरी पारी खेलते हुए 35 ओवर में 6 विकेट पर 140 रन बनाकर अपनी पारी घोषित की, जिसमें दीघ श्रीवास्तव ने 34, प्रखर सिंह ने 26 रन बनाए। केविन जोसेफ 25 रन पर नाबाद रहे। उज्जैन डिविजन से वैदित्य राज, आदि जैन और भविष्य योगी ने 2-2 विकेट लिए। इस तरह भोपाल डिवीजन ने उज्जैन डिविजन को 233 रनों का लक्ष्य दिया। उज्जैन डिविजन अपनी दूसरी पारी में लक्ष्य का पीछा करते हुए 50.3 ओवर में 111 रन ही बना सकी, जिसमें अनुग्रह काले ने 29 रन बनाए।

राधारमण आरजीपीवी स्टेट क्रिकेट टूर्नामेंट 2025-26

# क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में ग्वालियर और जबलपुर की जीत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राधारमण ग्रुप के खेल मैदान पर आयोजित राधारमण आरजीपीवी स्टेट क्रिकेट टूर्नामेंट 2025-26 के क्वार्टर फाइनल चरण में दो रोमांचक मुकाबले खेले गए, जिनमें ग्वालियर और जबलपुर टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। पहले क्वार्टर फाइनल मुकाबले में जबलपुर ने सागर को 8 विकेट से हराया। सागर की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 63 रन ही बना सकी। जवाब में जबलपुर ने मात्र 7.1 ओवर में लक्ष्य हासिल कर मुकाबला अपने नाम कर लिया। दूसरे क्वार्टर फाइनल मुकाबले में ग्वालियर ने उज्जैन को 74 रन से पराजित किया। ग्वालियर ने 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 164 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए उज्जैन की टीम 16.5 ओवर में 90 रन पर सिमट गई और 74 रन से यह मुकाबला हार गई। दोनों ही मुकाबले उच्च स्तरीय खेल, अनुशासन और प्रतिस्पर्धात्मक भावना के साथ संपन्न हुए। टूर्नामेंट में खिलाड़ियों का उत्साह और प्रदर्शन दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र बना रहा।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930